CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 05°C

लखनऊ, शनिवार 17 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 73 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




रुपये लेकर पट्टा करने वालों पर गिरेगी गाज : योगी पेज 2



आईसीसी का प्रतिनिधिमंडल करेगा बांग्लादेश का दौरा! खेल टाइम्स




दुनिया के लिए ईरान का एयरस्पेस इतना जरूरी क्यों सम्पादकीय



मचाडो ने अपना नोबेल ट्रम्प को भेंट किया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी बोर्ड में कक्षा 9 और 11 में व्यावसायिक शिक्षा अनिवार्य

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विद्यालयी शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। परिषद ने शैक्षिक सत्र 2026 से कक्षा 9 और कक्षा 11 में व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य किए जाने की महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत आईटी, आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स, एपेरल और ब्यूटी एंड वेलनेस विषयों के व्यावसायिक पाठ्यक्रम को विषय समितियों द्वारा अनुमोदित कर परिषद के सचिव भगवती सिंह को सौंप दिया गया है। इस बाबत अधिकारियों का कहना है कि इन ट्रेड्स के अंतर्गत जॉब रोल आधारित पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए कई चरणों में बैठकों का आयोजन किया गया। यह कार्य परिषद के अपर सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में तथा उप-सचिव डा. आनंद कुमार त्रिपाठी के संयोजन में सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

### दिल्ली के उपेक्षित धरोहर स्थलों के रखरखाव की निगरानी पर विचार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वैधानिक अधिकारियों द्वारा लंबे समय से की जा रही उपेक्षा के मद्देनजर शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में धरोहर और पुरातात्विक स्थलों के रखरखाव और संरक्षण की निगरानी करने की इच्छा जाहिर की। यह टिप्पणी लोधी काल के शेख अली 'गुमटी' पर अवैध अतिक्रमण से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान की गई, जो लगभग 500 साल पुराना पुरातात्विक महत्व का मकबरा है। गुमटी पर डिफेंस कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन (डीसीडब्ल्यूए) ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था, जबकि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने इस स्थल पर एक अनाधिकृत कार्यालय और पार्किंग सुविधा का संचालन किया था।

### राष्ट्रमंडल देश शांतिप्रिय, बम की भाषा नहीं समझते : सर लिंडसे होयल

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के अध्यक्ष सर लिंडसे होयल ने कहा है कि पूरी दुनिया में जगह-जगह टकराव देखने को मिल रहे हैं, लेकिन राष्ट्रमंडल के सदस्य देश शांतिप्रिय हैं और वे बम की भाषा नहीं समझते। सर लिंडसे होयल ने शुक्रवार को यहां संसद भवन परिसर स्थित संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) के समापन सत्र में 29वें सम्मेलन की अध्यक्षता स्वीकार करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में अनेक देश लड़ते झगड़ते रहते हैं लेकिन राष्ट्रमंडल देश शांतिप्रिय हैं और इस समूह के लोग बम की भाषा नहीं जानते हैं।

### रुपये में 45 पैसे की बड़ी गिरावट

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को 44.75 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.7875 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा में यह लगातार तीसरी गिरावट है।

## ईरान-इजरायल जैसे देशों में लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी

# पश्चिम एशिया में तनाव, हालात पर भारत की पैनी नजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और जोखिमों को देखते हुए भारत ने ईरान के बाद अब इजरायल में रहने वाले अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी कर दी है।

इजरायल में बढ़ते तनाव और ईरान में प्रदर्शन के बीच भारत ने नागरिकों से सतर्क रहने, सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और गैर-जरूरी यात्रा से बचने की चेतावनी दी है। सरकार ने इमरजेंसी की स्थिति में तुरंत संपर्क के लिए हेल्पलाइन नंबर भी साझा किया है। विदेश मंत्रालय की ओर से दी गई इस एडवाइजरी में कहा गया है कि इजरायल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और इजरायली अधिकारियों तथा होम फ्रंट कमांड द्वारा जारी किए गए सुरक्षा दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की जरूरत है। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एडवाइजरी में इमरजेंसी की स्थिति में भारत के एंबेसी की 24 x 7 हेल्पलाइन से संपर्क करने का नंबर भी दिया गया है। यह चेतावनी तब जारी की गई है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है। इजरायल और ईरान के बीच राजनीतिक और सैन्य तनाव की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। बता दें कि ईरान में व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं और अमेरिका ने देश में सैन्य कार्रवाई के विकल्प को पूरी तरह से खारिज नहीं किया है। वहीं ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका हमला करता है, तो उनके क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य अड्डे वैध निशाने होंगे। इस तनाव के बीच तेल अवीव और इजरायल के दक्षिणी व मध्य इलाकों में कई जगह सार्वजनिक शरण स्थलों को खोलने के आदेश दिए गए हैं। एक तरफ जहां इजरायल को लेकर भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी की है।



■ भारत ने ईरान के बाद अब इजरायल में रहने वाले अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी की जारी

### ईरान में करीब 9,000 भारतीय नागरिक फंसे, अधिकांश छात्र

**नई दिल्ली।** ईरान में बिगड़ते हालात के बीच भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि वर्तमान में ईरान में लगभग 9,000 भारतीय नागरिक रह रहे हैं, जिनमें अधिकांश छात्र हैं। उन्होंने बताया कि हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए भारत सरकार ने दो-तीन एडवाइजरी जारी की हैं। इन एडवाइजरी के माध्यम से भारत में रह रहे नागरिकों को फिलहाल ईरान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। वहीं, ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे उपलब्ध साधनों का उपयोग कर सुरक्षित रूप से देश छोड़ने की कोशिश करें।

### 'इंडिगो संकट' से प्रभावित यात्रियों को मुआवजे पर नजर रख रहा डीजीसीए

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) 'इंडिगो संकट' के दौरान तीन से पांच दिसम्बर के बीच प्रभावित यात्रियों को मिलने वाले रिफंड और मुआवजे की निगरानी कर रहा है। डीजीसीए ने शुक्रवार को बताया कि इंडिगो ने इन तीन दिनों के दौरान रद्द उड़ानों के लिए सभी यात्रियों को जिस खाते से भुगतान हुआ है, उसी खाते में पैसा वापस करने की जानकारी दी है। इसके अलावा, जो उड़ानें तय समय से 24 घंटे या उससे भी कम समय रहते रद्द की गई थी। उनके यात्री मुआवजे के हकदार हैं।

# जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज

## सुप्रीम कोर्ट में संसदीय जांच समिति के गठन को दी थी न्यायमूर्ति वर्मा ने चुनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की ओर से दायर उस रिट याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत जांच समिति गठित करने के लोकसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती दी थी। यह निर्णय न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सुनाया।

उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर कथित तौर पर बेहिसाब नकदी मिलने के बाद उनके खिलाफ शुरू किए गए महाभियोग प्रस्ताव के संबंध में यह समिति गठित की गई थी। न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और लोकसभा सचिवालय का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद आठ जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। न्यायमूर्ति वर्मा ने जांच समिति के गठन को इस आधार पर चुनौती दी थी कि महाभियोग नोटिस लोकसभा और राज्यसभा दोनों में एक ही दिन (21 जुलाई) पेश किए गए थे, फिर भी लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा सभापति के निर्णय की प्रतीक्षा किए बिना या अनिवार्य संयुक्त परामर्श किए बिना एकतरफा रूप से समिति का गठन कर दिया।





न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर कथित तौर पर बेहिसाब नकदी मिलने का मामला

### पूर्व एसआईबी चीफ को लंबे समय तक कैद में रखने पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के बहुचर्चित फोन टैपिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य सरकार से सख्त लहजे में सवाल किया कि क्या वह पूर्व एसआईबी प्रमुख टी. प्रभाकर राव को तब तक जेल में रखना चाहती है, जब तक वह पूरी तरह टूट न जाएं। यह टिप्पणी उस समय आई, जब न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और आर. महादेवन की पीठ प्रभाकर राव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई की शुरुआत में अदालत ने संकेत दिया कि वह प्रभाकर राव को दी गई अंतरिम राहत को स्थायी कर सकती है। हालांकि, तेलंगाना सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इस मामले में कानूनी सवाल गंभीर हैं, खासकर यह कि विदेश में रह रहे और भगोड़ा घोषित व्यक्ति को अग्रिम जमानत मिल सकती है या नहीं। इस पर पीठ ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें ऐसा लग रहा है कि आप उन्हें तब तक जेल में रखना चाहते हैं, जब तक वह टूट न जाएं। हम अपने आदेश का ऐसा इस्तेमाल नहीं होने देंगे।

# पुलवामा में तापमान -4.6 डिग्री

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में गुरुवार की रात इस सीजन की सबसे ठंडी रही। यहां का तापमान -4.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, हरियाणा के हिसार में सर्दी से पिछले दो साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां का तापमान 0.2 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से 24 घंटे में पूरे यूपी में 8 हादसे हुए। इन हादसों में 24 गाड़ियां टकराईं। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई, वहीं 40 लोग हायल हो गए।

पंजाब के जालंधर में कोहरे के चलते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शुक्रवार का दौरा रद्द हो गया है। उनकी फ्लाइट अमृतसर से टेकऑफ नहीं कर सकी। उन्हें जालंधर एनआईटी में दीक्षांत समारोह में शामिल होना था। उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। उत्तरकाशी में गंगोत्री नेशनल पार्क, भागीरथी नदी और जाड गंगा झरना जम चुका है। उत्तराखंड में शुक्रवार से 21 जनवरी तक मौसम बदलने वाला है। वहीं, हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में सर्दी को देखते शुक्रवार को फिर से स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। हरियाणा में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ 16 जनवरी और 19 जनवरी रात को आने की संभावना से मौसम में बदलाव हो सकता है। पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर से बनने वाली एक गैर-मानसूनी गर्म हवा है, जो पश्चिम से पूर्व की ओर चलती है। सर्दियों में यह उत्तर भारत, पाकिस्तान और हिमालयी इलाकों में अचानक बारिश, बर्फबारी और कोहरा लेकर आती है।

■ कोहरे के चलते यूपी में 24 गाड़ियां टकराईं, एक की मौत, 40 घायल
■ पंजाब में राष्ट्रपति मुर्मू का दौरा रद्द

### दिल्ली में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी, गुरुग्राम में भीषण ठंड, न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने से पिछले चार दिनों से भीषण शीत लहर का सामना कर रहे लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन समीपवर्ती गुरूग्राम में न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में जैसे-जैसे दिन बढ़ा, तेज धूप से आसमान साफ हो गया, जिससे दृश्यता बेहतर हुई और ठंड कम हुई। दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो पिछले 24 घंटों में लगभग 1.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सुबह धुंध रही, हालांकि धीरे-धीरे कोहरा छंटने से दृश्यता में सुधार हुआ और सुबह 8:30 बजे तक दृश्यता लगभग 800 मीटर हो गई थी। सुबह छह बजे यहां के पालम में दृश्यता 800 मीटर थी, जो सुबह 7:30 बजे तक घटकर 150 मीटर पर आ गई, जिससे यह 'हल्के' से 'बहुत घने' कोहरे में बदल गया। आठ बजे इसमें थोड़ा सुधार हुआ।

# भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव का कार्यक्रम किया जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से संबंधित कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा की। पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी डा. के. लक्ष्मण ने 'संगठन पर्व' के तहत यह अधिसूचना जारी की।

इसके अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया 19 जनवरी को आयोजित की जाएगी। डा. लक्ष्मण ने बताया कि 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। उसी दिन शाम 4 बजे से 5 बजे तक दाखिल नामांकनों की जांच और परीक्षण की जाएगी।

■ नामांकन प्रक्रिया 19 जनवरी को आयोजित की जाएगी

# घटिया बीज बेचने के दोषियों पर 30 लाख का जुर्माना व जेल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित नए बीज कानून में घटिया बीज बेचने के दोषियों पर 30 लाख का जुर्माना और तीन साल तक की जेल की सजा का भी प्रावधान है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि नया 'बीज अधिनियम 2026' भारतीय कृषि क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार का कदम है। उन्होंने कहा कि यह कानून नकली बीजों की समस्या को जड़ से खत्म करने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और बाजार में पारदर्शिता लाने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक किसानों की सुरक्षा, बीज की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक कदम है। श्री चौहान ने बताया कि अब देश में बीजों के लिए 'ट्रेसिबिलिटी' या पूरी जानकारी वाली व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके तहत एक क्यूआर कोड भी होगा, जिसे स्कैन करते ही किसान को पता चल जाएगा कि बीज कहां उत्पादित हुआ, किस डीलर ने दिया और उसे किसने बेचा। इस सिस्टम से घटिया या नकली बीज की पहचान तुरंत हो जाएगी और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई संभव होगी। उन्होंने कहा कि खराब बीज आएंगे ही नहीं और अगर आएंगे तो पकड़े जाएंगे। जिसने खराब बीज दिया, उसे दंड दिया जाएगा। इससे किसानों को भ्रमित करने वाली कंपनियों और डीलरों की मनमानी पर लगाम लगेगी।

■ नया 'बीज अधिनियम 2026' भारतीय कृषि क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार का कदम: शिवराज सिंह

## महाराष्ट्र नगर निगम रिजल्ट

# 29 में से 23 निगमों में भाजपा गठबंधन आगे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा गठबंधन एकतरफा जीत की ओर है। रुझानों में 29 नगर निगमों में से 23 में भाजपा गठबंधन को बढ़त है। मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 118 सीटों पर आगे चल रहा है। इसके अलावा नागपुर, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, पिंपरी चिंचवाड और नासिक में भी भाजपा गठबंधन को बढ़त है।

लातूर में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। 70 में से 43 सीटें जीतीं। चंद्रपुर में भी कांग्रेस लीड कर रही है। परभणी नगर निगम में शिवसेना (उद्धव) को बढ़त है। वसई विरार में बहुजन विकास अगाड़ी (वीबीए) और मालेगांव में शिवसेना (शिंदे) आगे चल रही है। शुक्रवार को नगर निगम चुनाव की सुबह 10 बजे से काउंटिंग जारी है। राज्य में निगम चुनाव के लिए 15 जनवरी को वोटिंग हुई थी। 893 वार्डों में कुल 15,931 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगर निगम की कुल 2869 सीटें हैं। इनमें से 68 उम्मीदवार निर्विरोध जीत हासिल कर चुके हैं। मुंबई में पहली बार बीजेपी का मेयर बन सकता है, चार साल से चुनाव न होने से पद खाली है, 30 साल से शिवसेना का कब्जा था।

■ मुंबई- नागपुर- पुणे में बढ़त, लातूर में कांग्रेस ने 70 में से 43 सीटें जीतीं

# भारतीय सर्वरों पर भारतीय तैयार करें स्वदेशी एआई: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भविष्य में किसी देश को आगे रखने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में क्रांति जरूरी होगी और इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि स्वदेशी एआई भारतीयों द्वारा भारतीय सर्वरों पर ही तैयार हो।

श्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया मिशन के 10 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि पिछले 10 साल में देश में एक ऐसा वातावरण तैयार हुआ है, जो नवाचार को बढ़ावा देता है। सरकार ने विश्वास और पारदर्शिता का माहौल बनाया है। जन विश्वास कानून बनाया है। स्टार्टअप के लिए कई कानूनों में स्व-प्रमाणन की सुविधा दी गई है, ताकि स्टार्टअप का समय मुकदमेबाजी में बर्बाद न हो। इससे पहले श्री मोदी ने कुछ स्टार्टअप कंपनियों के स्टॉल पर जाकर उनके द्वारा किए जा रहे काम के बारे में जाना। इसके बाद कुछ स्टार्टअप ने मंच से अपनी यात्रा और स्टार्टअप इंडिया मिशन से मिले लाभ के बारे में बताया। श्री मोदी ने कहा कि आज का अनुसंधान ही कल की बौद्धिक संपदा बनती है, जो देश एआई की क्रांति में जितना आगे होगा वह उतनी ही लाभ की स्थिति में होगा। कार्यक्रम में मौजूद स्टार्टअप का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि यह काम आपको करना होगा। इंडिया एआई मिशन के जरिए 38 हजार से अधिक जीपीयू को ऑनबोर्ड किया है।



■ भविष्य में किसी देश को आगे रखने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में क्रांति जरूरी होगी: प्रधानमंत्री

### भारतीय युवा स्टार्टअप्स में नए रिकॉर्ड बना रहे हैं: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर देश के स्टार्टअप समुदाय को बधाई दी और कहा कि भारतीय युवा स्टार्टअप्स में नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह दिन भारतीयों, खासकर युवाओं के 'साहस, नवाचार की भावना और उद्यमशीलता के जोश' का जश्न मनाने का दिन है। उन्होंने युवाओं को वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की तरक्की का श्रेय दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने पक्के इरादे और लगन से हमारे युवा दोस्त स्टार्टअप की दुनिया में लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। उनका जोश और जुनून विकसित भारत के सपने को साकार करने में सबसे बड़ी ताकत बनेगा। उन्होंने लगन के महत्व को बताते हुए एक संस्कृत श्लोक भी उद्धृत किया, जिसमें कहा गया है कि लगातार कोशिशों से सबसे मुश्किल काम भी पूरे किए जा सकते हैं, जैसे पानी की लगातार बूंदें समय के साथ चट्टान को भी घिस देती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बारामूला में सैन्य इकाई में मिले मोर्टार बम को निष्क्रिय किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जलि में शुक्रवार को एक सैन्य इकाई में मिले 51 एमएम के जदि मोर्टार बम को बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया। पुलिस ने यह जानक. ारी दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस स्टेशन बोनियार को भारतीय सेना की एक इकाई से रामपुर बोनियार में उनकी इकाई में खुदाई के दौरान एक 51 एमएम का जिंदा मोर्टार बम मिलने की जानकारी फोन पर दी गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर सभी जरूरी सुरक्षा उपाय किए हैं। पुलिस ने कहा कि जिंदा मोर्टार बम को सेना के बम निरोधक एवं खोज दल (बीडीडीएस) टीम ने स्टेशन हाउस ऑफिसर बोनियार की मौजूदगी में सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया।

### अयोध्या में सरयू में नौकाविहार होगा और रोचक

**लखनऊ/अयोध्या।** अयोध्या में बढ़ती पर्यटक और श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सरयू नदी में नौकाविहार को अधिक रोचक और सुरक्षित बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब सरयू में नौकाविहार के दौरान नाविक यात्रियों को अयोध्या के प्राचीन स्थलों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी कहानियां भी सुनाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग ने अयोध्या में 15 से 17 जनवरी तक नाविकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है। यह प्रशिक्षण अयोध्या के होटल साकेत में दिया जा रहा है, जिसमें 55 नाविकों को डिजिटल भुगतान, स्टोरीटेलिंग, आपदा प्रबंधन और आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं।

# पुलिसकर्मियों के बिना अनुमति पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो




स्थानांतरण से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब रोकने और प्रक्रिया को व्यवस्थित के लिए कड़े निर्देश जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब रोकने और प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं।

पुलिस महानिदेशक कार्यालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि स्थानांतरण के संबंध में कुछ पुलिसकर्मी बिना अनुमति मुख्यालय में उपस्थित हो रहे हैं, जबकि कई प्रकरणों में अद्यतन सेवा विवरण संलग्न न होने के कारण निर्णय लेने में देरी हो रही है। मुख्यालय ने सभी संबंधित विभागाध्यक्षों, जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्तों, परिक्षेत्रीय पुलिस महा. निरीक्षकों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों/पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि तबादला संबंधी प्रस्ताव भेजते समय पूर्ण सेवा विवरण अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाए। इसके अभाव में स्थानांतरण पर निर्णय लेने में विलंब को लेकर मुख्यालय ने नाराजगी भी जताई है। मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि वर्ष 2019 के बाद भर्ती हुए उपनिरीक्षक और आरक्षियों को सामान्य मामलों में मुख्यालय में उपस्थिति की अनुम. ति न दी जाए। इसके साथ ही ऐसे कर्मियों के सामान्य प्रकरणों को मुख्यालय को संदर्भित करने से भी बचने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2019 के बाद भर्ती ऐसे उपनिरीक्षक/आरक्षी जिनमें पति-पत्नी दोनों यूपी पुलिस में कार्यरत हों, उनके स्थानांतरण संबंधी मामलों पर सहानुभूति के आधार पर विचार किया जा सकता है। हालांकि कपल केस के प्रकरणों में दोनों कर्मियों के पुलिस परिचय पत्र की पठनीय छायाप्रति अनिवार्य रूप से लगाई जाएगी। मुख्यालय ने शासनादेश एवं विभागीय स्थानांतरण नीति का हवाला देते हुए दोहराया कि निरीक्षक/उपनिरीक्षक को उनके गृह परिक्षेत्र, गृह जनपद अथवा सीमावर्ती जनपद में नियुक्त नहीं किया जाएगा।

इसी प्रकार मुख्य आरक्षी व आरक्षी को भी गृह जनपद या सीमावर्ती जनपद में तैनाती नहीं दी जाएगी। मुख्यालय ने निर्देश दिया कि यदि कोई पुलिसकर्मी यूपी-112, यातायात व्यवस्था, महाकुंभ सुरक्षा, माननीयों की सुरक्षा या न्यायालय सुरक्षा में तैनात है, तो उसका स्पष्ट उल्लेख सेवा विवरण में किया जाए। वहीं प्रशासनिक/जनहित में हुए स्थानांतरण में आदेश संख्या एवं दिनांक भी जोड़ा जाए।

# यूपी को फूड प्रोसेसिंग हब बनाएंगे:मौर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



युवाओं, उद्यमियों और निवेशकों से आह्वान किया

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश का खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) हब बनाना है। उन्होंने युवाओं, उद्यमियों और निवेशकों से आह्वान किया कि वे इंडिया फूड एक्सपो-2026 जैसे आयोजनों का अधिकतम लाभ उठाएं। उप मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोमतीनगर स्थित रिगेलिया ग्रीन्स (1090 चौराहा के निकट) में आयोजित तीन दिवसीय इंडिया फूड एक्सपो एवं सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और स्टॉलों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर इंडस्ट्रियल डायरेक्ट्री का विमा. ेचन भी किया गया। सेमिनार में पीएमएफएमई योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले डीआरपी, बैंकर्स, उद्यमियों और लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। वहीं पांच उद्यमियों को एलओसी व सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक भी दिए गए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की खाद्य प्रसंस्करण नीति देश की सबसे अच्छी नीति है और विकसित भारत के प्रधानमंत्री के विजन को हर हाल में पूरा करने के लिए सभी को संकल्पबद्ध होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है। उत्पादन, तकनीक, ब्रांडिंग और उपभोक्ताओं से जुड़े प्रयासों के जरिए किसानों की आय बढ़ानी है। मौर्य ने बताया कि प्रदेश की कानून व्यवस्था मजबूत है और औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल माहौल है। खाद्य प्रसंस्करण नीति में महिलाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए विशेष सुविधाएं दी गई हैं। महिलाओं द्वारा उद्यम लगाने पर सोलर ऊर्जा से जोड़ने पर 90 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि किसानों की फसल किसी भी दशा में बर्बाद नहीं होने देनी है। किसान-उद्यमी-उपभोक्ता की एक मजबूत श्रृंखला बनाकर स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता और विपणन बढ़ाना होगा।

# वाराणसी सौंदर्यीकरण पर भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

सौंदर्यीकरण को बताया ध्वस्तीकरण

कांग्रेस ने वाराणसी में चल रहे सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण अभियान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि सौंदर्यीकरण के नाम पर उन्होंने घाट को पूरी तरह से तबाह कर दिया है। दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पूरी दुनिया में मणिकर्णिका घाट का बहुत महत्व है।

हिंदू समाज के लोगों की जब मृत्यु होती है, तो उनकी अंतिम इच्छा होती है कि उनका शरीर मणिकर्णिका घाट पर जलाया जाए, विदेश में भी रहने वाले लोग चाहते हैं कि उनके पार्थिव शरीर का दाह संस्कार मणिकर्णिका घाट पर किया जाए। राय ने कहा जिस मणिकर्णिका घाट का जीर्णोद्धार लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी द्वारा कराया गया, भाजपा सरकार ने उनकी मूर्तियों को, महादेव के शिवलिग के साथ माता पार्वती की मणि को भी तोड़ दिया है। हर साल मणिकर्णिका घाट पर 'पंचकोशी यात्रा' होती है, जिसमें करोड़ों लोग शामिल होते हैं और संकल्प लेते हैं। राय ने मणिकर्णिका घाट पर चल रहे सौंदर्यीकरण पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि हमारी मांग है कि मणिकर्णिका घाट पर जारी कार्रवाई को तत्काल रोका जाए, काशी के धर्माचार्य से बात. चीत कर आगे का काम किया जाए, दालमंडी को बर्बाद करने का काम रोका जाए और उसके पुनर्वास की पूरी व्यवस्था की जाए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बनारस में ऐसे गलत काम होने नहीं देगी। हम लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं और डटकर इस सरकार का मुकाबला करेंगे।

## महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में सीएम ने दी चेतावनी

# रुपये लेकर पट्टा करने वालों पर गिरेगी गाज

शाह टाइम्स ब्यूरो



मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में भूमि पट्टा आवंटन से जुड़ी कतिपय शिकायतों पर अधिकारियों को सचेत किया

स्टार्टअप इंडिया पहल के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन में भूमि पट्टा आवंटन से जुड़ी कतिपय शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस भी गांव में रुपया लेकर पट्टा आवंटन की शिकायत हो, वहां तत्काल जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में शुक्रवार सुबह आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद चलकर गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में एक महिला ने गांव में गरीबों के जमीन पट्टा आवंटन में अनियमितता की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि जहां भी रुपया लेकर जमीन पट्टा दिया गया हो, वहां संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। अपराध से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इसी क्रम में एक महिला ने आर्थिक तंगी को लेकर बिटिया की शादी की चिता व्यक्त की, तो योगी ने अधिकारियों से कहा कि बिटिया का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कराने की व्यवस्था करें। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से योगी ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अफसरों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। एस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। वहीं योगी आदित्यनाथ ने 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू हुई यह पहल युवाओं में उद्यमिता और नवाचार की भावना को सशक्त कर भारत को इनोवेशन ड्रिवन इकोनॉमी की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रही है।

### महिला उत्पीड़न के मामले में अपर्णा यादव का मेडिकल कॉलेज जाना उचित: आयोग

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबिता सिंह ने केजीएमयू में अपर्णा यादव और कुलपति के विवाद को लेकर कहा कि महिला आयोग की उपाध्यक्ष का किसी भी महिला उत्पीड़न मामले में जाना उचित है। डा. बबिता सिंह ने शुक्रवार को अमेठी में पत्रकारों से बातचीत में महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव का समर्थन करते हुए कहा कि यदि अपर्णा यादव वहां गई थी, तो वहां किसी जिम्मेदार को अपर्णा यादव से मिलना चाहिए था।महिला आयोग कहीं भी जा सकता है। इसमें उन्होंने कोई गलत नहीं किया। रही बात गलती कि तो वहां किसी की गलती नहीं है। वहां धर्मान्तरण का मुद्दा है।यदि किसी प्रतिष्ठित संस्थान में इस तरह का काम हो रहा है, तो यह बहुत ही गलत है। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।



सेंसेक्स 83570.35
निफ्टी 25694.35



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# आईटी, बैंकिंग शेयरों में उछाल से बढ़त में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता



आईटी और बैंकिंग शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी देखी गई, जबकि वृदह बाजार में गिरावट का रुख रहा। बीएसई का संसेक्स आज करीब 288 अंक की बढ़त में खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। एक समय यह 752 अंक ऊपर पहुंच गया था।

अंत में 187.64 अंक की तेजी के साथ 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। अच्छे तिमाही परिणामों के दम पर इंफोसिस का शेयर साढ़े पांच फीसदी और टेक महिंद्रा का पांच फीसदी से ज्यादा चढ़ा, जिससे प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद होने में कामयाब रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 28.75 अंक चढ़कर 25,694.35 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों के सूचकांक हरे निशान में और छोटी कंपनियों के लाल निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.54 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। आईटी कंपनियों में जबरदस्त लिवाली से निफ्टी आईटी सूचकांक 3.34 फीसदी ऊपर रहा। बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में भी तेजी रही। फार्मा, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु, ऑटो और एफएमसीजी सेक्टर लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस और टेक महिंद्रा के बाद एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर करीब दो प्रतिशत चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक में सवा फीसदी से अधिक तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और टीसीएस के शेयर भी बढ़त में रहे। इटरनल में करीब चार प्रतिशत की गिरावट रही। एशियन पेंट्स का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटा। बीईएल, सनफार्मा, मारुति सुजुकी और आईटीसी के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच फिसल गए। एनटीपीसी, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, आईसी आईसीआई बैंक, पावरग्रिड, भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

# वाणिज्यिक सहयोग बढ़ाएंगी एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने सिगापुर एयरलाइंस के साथ वाणिज्यिक सहयोग बढ़ाने के लिए शुक्रवार को एक फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस फ्रेमवर्क समझौते में सहयोग बढ़ाने संबंधी मोटी-मोटी बातें तय की गई हैं तथा अंतिम समझौता बाद में किया जाएगा। सिगापुर एयरलाइंस की एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एयर इंडिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह समझौता दोनों एयरलाइंस के लिए निर्णायक संयुक्त व्यावसायिक समझौतों के माध्यम से लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और गहरा करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन और सिगापुर एयरलाइंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोह चून फोंग ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। नियामक मंजूरियों और अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद दोनों एयरलाइंस का फोकस उत्पाद और सेवा पेशकशों का विस्तार पर होगा ताकि यात्रियों को निर्बाध संपर्क और अधिक विकल्प उपलब्ध हो सकें। ग्राहक दोनों एयरलाइंस की उड़ानों में एक ही एकीकृत यात्रा के अंतर्गत बुकिग करा सकेंगे। इस समझौते के तहत एयर इंडिया और सिगापुर एयरलाइंस उड़ानों के समय में अधिक समन्वय अधिक समन्वय के विकल्प भी तलाशेंगी। कॉर्पोरेट यात्रियों के लिए दोनों एयरलाइंस अधिक पारस्परिक भागीदारी भी कर सकती हैं।

# चांदी में नरमी, कीमतों में आई 4000 रुपये की गिरावट, सोना भी टूटा

नई दिल्ली, वार्ता



चांदी के वायदा भाव में पांच दिनों की रिकॉर्ड तोड़ तेजी समाप्त हो गई। शुक्रवार को इसमें 4,027 रुपए की गिरावट आई और यह 2,87,550 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गया। वहीं सोने की कीमतें गिरकर 1,42,601 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, क्योंकि निवेशकों ने कमजोर वैश्विक रुझानों और मजबूत अमेरिकी डॉलर के मद्देनजर मुनाफावसूली की।

महाराष्ट्र में नगर निगम चुनावों के कारण गुरुवार को सुबह के सत्र में एमसीएक्स पर कमोडिटी का कारोबार बंद रहा और बाद में शाम के सत्र में कारोबार फिर से शुरू हुआ। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च डिलीवरी के लिए चांदी के वायदा भाव में 4,027 रुपए या 1.38 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 9,890 लाट के कारोबार में 2,87,550 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को सफेद धातु ने 2,92,960 रुपए प्रति किलोग्राम का सर्वकालिक उच्च स्तर छुआ था। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव में भी व्यापारियों द्वारा मुनाफावसूली देखी गई। फरवरी अनुबंध के लिए पीले कीमती धातु का भाव 520 रुपए या 0.36 प्रतिशत गिरकर 14,194 लाट में 1,42,601 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलांत्री ने कहा कि शुक्रवार को सोने और चांदी में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। उम्मीद से कमजोर अमेरिकी साप्ताहिक बेरोजगारी दावों ने अमेरिकी डॉलर को मजबूत किया। वहीं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान पर नरम रुख ने कीमती धातुओं की सुरक्षित निवेश के रूप में मांग को कम कर दिया। कलांत्री ने आगे कहा कि हालिया अमेरिकीमैक्रोइकानामिक आंकड़ों ने साल की पहली छमाही में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को स्थिर रखा है। इससे डॉलर सूचकांक कई हफ्तों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और बुलियन की कीमतों के लिए निकट भविष्य में प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा हो गई हैं।

# दिल्ली, मुंबई, चेन्नई व पुणे में स्थापित होंगे 200 स्वचालित मौसम स्टेशन

**नई दिल्ली।** पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने चार प्रमुख महानगरों में 200 स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस) स्थापित करने की घोषणा की है।

सिंह मौसम विभाग के 151वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि घनी आबादी वाले दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और पुणे शहरों में मौसम की भविष्यवाणी में सुधार करने और आपदा तैयारी को मजबूत करने के लिए इस साल 50-50 एडब्ल्यूएस स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मौसम निगरानी स्टेशनों का यह नेटवर्क सटीक और बेहतर डेटा प्रदान करेगा, जिससे अचानक होने वाली भारी बारिश, गरज के साथ तूफान, अत्यधिक गर्मी की घटनाओं और तेजी से होने वाले अन्य बदलावों की अधिक सटीक भविष्यवाणी की जा सकेगी। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि डेटा-आधारित पूर्वानुमान का प्रभाव केवल आपदा जोखिम को कम करने तक सीमित नहीं है, यह कृषि, विमानन और शहरी नियोजन सहित मौसम के डेटा से प्रभावित होने वाले विभिन्न क्षेत्रों में निर्णय लेने की क्षमता को भी मजबूत बनाता है। इस कार्यक्रम में 'मिशन मौसम' के तहत 'कल्प' और 'संकल्प' नामक दो ऑनलाइन पोर्टल भी लॉन्च किए गए। यह प्रोजेक्ट पिछले साल भारतीय किसानों को फसल प्रबंधन में सहायता करने के लिए शुरू किया गया था। मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार 'कल्प' एक कृषि सलाह उपलब्ध कराने वाला पोर्टल है, जो स्थानीय मौसम के आधार पर सूचनाएं प्रदान करता है। इससे फसल के प्रकार और उनके विकास के चरण के अनुसार किसानों के पास सूचनाएं उपलब्ध होती हैं। यह पोर्टल स्वचालित रूप से किसान की स्थिति के अनुसार तापमान, आर्द्रता, वर्षा, बादलों की स्थिति, हवा की गति, दिशा आदि के आधार पर पांच दिनों का मौसम पूर्वानुमान प्रदान करता है। किसान पंचायत स्तर पर भी स्थिति को दर्ज कर सकते हैं। यह पोर्टल फसली मौसम से जुड़े रोग और उनके जोखिमों पर मार्गदर्शन प्रदान करता है तथा संक्रमण को रो. कने के लिए उपयुक्त कीटनाशकों की सिफारिशें भी करता है। अधिकारियों ने बताया कि ये सलाह हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी की जाती हैं। गौरतलब है कि पूर्व पृथ्वी विज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन ने कृषि सलाह के लिए इस तरह के एक ऐप 'मेघदूत' का उद्घाटन किया था, जो 150 जिलों के किसानों को स्थानीय भाषाओं में स्थान, फसल और पशुधन-विशिष्ट मौसम आधारित कृषि सलाह प्रदान करता है।

# मेट्रो मैन श्रीधरन मिले रेल मंत्री वैष्णव से, केरल की रेल परियोजनाओं पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत के मेट्रो मैन नाम से प्रसिद्ध और पद्म विभूषण से सम्मानित डा. ई. श्रीधरन ने शुक्रवार को यहां रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और केरल में रेल नेटवर्क की मजबूती तथा विस्तार के बारे में चर्चा की। वैष्णव ने डा. श्रीधरन के साथ अपनी मुलाकात की फोटो के साथ सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रेल संपर्क को मजबूत करने पर चर्चा हुई। कर्नाटक और केरल के बीच नीलंबापुर-नंजनगुड नई लाइन प्रोजेक्ट पर विस्तार से चर्चा की गई। डा. श्रीधरन ने केरल में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर और संपर्क को बेहतर बनाने के लिए कई सुझाव दिए। गौरतलब है कि दिल्ली मेट्रो का कार्य सिविल इंजीनियर डॉ. ई श्रीधरन और उनकी टीम ने शुरू किया था। दिल्ली मेट्रो से पहले उन्होंने कोंकण रेलवे जैसी रेलवे इंजीनियरिग की मिशाल मानी जाने वाली कई प्रमुख परियोजनाओं को सफलता पूर्वक क्रियान्वित करने में नेतृत्वकारी भूमिका निभाई थी।

# अब पालक में नहीं जाएगा 'जहर'

शाह टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ विश्वविद्यालय की नई तकनीक से आर्सेनिक पर कसेगी लगाम

**लखनऊ।** देश के हजारों किसान आज भी ऐसी जमीन पर खेती करने को मजबूर हैं, जहां मिट्टी और पानी में आर्सेनिक जैसा खतरनाक जहर घुल चुका है। स्थिति इसलिए भी तब गंभीर हो जाती हैं, जब पालक जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां आर्सेनिक को तेजी से अपने भीतर जमा कर लेती हैं।

विशेषज्ञ मानते हैं कि लंबे समय तक ऐसी सब्जियों का सेवन करने से कैंसर, नसों की बीमारियों और दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, असम और पंजाब जैसे कई राज्यों में यह चुनौती लगातार बढ़ रही है, लेकिन अब इस समस्या के समाधान की दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है, जो किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए नई उम्मीद बन सकती है। विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रो. मोहम्मद इसराईल अंसारी के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने सिल्वर क्वांटम डॉट्स नामक बेहद सूक्ष्म कणों का इस्तेमाल कर पालक को आर्सेनिक से बचाने का तरीका खोज निकाला है। यह शोध नीदरलैंड की प्रतिष्ठित पत्रिका 'प्लांट स्ट्रेस' में प्रकाशित हुआ है। शुक्रवार को प्रो. मोहम्मद इसराईल अंसारी ने बताया कि ये क्वांटम डॉट्स किसी रासायनिक फैक्ट्री में नहीं, बल्कि पालक की पत्तियों से ही हरित प्रक्रिया (ग्रीन टेक्नोलॉजी) के जरिए तैयार किए गए हैं। जब इन सूक्ष्म कणों को आर्सेनिक प्रभावित मिट्टी में प्रयोग किया गया, तो वे पौधों की को. शिकाओं के भीतर जाकर सक्रिय हो गए। परिणाम यह हुआ कि जड़ों से पत्तियों तक आर्सेनिक का सफर बाधित हो गया और खाने योग्य पत्तियों में इसका जमाव काफी कम हो गया। उनका कहना है कि केवल इतना ही नहीं ये कण पौधों की अंदरूनी रक्षा प्रणाली को भी मजबूत करते हैं। इससे पालक प्रदूषित माहौल में भी बेहतर तरीके से बढ़ पाती है।

पत्तियां ज्यादा हरी, पौधा ज्यादा मजबूत, और उत्पादन बेहतर रहा। साथ ही पानी का संतुलन भी बना रहा। प्रो. अंसारी का कहना है कि आर्सेनिक प्रदूषण खाद्य सुरक्षा को बड़ा नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसे में यह तकनीक आर्सेनिक प्रभावित क्षेत्रों के लिए गेमचं. ेजर साबित हो सकती है। इससे किसान सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियां उगा सकेंगे और उपभोक्ता जहरीले भोजन से बच पाएंगे। उन्होंने कहा कि छोटे से दिखने वाले ये क्वांटम डॉट्स भविष्य में एक बड़ी समस्या का समाधान बन सकते हैं और शायद आने वाले समय में किसानों की खेती को फिर से सुरक्षित और भरोसेमंद बना दें।

# कोर्ट के आदेश का पालन करे सरकार, अनुज चौधरी पर एफआईआर दर्ज कर भेजे जेल: शाहनवाज़ आलम

## अनुज चौधरी को बचाकर खुद को बचाना चाहते हैं मुख्यमंत्री: अनिल यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव शाहनवाज़ आलम ने प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि संभल के सीजेएम कोर्ट का फैसला सरकार द्वारा संभल हिंसा की कराई गई मजिस्ट्रेट जांच पर भी सवाल खड़ा करता है कि पूरे प्रकरण में पुलिस को बचाने के लिए जांच में पुलिस को क्लीन चिट दी गई थी। इसलिए ज़रूरी है कि संभल पुलिसिया हिंसा की जांच हाईकोर्ट के न्यायाधीश से न्यायिक जांच के ज़रिए कराई जाए और न्यायिक प्रक्रिया को बाधित होने से बचाने के लिए संभल के तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी और एसएचओ अनुज तोमर को तत्काल निलंबित कर जेल भेजा जाए। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में पुलिस ने प्रमुख तौर पर तीन सवाल उठाए हैं, जो तथ्यहीन और तर्कहीन हैं।

पहला, यह कि उपद्रव 7:45 से पहले शुरू हो गई थी तो आलम वहाँ 8 बजे कैसे पहुँच गया। यह एक तकनीकी बहाना है, जिसकी आड़ में पुलिस सच्चाई को छिपाना चाहता है।

दूसरा, पुलिस मीडिया ट्रायल के ज़रिए पीड़ित पर अपनी पहचान छिपाकर इलाज कराने का आरोप लगाकर पीड़ित द्वारा अपना इलाज कराने को भी अपराध ठहराने की कोशिश कर रही है, जबकि पीड़ित के पिता यामीन ने कोर्ट में बताया है कि जब वह अपने घायल बेटे को पड़ोसी जिलों के अस्पतालों में लेकर गए तो पुलिसिया दबाव के चलते उसे भर्ती ही नहीं किया गया। इसके बाद उसे अपनी पहचान छिपाकर मेरठ में इलाज कराना पड़ा। यह साबित करता है कि यूपी में पुलिस हिंसा का शिकार व्यक्ति सरकारी दबाव के चलते किसी अस्पताल में इलाज भी नहीं करा सकता। यह सांप्रदायिक पुलिस और अस्पतालों के आपराधिक गठजोड़ को भी उजागर करता है। पीड़ित ने कोर्ट में यह भी बताया है कि उसने 2024 में साल दिसंबर में पुलिसकर्मियों पर आरोप दर्ज कराने की अर्जी दी थी, उसके बाद उसने 1 जनवरी 2025 को संभल एसएसपी, डीआईजी मुरादाबाद, महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस और मुख्यमंत्री को भी अर्जी दी थी. लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके बाद फरवरी में सीओ अनुज चौधरी और एसएचओ अनुज तोमर के ख़िलाफ़ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173(4) के तहत कोर्ट का रुख किया, जो पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर व्यक्ति को अदालत जाने का अधिकार देती है।




तीसरा, पुलिस का दावा है कि आलम के शरीर से जो गोली निकाली वह 7.65 एमएम यानी 32 बोर की है, जिसे पुलिस इस्तेमाल नहीं करती। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि पुलिस का यह दावा सही है और कांग्रेस पार्टी एवं अन्य स्वतंत्र जांच समूहों के दावों को पुष्ट करता है कि आंदोलनकारियों के ख़िलाफ़ बल प्रयोग में पुलिस ने आरएसएस से जुड़े बाहरी अराजक तत्वों का इस्तेमाल किया, जो पुलिस की वर्दी में निजी हथियारों से प्रदर्शनकारियों पर गोली चला रहे थे, ताकि किसी जांच की स्थिति में पुलिसकर्मियों को फंसने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि बिजनौर समेत अन्य जिलों में सीएए-एनआरसी विरोधी (छल) के ख़िलाफ़ प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारियों की हत्या में पुलिस ने यही आपराधिक और शातिर तरीका अपनाया था, जिसकी स्वीकारोक्ति खुद बिजनौर के तत्कालीन एसएसपी और फ़िलहाल डीजी जांच के दायरे में चल रहे संजीव त्यागी ने कारवां पत्रिका को दिए साक्षात्कार में की थी कि उन्होंने पुलिस कार्रवाई में बाहरी तत्वों का सहयोग लिया था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया था कि बिजनौर में मारे गए अनस की पेट से 32 एमएम की गोली निकाली गई थी, जिसे पुलिस इस्तेमाल नहीं करती। उस मामले में भी पुलिस ने कथित आपराधिक तत्वों पर अनस नाम के युवा की हत्या का आरोप लगाया था। ठीक वैसे ही संभल मामले में आलम को गोली मारने के लिए पुलिस एक शातिर साटा नामक कथित गिरोह को ज़िम्मेदार बता रही है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि सांप्रदायिक पुलिस और आरएसएस के गुंडों के इस गठजोड़ को उजागर करते हुए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने 27 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को रिपोर्ट सौंपी थी, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव शाहनवाज़ आलम ने कहा कि सीओ अनुज चौधरी और अनुज तोमर की संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए, क्योंकि संभल हिंसा में लोगों के नाम जोड़ने और हटाने के नाम पर अवैध वसूली की चर्चा आम जनमानस में है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अनिल यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में पुलिस की सांप्रदायिकता अब व्यक्तिगत आचरण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह सत्ता के संरक्षण में एक संस्थागत रूप ले चुकी है। हाल ही में जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुलिस अधिकारी अनुज चौधरी को लेकर सवाल पूछा गया, तो उनका बयान न केवल असंवैधानिक था बल्कि स्वयं पुलिस की सांप्रदायिक मान. सिकता को वैध ठहराने वाला भी था।अनिल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह कहना कि हवह पहलवान रहा है, तो पहलवानी की भाषा बोलेगाहकृदरअसल पुलिस को कानून से ऊपर रखने और हिंसक, सांप्रदायिक भाषा को सही ठहराने का प्रयास था. पुलिस कोई अखाड़े का पहलवान या सत्ता का लठैत नहीं होती, बल्कि वह एक संवैधानिक, पेशेवर और कानून से बंधी हुई संस्था होती है, जिससे निष्पक्षता, संयम और संवैधानिक भाषा की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि अनुज चौधरी पुलिस की भाषा के बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ही असंवैधानिक भाषा बोल रहे थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसी तरह की सांप्रदायिक सोच और उसके संस्थानीकरण का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश में हिरासती मौतों के मामले देश में सबसे अधिक रहे हैं। फर्जी मुठभेड़ों में लगातार दलितों, पिछड़ों और मुसलमानों को निशाना बनाया गया।अनिल यादव ने आरोप लगाया कि योगी सरकार नहीं चाहती कि अनुज चौधरी जैसे सांप्रदायिक मानसिकता वाले अधिकारी किसी भी न्यायिक प्रक्रिया में फँसें। क्योंकि यदि ऐसे अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई होती है, तो उनके राजनीतिक संरक्षकों की भूमिका भी उजागर होगी और वे भी आरोपों के दायरे में आ जायेंगे, यही कारण है कि मुख्यमंत्री स्वयं ऐसे अधिकारियों को बचाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब कार्यपालिका खुले तौर पर पुलिस की असंवैधानिक भाषा और आचरण का बचाव करेगी तो न्यायिक स्वतंत्रता पर भी दबाव बनेगा। ऐसे में संभल के सीजेएम विभांशु सुधीर को तत्काल प्रभाव से विशेष सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए, ताकि उनकी स्थिति जस्टिस लोया जैसी न हो जाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष डा शहज़ाद आलम ने की. इस दौरान ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव, अल्पसंख्यक कांग्रेस के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष अख्तर, मलिक, मसूद ख़ान, हम्माम वहीद, नावेद नक़्वी, हरनाम सिंह, उमैर अहमद, अनीस अख़्तर मोदी, अजय वर्मा, मनीष जायसवाल, रामचंद्र राम, सलमान क़ादिर, सलमान ज़िया और दानिश आदि मौजूद रहे।

# खेल प्रतिभाएं तराशें शिक्षण संस्थान : मुख्यमंत्री योगी

### मुख्यमंत्री का आह्वान, किसी एक खेल को गोद लें विश्वविद्यालय-महाविद्यालय



- पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों का आह्वान किया है कि वे किसी एक खेल को गोद लेकर उससे जुड़ी प्रतिभाओं को तराशें। खेल के जरिये स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कराकर अनुशासन और खेल भावना को मजबूत करने में योगदान दें।

सीएम योगी शुक्रवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबाल (महिला) प्रतियोगिता के औपचारिक उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल गतिविधियों को बढ़ाने से युवा नशे से दूर रहेंगे, तमाम विकृतियों से बचे रहेंगे। युवा खेलेगा तो खिलेगा, और यही युवा देश को आगे बढ़ाने में, 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में योगदान देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने खेलों के माध्यम से भी विकसित भारत बनाने के अभियान में भरपूर प्रयास किए हैं। प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेरठ में बन चुकी है। मेरठ में हर प्रकार के स्पोर्ट्स आइटम बन रहे हैं और इसे सरकार ने ओडीओपी में शामिल किया है।

**पीएम मोदी की खेलों में अपार रुचि**

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 11 वर्षों में देश में एक नई खेल संस्कृति ने जन्म लिया है। 2014 के पहले खेल की गति. विधियां और प्रतियोगिताएं सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं होती थीं। खेल और खिलाड़ियों की उपेक्षा होती थी। अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर न होने से खिलाड़ी खेल से पलायन करने को विवश होते थे। कुंठित, हताश और निराश रहते थे। जबकि 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेल और खिलाड़ियों का प्रोत्साहन देखते ही बनता है। पीएम मोदी ने खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेल प्रतियोगिता जैसे अभियानों से स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र की प्रेरणा दी है। गांव-गांव तक खेल प्रतिभाओं को मंच दिया है। प्रधानमंत्री स्वयं विभिन्न खेलों में देश की विजेता टीमों के खिलाड़ियों के साथ बैठते हैं, प्रतियोगिता से पहले भी उनका हौसला बढ़ाते हैं।

**स्वस्थ शरीर से ही प्राप्त होंगे जीवन के सभी साधन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की प्राचीन परंपरा ने खेलकूद को सदैव महत्व दिया है। भारत की ऋषि परंपरा के उद्घोष 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम' का उद्धरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा जीवन के जितने भी साधन हैं, उन्हें स्वस्थ शरीर से ही प्राप्त किया जा सकता है। शरीर स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद की गतिविधियों से जुड़ना होगा। नियम, संयम और अनुशासन से शरीर पर ध्यान देना होगा। स्वस्थ शरीर से ही समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि खेलकूद को तमाम परिवारों ने जीवन का हिस्सा बनाया है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में बेटे-बेटी में भेदभाव नहीं है। आज बच्चा (बेटा या बेटी) खेल में रुचि दिखाता है, तो अभिभावक प्रोत्साहित करते हैं, उसके अनुरूप संसाधन की व्यवस्था करते हैं।

**यूपी ने बढ़ाया खेल इंफ्रास्ट्रक्चर'**

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ाया गया है। प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान व ओपन जिम, ब्लाक स्तर पर मिनी स्टेडियम, जिला स्तर पर स्टेडियम बनाने के कार्य युद्धस्तर पर आगे बढ़े हैं। खेल गति. विधियां अनौपचारिक न रहें, बल्कि दिनचर्या का हिस्सा बनें, इसके लिए सरकार ने 96000 से अधिक युवक मंगल दलों और महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट वितरित की हैं।

**500 से अधिक खिलाड़ियों को दी सरकारी नौकरी'**

खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सरकार की तत्परता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि ओलंपिक में प्रदेश के प्रतिभागी खिलाड़ी को सरकार 10 लाख रुपये देती है। ओलंपिक एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़ रुपये का पुरस्कार और क्लास वन जाब देने की व्यवस्था बनाई गई है। ओलंपिक की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ी को 3 करोड़ और एकल स्पर्धा में रजत पदक विज. ता को भी 3 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जाता है।

# मुख्य विकास अधिकारी की सख्त कार्रवाई

- फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर वेतन अवरुद्ध

अमेठी। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना फार्मर रजिस्ट्री में जनपद अमेठी की अत्यंत असंतोषजनक प्रगति को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा कड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है।

फार्मर रजिस्ट्री के क्रियान्वयन में अपेक्षित लक्ष्य की प्राप्ति न होने, प्रभावी अनुश्रवण के अभाव तथा फील्ड स्तर पर अभियानात्मक कार्यवाही न किए जाने के कारण संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध वेतन अवरोधन की कार्यवाही की गई है। दिनांक 14 जनवरी, 2026 को मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान फार्मर रजिस्ट्री में जनपद अमेठी की प्रगति प्रदेश स्तर पर अत्यंत खराब पाई गई, जिस पर मुख्य सचिव द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि जनपद अमेठी में फार्मर रजिस्ट्री का कुल लक्ष्य 3,18,853 कृषकों के सापेक्ष मात्र 1,87,913 कृषकों की ही पंजीकरण पूर्ण किया गया है, जबकि 1,30,940 कृषकों का पंजीकरण अब भी लंबित है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की गई समीक्षा में यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ कि फार्मर रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाले कार्य में उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी स्तर से नियमित समीक्षा, प्रभावी मानिटरिंग, विशेष अभियान संचालन तथा लक्ष्य आधारित रणनीति का अभाव रहा है। इसके परिणामस्वरूप न केवल योजना की प्रगति प्रभावित हुई, बल्कि जनपद की छवि एवं प्रतिष्ठा भी प्रदेश स्तर पर प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई है। उक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा उप कृषि निदेशक, जनपद अमेठी एवं जिला कृषि अधिकारी, जनपद अमेठी का माह जनवरी, 2026 का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरुद्ध किए जाने के निर्देश निर्गत किए गए हैं। यह वेतन अवरोधन तब तक प्रभावी रहेगा, जब तक कि फार्मर रजिस्ट्री में शेष 1,30,940 कृषकों का पंजीकरण पूर्ण करते हुए लक्ष्य के अनुरूप संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित नहीं कर ली जाती। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि तत्काल प्रभाव से विशेष अभियान संचालित करते हुए फार्मर रजिस्ट्री के अवशिष्ट लक्ष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाए तथा की गई कार्यवाही एवं दैनिक प्रगति की सूचना नियमित रूप से जिला स्तर पर उपलब्ध कराई जाए। संतोषजनक प्रगति की समीक्षा के उपरांत ही वेतन अवरोधन के संबंध में अग्रिम आदेश निर्गत किए जाएंगे।

# महिला आयोग अध्यक्ष ने की जनसुनवाई

अमेठी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) डॉ. बबीता सिंह चौहान ने आज तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर शोषण, संपत्ति विवाद, मान. सिक उत्पीड़न सहित अन्य गंभीर मामलों को व्यक्तिगत रूप से सुना और प्रत्येक पीड़िता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान कुल 10 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए महिला आयोग की अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। इसके उपरांत डा बबीता सिंह चौहान ने महिला कल्याण विभाग से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टाप सेंटर योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना तथा घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस विभाग से जुड़े दहेज उत्पीड़न, अपहरण, छेड़छाड़ एवं हत्या के मामलों की भी समीक्षा की।

# मुरादाबाद, आगरा, मेरठ और देवीपाटन मंडलों में भी जल्द किया जाएगा प्रभाव का आकलन

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। जल जीवन मिशन के तहत लागू 'हर घर जल' योजना से ग्रामीण इलाकों में नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाकर रोजमर्रा की जिंदगी में बड़ा बदलाव लाया जा रहा है। अब इस बदलाव की वास्तविक तस्वीर सामने लाने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालय, आईआईटी मद्रास तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से प्रभाव आकलन (इंपैक्ट असेसमेंट) कराया जाएगा।

लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी समेत 11 मंडलों में इंपैक्ट असेसमेंट की प्रक्रिया फिलहाल चल रही है। बुंदेलखंड क्षेत्र में यह जिम्मेदारी आईआईटी मद्रास को दिए जाने की तैयारी है। मुरादाबाद, आगरा, मेरठ तथा देवीपाटन मण्डलों में प्रभाव का आकलन केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से कराने की योजना है।

**'महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मिला अवसर'**

पाइप से पेयजल योजना के जरिए शुद्ध पानी मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य स्तर बेहतर हुआ है। बच्चों की शिक्षा में निरंतरता आई है और रोजगार के लिए होने वाला प्रवासन घटा है। सबसे अहम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। आईआईटी मद्रास की टीम इन सभी प्रभावों का धरातल पर आकलन करेगी। इसके लिए राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की ओर से अनुरोध किया गया है। इससे पहले झांसी और चित्रकूट मण्डल में कराए गए इंपैक्ट असेसमेंट में भी यही सामने आया कि नल से जल ने ग्रामीण परिवारों की दिनचर्या आसान बनाई है। गोरखपुर मण्डल में हुए अध्ययन में भी शुद्ध पेयजल आपूर्ति का सकारात्मक सामाजिक असर दर्ज किए गए हैं। बुंदेलखंड के साथ-साथ प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी योजना के प्रभाव को परखा जा रहा है। अयोध्या, बस्ती, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, बरेली, सहारनपुर, आजमगढ़ और मिर्जापुर मण्डलों में इंपैक्ट असेसमेंट की प्रक्रिया फिलहाल चल रही है।

**'यहां जल्द शुरु होगा अभियान'**

मुरादाबाद, आगरा, मेरठ व देवीपाटन मण्डलों के लिए केंद्रीय व राज्य विश्वविद्यालयों तथा अंत. राष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्थाओं से आकलन कराने का अनुरोध किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत कराया जा रहे व्यापक इंपैक्ट असेसमेंट से यह भी पता चल सकेगा कि नल से आया जल सिर्फ सुविधा बना या ग्रामीण बदलाव की असली धारा।

# पुलिस विभाग ने स्थानांतरण नीति में किया बड़ा बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग ने स्थानांतरण नीति में बड़ा बदलाव किया। वर्ष 2019 बैच तक भर्ती उप निरीक्षक और आरक्षी के सामान्य मामलों में अनुकम्पा आधार पर स्थानांतरण पर होगा विचार।

वर्ष 2019 के बाद भर्ती उप निरीक्षक और आरक्षी के लिए अनुकम्पा स्थानांतरण केवल पति-पत्नी दोनों के पुलिस में नियुक्त होने पर ही संभव।

कोई भी निरीक्षक या उप निरीक्षक अपने गृह परिक्षेत्र, गृह जनपद या सीमावर्ती जनपद में तैनात नहीं किया जाएगा।

पति-पत्नी के अनुकम्पा स्थानांतरण प्रकरण में दोनों के पुलिस परिचय पत्र की पठनीय छायाप्रति अनिवार्य।

छूट केवल उन्हीं मामलों में मिलेगी जहाँ पति-पत्नी दोनों पुलिस विभाग में कार्यरत हों। मुख्यालय डीजीपी यूपी, लखनऊ में उपस्थित होने की अनुमति के साथ पूर्ण व अद्यावधिक सेवा विवरण संलग्न करना अनिवार्य।

ग्रामीण जीवन में आए बदलाव परखेंगे आईआईटी मद्रास और अंत. राष्ट्रीय संस्थाएं

लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी समेत 11 मंडलों में चल रही इंपैक्ट असेसमेंट की प्रक्रिया'

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
0522-4041004
मुख्यालय:
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए नौकाविहार को रोचक और सुरक्षित बनाने के लिए की गई पहल : जयवीर सिंह

- नौकाविहार करते समय नाविक सुनाएंगे अयोध्या से जुड़ी कहानियां
- सुरक्षित नौकायन के लिए 55 नाविकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। अयोध्या में निरंतर बढ़ रही पर्यटक संख्या तथा सरयू नदी में नौकायन के प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन से जुड़े हितधारकों, विशेषकर नाविकों के लिए तीन दिवसीय (15 से 17 जनवरी) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या के होटल साकेत में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नाविकों को डिजिटल पेमेंट, स्टोरीटेलिंग, आपदा प्रबंधन, आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार आदि के लिए तैयार करना है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती आमद के बीच सरयू नदी पर सुरक्षित नौकायन की पहल की गई है। पर्यटन को भ्रमण तक सीमित न रखते हुए, संस्कृति और सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान (एमकेआईटीएम) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के संयुक्त सहयोग से 55 नाविकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षित नाविक अयोध्या की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के सशक्त प्रतिनिधि के रूप में भी अपनी भूमिका निभाएंगे।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में तेज़ी से विस्तार ले रहे वाटर टूरिज्म को सुरक्षित स्वरूप देने की दिशा में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग लगातार ठोस कदम उठा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में नाविकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। नाविक पेशेवर सेवाएं प्रदान करने के साथ प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान के सशक्त प्रति. निधि के रूप में भी स्थापित हों।

# मकर संक्रांति पर रैन बसेरा में बच्चों को खिलाई खिचड़ी

लखनऊ। प्रसिद्ध लोक गायिका एवं पद्मश्री सम्मानित मालिनी अवस्थी ने मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी की रात्रि लखनऊ के जियामऊ स्थित रैन बसेरा में बच्चों और बुजुर्गों के बीच उपहार वितरित किए। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरा में रह रहे लोगों के साथ समय बिताया, उनसे संवाद किया और पर्व की खुशियाँ साझा कीं।

## सराय माधव गांव में गरीबों को मुफ्त कंबल वितरण आज

सिंहपुर अमेठी। ब्लाक की ग्राम पंचायत सराय माधव गांव में नवयुवक प्रधान अश्वनी कुमार सिंह द्वारा एक कंबल वितरण समारोह का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। प्रधान अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि वे प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी भारी संख्या में माताएं बहनें और गरीब परिवारों को कंबल वितरण करने के लिए राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया है।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स
मे समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।
नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।
मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ
कार्यालयः 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

# सब्र और शुक्र सच्चे मोमिन की पहचान : मुफ्ती गफूर

## मदरसा अनवारूल कुरैशी में चार हाफिजे कुरआन तालिबे इल्मों की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** मदरसा अनवारुल कुरैश का 20वां सालाना अजीमुश्शान जलसा एवं दस्तारबंदी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर कुरआन पाक हिफ्ज करने वाले चार तालिबे इल्मों की दस्तारबंदी कर उन्हें सनद व ट्रॉफी प्रदान की गई।

जलसे में हाफिज मुहम्मद हमदान, हाफिज मुहम्मद नवाज, हाफिज मुहम्मद अबुजर और हाफिज मुहम्मद अर्श की दस्तारबंदी उलेमा-ए-किराम के मुबारक हाथों से कराई गई। मदरसे के मोहतमिम शाहनवाज अंदाज अमरोहवी, एजाज कुरैशी और आरिफ कुरैशी ने सभी हाफिजों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तालिबे इल्मों को हिफ्ज कराने वाले



उस्ताद एवं मदरसे के नाजिम मौलाना अख्लाक को उनकी मेहनत और लगन के लिए विशेष सम्मान दिया गया। उलेमा ने कहा कि सब्र और शुक्र ही एक सच्चे मोमिन की पहचान होती है। संभल से तशरीफ लाए हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल गफूर ने खिताब करते कहा कि दीनी तालीम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी समय की जरूरत है। उन्होंने छात्रों को आईएएस, पीसीएस जैसी उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के जरिये ही समाज की तरक्की संभव है। कार्यक्रम का आगाज तिलावत-ए-कुरआन पाक से हुआ, जबकि मौलाना साद ने दिल छू लेने वाली नात-ए-शरीफ पेश की। जलसा हजरत मौलाना राशिद हुसैन की सरपरस्ती एवं मुफ्ती मोहम्मद शाहिद साहब की सदारत में आयोजित किया गया। जलसे में मदरसा कमेटी के एजाज कुरैशी, आरिफ कुरैशी, सिकंदर कुरैशी, इरफान कुरैशी, शमीम कुरैशी, वसीम कुरैशी, चौधरी फुरकान, नदीम कुरैशी और जावेद कुरैशी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हार्टअटैक से राजमिस्त्री की मौत

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सहेलिया में उस वक्त मातम छा गया। जब एक 50 वर्षीय राजमिस्त्री की दिल का दौरा पड़ने से अचानक मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव सहेलिया निवासी अशोक (50 वर्ष) पुत्र बलदेव सिंह पेशे से राजमिस्त्री थे। और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। गुरुवार शाम को अशोक घर पर ही थे। तभी अचानक उन्हें सीने में तेज दर्द के साथ सांस लेने में भारी दिक्कत होने लगी।घबराये परिजन उन्हें आनन-फानन में पास के ही एक निजी चिकित्सक के पास ले गये। निजी चिकित्सक ने अशोक की गंभीर स्थिति को देखते हुए और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें तुरंत मेरठ के हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां रास्ते में की उनकी मौत हो गयी।

# जंगल में घूम रहे दो युवकों को दबोचा

## गोवंशीय पशुओं के कटान का शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** गोवंशीय पशु का कटान करने के इरादे से जंगल में घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। उनके कब्जे से गोवंशीय पशु व कटान के उपकरण भी बरामद हुए। आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया। मामला थाना क्षेत्र के गांव कुरी के जंगल का है। गुरुवार देर शाम गांव के लोगों ने दो युवकों को एक गोवंशीय पशु के साथ जंगल की ओर जाते हुए देखा था। वध का शक होने पर उन्होंने थाना पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने गांव के जंगल में पहुंच घेराबंदी कर ली। दो युवक एक गोवंशीय पशु को लेकर जा रहे थे। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम जुम्मा निवासी गांव रसूलपुर गावड़ी तथा शमीम निवासी गांव सैदपुर इम्मा बताया। उनके पास से कटान के उपकरण भी मिले हैं। उन्होंने बताया कि वह जंगल में घूमने वाले गोवंशीय पशुओं को पकड़ कर उनका वध करते हैं तथा मांस बेच देते हैं। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हंगामा होने लगा लेकिन पुलिस ने ग्रामीणों को समझा कर शांत कर दिया। आरोपी युवकों को थाने ले आई। सीओ अवधभान भदौरिया ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की बात कही।

# चीनी मिल प्रबंधन छाई रोकने में नाकाम

## ग्रामीणों ने दी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दि किसान सरकारी चीनी मिल प्रबंधन पर छाई रोके जाने की झूठे घोषणा की निंदा करते हुए धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को ऑल इंडिया मजलिस ए इतहादुल मुस्लिमीन एससी एसटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ टीपी सिंह ने बताया कि दि किसान सहकारी चीनी मिल से निकलने वाली छाई को रोके जाने के लिए उप जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया गया था। 16 जनवरी तक समस्या का समाधान करने का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया है। चीनी मिल के जनरल मैनेजर ने छाई को रोके जाने का बयान मीडिया में देकर ग्रामीणों को गुमराह करने का कार्य किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कल आज सुबह 11 बजे से काला खेड़ा और आसपास के क्षेत्रवासी टाइम हाउस चीनी मिल परिसर में सैकड़ो की तादात में पहुंचकर धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण संवैधानिक तरीके में किया जायेगा।

# सूफियाना कलाम सुनकर झूमे अकीदतमंद

## बुजुर्गों की तालिमात को आम करने पर दिया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हजरत शरफुद्दीन शाह विलायत सोहरवर्दी रहमतुल्लाह अलैह की अकीदत में कव्वाली का महफिल का आयोजन किया गया। रामपुर से आए मशहूर कव्वाल जावेद अहमद व हमनवां ने बेहतरीन सूफियाना कलाम सुनाकर अकीद. तमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया। दुआ के बाद लंगर का भी इंतजाम रहा।

शहर के मोहल्ला काली पगड़ी में मुश्ताक अहमद साबरी के आवास पर सजाई गई इस नूरानी महफिल की शुरुआत कलाम-ए-इलाही के बाद नात-ए-रसूल से की गई। दरगाह मियां मौज के सज्जादा नशीन हादी अजीम मियां जाफरी ने बुजुर्गों की



तालीमात को समाज में आम करने पर जोर दिया। कहा कि अमरोहा में इन बुजुर्गों के साए की बदौलत ही अमन-चौन कायम है, जिसे बरकरार रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कहा कि हजरत शाह विलायत की बस्ती अमरोहा हर दौर में फितनों और फसाद से महफूज रही है दुनिया में हालात जो भी रहे लेकिन अमरोहा से इत्तेहाद और इत्तेफाक का पैगाम हमेशा आम होता रहा। इसके बाद जावेद अहमद व हमनवां ने शाह विलायत की शान में एक से बढ़कर एक बेहतरीन कलाम सुनकर महफिल में रंग जमा दिया। सूफियाना कलाम सुनकर अकीदतमंद झूमने पर मजबूर हो गए। आखिर में मुल्क में अमन-चौन और कौम की सला. मती-खुशहाली की दुआ के साथ महफिल का समापन हुआ। इस दौरान उवैस मुस्तफा रिजवी, डा.मेराज हुसैन, हकीम मुनीर उद्दीन, डॉ. अफसर परवेज, अनवर फरीदी, सूफी माजिद, सूफी मोईन उद्दीन साबरी, इकबाल वारसी, नूरुल हुदा वारसी, मोहम्मद यूसुफ, दाऊद रिजवी, हाजी इकरार अंसारी, नदीम कादरी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवा दिवस पर दौड़ प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो सैदनगली।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मनाए जा रहे राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विकास शर्मा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पंकज शर्मा, आर्यन गुप्ता, हरित कसाना, अनुभव पाल, प्रशांत कश्यप, प्रतीक गुप्ता, अमित भाटी सहित व अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना जगाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी ऊर्जा का प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण के दौरान सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया।

### महिलाओं को आर्थिक रूप से बनायेंगे सशक्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** खंड विकास अधिकारी लोकचंद ने कहा कि गरीब महिलाएं व जरूरतमंद परिवार को स्वरोजगार अपना कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। खंड विकास अधिकारी लोकचंद की अध्यक्षता में ब्लॉक में पात्र गृहस्थी एवं अन्त्योदय कार्ड धारकों को समूह से जोड़ने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जीरो पॉवर्टी सर्वे से जुड़े सदस्यों एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस दौरान राजवीर सिंह सहायक, अश्वनी कुमार, सुरक्षा सिंह, रीमा देवी आदि मौजूद रहे।

### इमाम मूसा काजिम की शहादत पर मजलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** नगर मे गुरुवार रात सातवे इमाम हजरत मूसा काजिम अलैहिस्सलाम की योमे शहादत के सिलसिले से मजलिस हुई व शबीहे ताबूत बरामद हुआ। अजाखाना नसीरुल हसन से इमाम काजिम का शबीहे ताबूत बरामद हुआ जो इमामबारगाह दादे हिमायत अली पुहंचा। सर्वप्रथम इमामबारगाह दादे हिमायत अली मे मजलिस हुई जिसमे मर्सियाखुवानी रियाजुल हसन व हमनवा ने की। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना कम्बर अली ने कहा कि 7 वे इमाम का नाम मूसा है और मशहूर लकब काजिम है। इमाम ने सारी जिंदगी दुनिया को इंसानियत आपसी मेलजोल भाईचारे का पैगाम दिया। द्य वक्त के जालिम बादशाह ने इमाम को कैद कर लिया और बहुत जुल्म किया। नोहे मुहम्मद हैदर और मिसाल अब्बास ने पढ़े। इस मौके पर काफी तादाद मे लोग मौजूद रहे।

### नफीसुल इस्लाम बने हज इंस्पेक्टर



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शिक्षक नफीसुल अजहर का चयन बतौर राज्य हज इंस्पेक्टर के लिए हुआ है। इस वर्ष वह उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की ओर से सफर-ए-हज पर जाएंगे तथा वहां भारतीय मूल के आजमीन की खिदमत से जुड़ी जिम्मेदारी को अंजाम देंगे। शहर के मोहल्ला कुरैशी में अलीजान मंजिल निवासी नफीसुल अजहर उच्च प्राथमिक विद्यालय जटपुरा शुमाली मंडी धनौरा में शिक्षक हैं। उन्होंने आजमीन की खिदमत के लिए उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की वेबसाइट पर अपना आवेदन किया था। जिसमें उनका चयन बतौर राज्य हज इंस्पेक्टर के रूप में हुआ है। जानकारी साझा करते हुए नफीसुल अजहर ने बताया कि अभी मुंबई हज हाउस में ट्रेनिंग की तारीख आएगी, इसके बाद दूसरी प्रक्रिया पूरी होंगी। उन्होंने बताया कि हाजियों की खिदमत के लिए राज्य हज कमेटी की ओर से चयन होना उनकी खुशकिस्मती है।

### एसपी ने किया नौ दरोगाओं का तबादला

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार देर शाम नौ दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। वेंक्टेश्वरा चौकी प्रभारी उमेश कुमार को महिला थाना अमरोहा भेजा गया है। रजबपुर में तैनात दरोगा विपिन कुमार को कपासी चौकी का प्रभार सौंपा गया है, जबकि कपासी चौकी प्रभारी मनोज बाबू को वेंक्टेश्वरा चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा अमरोहा देहात के एसएसआई नरेंद्र कुमार को डिडौली स्थानांतरित किया गया है। हसनपुर में तैनात प्रेमपाल सिंह को बछरायूं थाने में तैनाती दी गई है। पुलिस लाइन से अभिलाष प्रधान को वरिष्ठ उप निरीक्षक गजरौला बनाया गया है। वहीं, नौगांवा सादात की मूंढ़ाखेड़ा चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार को कैलसा चौकी प्रभारी और कैलसा चौकी प्रभारी प्रविंदर कुमार को मूंढ़ाखेड़ा चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। गजरौला थाने से दरोगा अंकुर मलिक को नौगांवा सादात भेजा गया है

# समस्याओं को लेकर भाकियू शंकर का धरना

## अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** औद्योगिक प्रदूषण, बैंकिंग व्यवस्था और विद्युत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन शंकर की पंचायत शुक्रवार को अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड गजरौला कार्यालय पर आयोजित हुई। पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंह ने की, जबकि संच. ालन ब्लॉक अध्यक्ष सतवीर ने किया।

पंचायत को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने गजरौला की फैक्ट्रियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि औद्योगिक इकाइयों ने उपजाऊ भूमि, भूमिगत जल और वायु को अत्यधिक प्रदूषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि गजरौला और आसपास के क्षेत्रों में पशु-पक्षियों, फलदार वृक्षों और यहां तक कि इंसानों की प्रजनन क्षमता पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। संगठन ने गजरौला में प्रस्तावित इलेक्ट्रॉनिक यूरेनियम कचरा रीसाइक्लिंग संयंत्र पर भी कड़ा विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि जहरीली गैसों के कारण क्षेत्र में अस्थमा, कैंसर, किडनी, लिवर, त्वचा और हृदय संबंधी बीमारियां



तेजी से बढ़ रही हैं। इसके अलावा तहसील प्रशासन पर किसानों के अंश निर्धारण न करने, छुट्टा गोवंश, तेंदुआ, आवारा कुत्तों और जंगली जानव. रों से किसानों में भय का माहौल होने की बात कही।

अधिशासी अभियंता के आश्वासन के बाद संगठन ने धरना स्थगित कर दिया। पंचायत में चौधरी धर्मवीर सिंह, कैप्टन वीर सिंह, सुखबीर भगत, कपिल, मनजीत सिंह, अनिल भटनागर, लोकेश प्रधान, राकेश, मुकेश गर्ग, दिनेश कुमार, शेर सिंह राणा, सुंदर सिंह, रवि चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं मौजूद रहीं।

# कलयुगी बेटे ने पिता पर किया जानलेवा हमला

## पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव ब्रह्मवाद में एक कलयुगी बेटे ने मामूली बात पर अपने ही पिता पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पिता की नाक पर गंभीर चोट आई है। और वह लहूलुहान हो गया।

शुक्रवार सुबह गांव ब्रह्मवाद निवासी मुनेश कुमार पुत्र बाबूराम घर पर मौजूद थे। मुनेश ने अपनी पत्नी मुन्नी को किसी घरेलू काम के लिए आवाज देकर बुलाया था। पिता का अपनी मां को बुलाना बेटे को इस कदर नागवार गुजरा कि वह आपा खो बैठा। देखते ही देखते युवक ने पास पड़ा डंडा उठाकर अपने पिता के चेहरे पर वार कर दिया। डंडा सीधे मुनेश की नाक पर लगा। जिससे वह वहीं गिर पड़े और काफी खून बहने लगा। घायल अवस्था में पीड़ित पिता किसी तरह थाने पहुँचा और पुलिस को आपबीती सुनाई। मुनेश कुमार ने बेटे के खिलाफ लिखित तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। सैदनगली थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला संज्ञान में लिया गया है। घायल को तुरंत चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

# दावे-आपत्तियों को लेकर राजनीतिक दलों संग मंथन

## मतदाता सूची होगी और शुद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत 18 जनवरी को आयोजित होने वाले बूथ दिवस की तैयारियों को लेकर उपजिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विभा श्रीवास्तव ने राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों के साथ बैठक की। बैठक में 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किए जाने, साथ ही नो-मैपिंग मतदाताओं को जारी किए जाने वाले नोटिसों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि बूथ दिवस के अवसर पर प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी सुबह से शाम तक उपस्थित रहेंगे और मतदाताओं की मौजूदगी में आलेख्य मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। इस दौरान यदि किसी मतदाता का नाम सूची में छूट गया है या उसमें संशोधन की आवश्यकता है, तो मौके पर ही संबंधित फॉर्म भरकर आवेदन किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील की कि वे बूथ दिवस के कार्यक्रम में अपने-अपने बूथ लेवल एजेंटों की उपस्थिति सुनिश्चित करें, जिससे दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया निष्पक्ष एवं प्रभावी ढंग से पूरी हो सके। बैठक में तहसीलदार मूसाराम थारू सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न राजनी. तिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राजस्व वसूली में ढिलाई पर डीएम सख्त

## लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिले में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली को लेकर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी विभाग शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रह में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में भू-राजस्व, परिवहन, स्टांप, आबक. ारी, खनन, नगर निकाय, गन्ना, वाणिज्य कर, मंडी, सिंचाई, बाट-माप, बैंक, विद्युत सहित अन्य विभागों की लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को आरसी वसूली पूरी कराने तथा तहसीलदारों को वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व वादों का समयबद्ध निस्तारण और पुराने मामलों को प्राथमिकता से निपटाने को कहा। कम वसूली पर नारा. जगी जताते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत, वानिकी, मंडी समिति, बाट-माप, सिंचाई, खनिज, स्टांप एवं निबंधन तथा वाणिज्य कर विभाग को अभियान चलाकर लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग को ओवररेटिंग पर सख्ती बरतने को कहा गया। वहीं नगर निकायों को पिछले वर्ष की तुलना में कम से कम 25 प्रतिशत अधिक कर एवं राजस्व संग्रह करने के निर्देश दिए गए। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी विभागों को ए रैंक प्राप्त करने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि बी, सी और डी श्रेणी वाले विभाग इस माह ए रैंक की दिशा में ठोस प्रयास करें, जबकि ए रैंक वाले विभाग अपनी उपलब्धि बनाए रखें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पीड़िता की तहरीर पर पति समेत छह ससुरालियों पर रिपोर्ट

# कार व 15 लाख न मिलने पर दिया तीन तलाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** ससुराल में विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। विरोध करने पर मारपीट की। पति ने फोन पर तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक गौसपुर में रहने वाले तहसील ने अपनी बेटी सलमा बेगम की शादी गांव टिकिया के रहने वाले अब्दुल कादिर के साथ की थी। विवाहिता के पास एक बेटा भी है। सलमा बेगम ने दर्ज कराई प्राथमिकी के मुताबिक ससुराल वाले उसे दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। दहेज में चार पहिया वाहन और 15 लाख रुपये की मांग की जाती है। 13 जनवरी को ससुराल वालों ने सलमा के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। विवा. हता ने मारपीट की बात अपने पति को बताई तो उसने फोन पर ही तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में पति अब्दुल कादिर, ससुर सुबाबुल हसन, सास अकबरी, ननद उम्मेहानी, और जुनैद पाश व अफरोज आलम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# दीवार निर्माण में विवाद में फायरिंग की अफवाह

## पुलिस ने मौके पर पहुंच दो को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरार।** थाना क्षेत्र के गांव कंजर बसेड़ा में घर की दीवार निर्माण को लेकर हुए आपसी विवाद के दौरान फायरिंग और गोली लगने की सूचना से क्षेत्र में खलबली मच गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन जांच में फायरिंग की सूचना पूरी तरह गलत पाई गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि मामला दीवार निर्माण को लेकर पुराने पारिवारिक विवाद का था। गांव निवासी राजेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को उसका भाई मुकेश घर की दीवार का निर्माण करा रहा था। इसी दौरान पड़ोसी धर्मपाल, दीपू, जीतू और ईशु ने पूर्व विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। मुकेश द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर जब परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसी बीच किसी व्यक्ति ने पुलिस को गोली चलने और गोली लगने की सूचना दे दी, जिससे पुलिस महकमे में अफरातफरी मच गई। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि मौके पर फायरिंग का कोई साक्ष्य नहीं मिला। तहरीर के आधार पर धर्मपाल, दीपू, जीतू और ईशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, धर्मपाल और दीपू को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में चालान किया गया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

- बिना सूचना अंतिम संस्कार का आरोप
- ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के गांव दौली जबाहरलाल निवासी आरती (19) पुत्री सोमपाल की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप है कि युवती की मौत के बाद परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए रात में ही शव को ठिकाने लगा दिया। इसकी भनक बुधवार को आसपास के लोगों को लगी, जबकि गुरुवार को यह खबर गांव व क्षेत्र में फैल गई। इसके बाद किसी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीओ मीरगंज अजय कुमार तथा थाना प्रभारी शाही पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस के गांव पहुंचते ही परिजन घर से फरार हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ की और श्मशान भूमि पर जाकर करीब एक घंटे तक जानकारी जुटाई, लेकिन अंतिम संस्कार से संबंधित कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिल सका।

दौली जबाहरलाल ग्राम पंचायत के मजरा गौटिया निवासी ग्राम चौकीदार सूरज पाल की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पिता रामपाल, मां माया देवी और भाइयों विक्की, गौरव व अंकित के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। तहरीर में बताया गया कि युवती अपने पसंद के युवक से शादी करना चाहती थी, जबकि परिजन किसी अन्य युवक से विवाह का दबाव बना रहे थे। इसी कारण युवती ने आत्महत्या कर ली और शव को गुपचुप तरीके से दफना दिया गया। वहीं ग्रामीणों में चर्चा है कि युवती का गांव के ही एक युवक से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था और करीब दो माह पहले वह उसके साथ चली गई थी। बाद में दोनों को परिजनों ने बरामद कर लिया था और समझाइश के बाद युवक को छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बाद युवती पर कड़ी निगरानी रखी जाने लगी और उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। ग्रामीणों का यह भी आरा. ेप है कि युवती की हत्या कर शव को रात में ही ठिकाने लगाया गया।

बताया जाता है कि मृतका का एक भाई बरेली के एक निजी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत है। ग्रामीणों के अनुसार परिजन वहां कथित रूप से मौत से संबंधित दस्तावेज बनवाने भी गए थे, लेकिन सफलता नहीं मिली। थाना प्रभारी राजेश कुमार बैसला ने बताया कि चौकीदार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कमरे में आग जलाकर सोया था युवक, दम घुटने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सर्दी से बचने के लिए पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता का रसोइया तसले में आग जलाकर कमरा बंद करके सोया था, लेकिन कमरा बंद होने से धुंआ बाहर नहीं निकल सका। जिससे दम घुटने से रसोइए की मौत हो गई।

कोतवाली पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद किसी तरह दरवाजे को तोड़कर शव को बाहर निकालकर परिवार के लोगों को हादसे की सूचना दी।

अधीक्षण अभियंता केके सिंह का सरकारी आवास पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में है। इसमें अलीगंज के गांव ढकिया निवासी 50 वर्षीय वीरेंद्र सिंह रसोइया के रूप में काम करते थे। सरकारी आवास में ही अभियंता ने उन्हें अलग से कमरा दे रखा था। वीरेंद्र बुधवार रात खाना खाने के बाद सोने चले गए थे। उन्होंने एक परात में आग जला रखी थी। सुबह वह नहीं जागे तो केके सिंह ने उनके दरवाजे को खटखटाया। जवाब न मिलने पर अनहोनी की आशंका हुई। तब यूपी 112 को सूचना दी गई।

पीआरवी स्टाफ ने दरवाजा तोड़ा और अंदर घुसी। कमरे में जहां वीरेंद्र मृत हालत में पड़े मिले। कमरे के अंदर परात में आग ठंडी पड़ चुकी थी। हालांकि धुआं कमरे में भरा था।

वीरेंद्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाल सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी तरह के चोट या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। सर्दी से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सोने के दौरान गैस से दम घुटने के कारण मौत हुई है।

## एक नजर

# बाल विवाह उन्मूलन को लेकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में भारत सरकार द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत बाल विवाह उन्मूलन को लेकर जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ।

अभियान के तहत एनसीसी, एनएसएस, रोवर एवं रेंजर्स सहित महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने "बाल विवाह : एक सामाजिक अभिशाप" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम, अर्चना ने द्वितीय तथा प्रशांत कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही हस्ताक्षर अभियान चलाकर बाल विवाह जैसी सामा. जिक कुप्रथा के विरुद्ध जागरूक रहने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अधिकारों की रक्षा के प्रति संवेदनशीलता विक. सित करना रहा। कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. सचिन कुमार गिरि द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. विजय बहादुर सिंह बिष्ट, डॉ. पारुल जैन प्रभारी एनसीसी, डॉ. रत्नाकर दुबे, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. मोहम्मद फाइज, डॉ. विनय सिंह चौहान, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. आलोक त्रिपाठी एवं वीरेन्द्र शर्मा सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर दूसरे दिन भी हुआ खिचड़ी वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मकर संक्रांति के अवसर पर राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज मार्केट में खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। सुबह से ही समाजसेवियों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ खिचड़ी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



कार्यक्रम के दौरान सेवादार श्रद्धाभाव से सेवा करते नजर आए। समा. जसेवी विजय कुमार दिवाकर ने बताया कि मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण करने से जीवन में सुख–समृद्धि आती है और समाज व परिवार में खुशहाली बनी रहती है।इस अवसर पर पारस उपाध्याय, विजय दिवाकर, महेश दिवाकर सभासद, ओम गंगवार, अभय शर्मा, चंदन राठौर, आदित्य यादव, मनोज मौर्य, देवेंद्र पाराशारी, करण पाल, प्रशांत शर्मा, डॉ. अमित गंगवार, आकाश गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।ढ

# शिक्षक नेता पर जान लेवा हमला करने वाला तीसरा आरोपी गया जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** शिक्षक नेता टी आर गंगवार पर जान लेवा हमला करने वाला तीसरा आरोपी भी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल।

कार को ओवरटेक किए गए से नाराज दबंगों ने शिक्षक नेता टी आर गंगवार पर पांच दिन पहले तमंचे से जान लेवा हमला किया गया था। घटना की रिपोर्ट शिक्षक नेता कि ओर से अनूप सरदार सहित तीन के खिलाफ थाना नवाबगंज में दर्ज कराई गई थी। बताया जाता है कि दबंग शिक्षक नेता पर फायरिंग करने के बाद क्योलडिया की ओर भाग गए थे। कुछ देर बाद ही क्योलडिया पुलिस ने कार सवार दबंगों को धर्मकांटे के पास गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने कार में सवार थाना हाफिजगंज के अनूप सरदार और औरंगाबाद के सचिन को एक तमंचा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार को नवाबगंज पुलिस ने तीसरे आरोपी थाना हाफिजगंज के गांव सुनडयावा के दिनेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मकर संक्रांति पर जगह जगह हुए सामूहिक खिचड़ी सहभोज के कार्यक्रम, किए कम्बल वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मकर संक्रांति पर्व पर शुक्रवार को कई जगह सामूहिक खिचड़ी सहभोज के कार्यक्रम आयोजित किए गए। उद्योग व्यापार मंडल द्वारा इस अवसर पर निर्धन लोगों को कँबल भी वितरण किए गए।


उद्योग व्यापार मंडल द्वारा सियाराम मार्केट में सामूहिक खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। आयोजन में संगठन के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, संगठन के कोषाध्यक्ष प्रमोद आनंद, महामंत्री इकरार अहमद ने निर्धन महिलाओं पुरुषों को कंबल वित. रित किए। आयोजन में संजोग गुप्ता, अधिवक्ता संजय राठौर, इसके साथ ही तहसील परिसर में तहसील प्रशासन द्वारा सामूहिक खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने आयोजन में भाग लेने वाले सभी का आभार व्यक्त किया।

इसके साथ ही ग्राम बीजमऊ में भी संक्रांति पर्व पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी तादात में लोगों ने भाग लिया।

# गौशाला में गोवंश कम मिलने पर बजरंग दल ने जमकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गौशाला में गोवंश की संख्या कम पाए जाने पर आक्रोशित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि गौशाला से कुछ ही दिनो में 11 गोवंश गायब हो गए। उन्होंने उक्त गौशाला की प्रबंध समिति पर कार्यवाही किये जाने की मांग की।



शुक्रवार को राष्ट्रीय बजरंग दल (आरबीडी) के कार्येकर्ताओं ने कहा कि ग्राम खमरिया थाना बहेड़ी की गौशाला में कुछ समय पूर्व 76 गोवंश थे, लेकिन जब वह गुरुवार को मौके पर पहुंचे तो वहां गोवंश की संख्या 65 पाई गई। उन्होंने कहा कि गौशाला के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते 11 गोवंश की मौत हो चुकी थी। गोवंश की मौत के बाद गौशाला प्रबंधन ने गोवंश को गड्डे में दबा दिया। उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि उक्त गौशाला की सही तरह से रक्षा होना आवशयक है। उन्होंने इस मामले में लापरवाह गौशाला प्रबंधन और कर्मचारियों पर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इस मौके पर विभाग अध्यक्ष शानू गंगवार, जिला महामंत्री अरविंद दिवाकर, भूपेंद्र गंगवार उर्फ अंशू

करन शर्मा, अंकुश शर्मा, अनूप, योगेश, अमित गुर्जर, जितेंद्र यदुवंशी, मनोज गंगवार, राहुल सोलंकी, अजय मौर्य, दिनेश मौर्य आदित्य सोलंकी, अनुज कश्यप, आकाश, आशीष आदि उपस्थित रहे।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# एसपी उत्तरी मुकेश मिश्र ने शीशगढ़ कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

- कोतवाली की साफ सफाई देखकर प्रभारी निरीक्षक की दी शाबाशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शुक्रवार को एस पी उत्तरी मुकेश मिश्र ने शीशगढ़ कोतवाली का बार्षिक निरीक्षण किया।निरीक्षण से पहले उपनिरीक्षक दुष्यंत कुमार की टीम द्वारा एस पी का गॉर्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया।इसके बाद निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाने में रखी कन्सील्ट पर धूल देख हेड मोहर्रिर पर नाराजगी जताई और सफाई कराने के निर्देश दिये।इसी के साथ मैस का निरीक्षण किया। जिसमे खाना बनाने बाली महिला कन्नी से उसके हाथों को देखा,साफ दिखने पर खाने के मीनू के बारे में जानकारी कर खाना मीनू के आधार पर बनाने का निर्देश दिया।उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय के अभिलेखों का रख रखाव देखा और सभी अभिलेखों की गहनता से जांच की। उनके द्वारा अभिलेखों के रख रखाव तथा कुछ और कमियां पाई गई। जिसको आगामी 15 दिन में दुरस्त करने को निर्देशित किया।एस पी ने कोतवाली परिसर में बनी पुलिस कर्मियों की बैरिकों के निरीक्षण में कुछ कमरों की दीवारों में पानी से आ रही सीलन देख थाना प्रभारी से उसे दुरस्त कराने को निर्देशित किया। थाना परिसर की साफ सफाई व नवनिर्मित ऑफिस व विवेचकों के रूम को देख कर प्रशन्न दिखे।कोतवाली में अपराधों पर किए गए कार्य व साइबर सेल टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों को संतोष जनक पाए जाने पर पुलिस को इसी तरह कार्य करने का आदेश दिया। उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर टीम का कार्य सन्तोष जनक पाए जाने पर उन्हें सम्मानित किए जाने को एस एस पी से सिफारिश किए जाने की बात कही। उधर उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को जनता व संभ्रात व्यक्तियों से अच्छा व्यवहार रखने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हमारी जनता के प्रति संवेदनशीलता उच्चतम होनी चाहिए और पीड़िता के प्रति अच्छा व्यवहार भी होना चाहिए। जिससे जनता के बीच पुलिस का अच्छा सामंजस्य बना रहे।कस्वे में नगर पंचायत द्वारा मुख्य चौराहो पर लगाए गए सी सी टी वी कैमरों को कूछ समय से निष्क्रिय होने की शिकायत पर सभी कैमरों को जल्द क्रियाशील कराए जाने को प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह को निर्देशित किया।

# इंस्टाग्राम पर प्यार चढ़ा परवान प्रेमिका दिल्ली से पहुंची प्रेमी के घर

- प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी
- दिल्ली पुलिस ने बरामद कर प्रेमी के परिवार को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** दो वर्ष पूर्व इंस्टाग्राम से हुई मुलाकात धीरे धीरे प्यार में तब्दील हो गई। फिर प्यार इतना परवान चढ़ गया कि दोनों ने एक साथ जीने मरने की कसमें खाईं । दोनों के बीच प्रेम कहानी की भनक प्रेमिका की मां को भी लग गई, जिस पर युवती ने अपनी मां से प्रेमी के साथ शादी करने की बात रख दी। प्रेमी युगल एक ही समुदाय के बताए जाते हैं, लेकिन शादी की बात मंजूर नहीं होने पर प्यार में पागल युवती पांच दिन पूर्व अपने परिजनों को बिना बताए शीशगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले अपने प्रेमी के घर पहुंच गई।

घर से युवती के गायब होने पर युवती के परिजनों ने दिल्ली के जगतपुरी थाने में युवती के गायब होने की गुमशुदगी दर्ज करा दी। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद जगतपुरी दिल्ली पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस के द्वारा युवती को बरेली जनपद के शीशगढ़ थाने के एक गांव निवासी मेडिकल संचालक शोयब खान के घर पर होने के संकेत मिले । तुरन्त दिल्ली पुलिस युवती के परिजनों को साथ लेकर शीशगढ़ थाने पहुंच गई। शीशगढ़ पुलिस को साथ लेकर प्रेमी के गांव से युवती को बरामद कर लिया। पूछताछ में युवती ने अपने को बालिग बताते हुए प्रेमी के साथ रहने की इच्छा जताई। दिल्ली पुलिस ने उसके परिजनों के सामने युवती को उसके प्रेमी के परिजनों के सुपुर्द कर दिया और वापस दिल्ली लौट गई। सूत्रों के मुताबिक दोनों ने कोर्ट मैरिज करने के साथ ही निकाह भी कर लिया है।

> दिल्ली की एक युवती की गुमशुदगी के सम्बन्ध में दिल्ली पुलिस शीशगढ़ थाने आई थी। युवती को बरामद करने के बाद युवती ने प्रेमी के साथ रहने की जिद की। युवती बालिग थी इसलिए दिल्ली पुलिस उसको प्रेमी के परिजनों को सौंपकर दिल्ली वापस लौट गई।
>
> **हरेंद्र सिंह**
> **प्रभारी निरीक्षक**
> **कोतवाली शीशगढ़**

# बार काउंसिल चुनाव में कचहरी से तहसीलों तक दिखा लोकतंत्र का उत्सव

- पहले चरण में बरेली की तहसीलों में दिखा उत्साह, 333 प्रत्याशी मैदान में






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव को लेकर जिले भर की कचहरियों में लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिल रहा है। बरेली बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न होने के बाद अब प्रदेश की सर्वोच्च अधिवक्ता संस्था के 25 सदस्य पदों के लिए मतदान प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रदेश भर से कुल 333 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनके राजनीतिक और पेशेवर भविष्य का फैसला हजारों अधिवक्ता मतदाता कर रहे हैं।

जैसे ही मतदान प्रक्रिया शुरू हुई, बरेली कचहरी समेत जनपद की तहसील परिसर पूरी तरह चुनावी रंग में रंग गया। जगह–जगह प्रत्याशियों के चुनावी काउंटर, समर्थकों की चहल–पहल, बैनर–पोस्टर और पर्चों से अदालत परिसर में अलग ही माहौल देखने को मिला। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ–साथ युवा वकीलों में भी मतदान को लेकर खासा उत्साह नजर आया।

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के 25 सदस्य पदों के लिए मतदान की प्रक्रिया चार चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण का मतदान शुक्रवार और शनिवार को कराया जा रहा है। इस चरण में अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार 'ए' से 'सी' (A–C) अक्षर वाले जिलों को शामिल किया गया है, जिसमें बरेली, बदायूं और अमरोहा प्रमुख हैं। मतदान प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक हो रहा है।

> **अध्यक्ष–उपाध्यक्ष का होगा बाद में चयन**
>
> चारों चरणों का मतदान और मतगणना पूरी होने के बाद निर्वाचित 25 सदस्य ही मिलकर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन करेंगे। इस चुनाव को लेकर अधिवक्ता समुदाय में खासा उत्साह है।

बरेली जनपद में बार काउंसिल चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में जबरदस्त रुचि देखी जा रही है। जिले में सभी तहसीलों को मिलाकर कुल 4,395 अधिवक्ता मतदाता हैं। पहले दिन बरेली कोर्ट में कुल 3,600 मतदाताओं में से 1,262 वोट पड़े, जो लगभग 30 प्रतिशत मतदान दर्शाता है। मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं और अधिवक्ताओं ने अनुशासन के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### फरीदपुर तहसील में संतोषजनक मतदान

फरीदपुर तहसील में भी अधिवक्ताओं ने लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान किया। यहां कुल 111 मतदाता हैं, जिनमें से पहले दिन 54 अधिवक्ताओं ने अपने मत डाले। शेष मतदाताओं के आज शनिवार को मतदान करने की संभावना जताई जा रही है।

### बहेड़ी में 45 प्रतिशत रहा मतदान

बहेड़ी सिविल कोर्ट परिसर में मतदान के दौरान विशेष सतर्कता बरती गई। किसी भी अव्यवस्था से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। चुनाव अधिकारी सिविल जज अरुण कुमार पांडे ने बताया कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है।

बहेड़ी में कुल 246 अधिवक्ता मतदाता हैं, जिनमें से पहले दिन 114 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो लगभग 45 प्रतिशत मतदान है। अधिकारियों के अनुसार दूसरे दिन मतदान प्रतिशत और बढ़ने की उम्मीद है।

### नवाबगंज में अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी

नवाबगंज तहसील की मुंसिफ कोर्ट में भी अधिवक्ताओं ने मतदान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। यहां कुल 147 मतदाता हैं, जिनमें से पहले दिन 102 वोट डाले गए।

चुनाव अधिकारी विशेष मजिस्ट्रेट (एमपी/एमएलए कोर्ट) एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–2 दीपक कुमार मिश्रा की निगरानी में सुबह 10 बजे मतदान शुरू हुआ, जो शाम तक सुचारू रूप से चलता रहा। शेष 45 मत शनिवार को डाले जाएंगे।

### पहचान पत्र अनिवार्य, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने मतदान को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि प्रत्येक मतदाता को परिषद द्वारा जारी मूल पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# उत्तर प्रदेश दिवस–2026 मनाए जाने के सम्बन्ध में रूपरेखा तैयार करने हेतु जिलाधिकारी ने की बैठक

- उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों के लगाए जाएंगे स्टाल, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज उत्तर प्रदेश दिवस–2026 का आयोजन किए जाने हेतु तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में निर्देश दिए गए कि 19 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए, जिसके अन्तर्गत नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कर्मियों टोली बनाकर साफ–सफाई करायी जाए। युवा कल्याण विभाग को 19 से 23 जनवरी तक विभिन्न खेलों का आयोजन करने के निर्देश दिए गए तथा खेल विजेताओं को 24 जनवरी को पुरस्कृत कराए जाने के लिए कहा गया।

इसी प्रकार जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में रंगोली/भाषण/फैंसी ड्रेस/ निबंध/ चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त संस्कृति उत्सव/सर्व सम्मानित सरदार बल्लभभाई पटेल जी की जयंती/सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती/अटल बिहारी वाजपेयी जी व भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में कार्यक्रमों का आयोजन करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में निर्देश दिए गए कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए जाएं, विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रम, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कार वितरण, एक जनपद–एक उत्पाद पर आधारित प्रदर्शनी, लखपति दीदी/ करोड़ पति दीदी की सफलता की कहानी, वर्ष 2017 से 2025 तक सरकार की उपलब्धियों का पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शन किया जाए।

25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराने, आईसीडीएस विभाग को पोषक आहार के सम्बन्ध में जानकारी देने व स्टॉल लगाए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में 26 जनवरी को उत्कृष्ट कार्य करने वाले, हस्तशिल्पियों, स्वयं सहायता समूहों तथा उद्यमियों आदि को सम्मानित किये जाने हेतु सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। आईजीआरएस व जनता दर्शन में अच्छा कार्य करने वाले विभाग की भी सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि ओडीओसी(एक जनपद–एक व्यंजन) में बरेली की बर्फी/ सेवइयां/ त्यागी के छोले–भटूरे/छोटे लाल की चाट पर विचार किया जा रहा है, जिस पर उक्त के सम्बंधित स्टॉल लगाए जाने के निर्देश दिए गए तथा वन ट्रिलियन इकोनामी विषय पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी, डीसी एनआरएलएम सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जांच टीम पर ट्रक चढ़ाने की कोशिश करने वाले 24 आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पुलिस ने खनन सहित ओवरलोडिंग वाहन एवं आईएसटीपी जांच अभियान के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डालने और जाँच टीम को जान से मारने की नीयत से वाहन चढ़ाने की कोशिश के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कुल 37 ओवरलोड ट्रक व 3 अन्य वाहन सीज करते हुए 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

बताया जाता है कि बीती 15 जनवरी को खनन अधिकारी मनीष कुमार ने थाने में तहरीर दी थी कि जिलाधिकारी बरेली द्वारा गठित जांच टीम वन विभाग तिराहा कस्बा बहेड़ी पर खनन व ओवरलोडिंग वाहनों की जांच कर रही थी। आरोप है कि बिना खनन कागजात वाले ट्रकों ने बिना रुके एक राय होकर जांच टीम पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। कर्मचारी जान बचाने के लिए इधर–उधर कूदे, जिसमें उपनिरीक्षक कृष्णपाल को चोट आई और बैरिकेटिंग तोड़ते हुए ट्रक मौके से फरार हो गए। सूचना पर क्षेत्राधिकारी बहेड़ी के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना बहेड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। इस मामले में पुलिस ने 44 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद शुक्रवार को नवीन मंडी, कस्बा बहेड़ी से 24 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मौके से 37 ओवरलोड ट्रक एवं 3 अन्य वाहन पकड़ने के उपरांत धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज कर दिये हैं।

इस मामले में पुलिस ने सलमान निवासी डोहरिया थाना भोजीपुरा, मोहम्मद कमर निवासी गुड़वारा थाना बहेड़ी, करन सिंह निवासी जादौंपुर थाना भोजीपुरा, चांद निवासी महेश. पुरा थाना सीबीगंज, मोहम्मद नसीम निवासी टांडा थाना शेरगढ़, सुनील निवासी करमपुर चौधरी थाना इज्जतनगर, कासिम निवासी डोहरिया पचदोरा थाना भोजीपुरा, विकास निवासी इंदूपट्टी थाना तिलहर शाहज. हांपुर, फुरकान निवासी दियूरिया कला जिला पीलीभीत, अनुज निवासी मिर्जापुर रंजीत थाना बहेड़ी, साकिर निवासी सुरला थाना भोजीपुरा, नाजिम निवासी गुड़वारा थाना बहेड़ी, राजेश निवासी आनंदीपुर थाना देवर. नियां, मुस्तफा निवासी कंजादासपुर थाना इज्जतनगर, दान सिंह पटेल निवासी पट्टी दियावाली थाना जहानाबाद पीलीभीत, इमरान निवासी पचदौरा दौहरिया थाना भोजीपुरा, निजाम पचदौरा दौहरिया थाना भोजीपुरा आदि को गिरफ्तार किया है।

# शर्मसार: रास्ते पर अतिक्रमण से 24 घंटे घर में रुका शव

## पुलिस ने शौचालय के ऊपर से निकलवाई अर्थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** पड़ोसी के द्वारा रास्ते पर कब्जा करने के कारण 24 घंटे तक महिला का शव घर में रखा रहा। पुलिस से शिकायत करने के बाद पुलिस ने रास्ते में बने शौचालय के ऊपर से शव को निकलवाया। मृतका अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गई।

थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर भावता निवासी सोनू कुमार की पत्नि ज्योति (उम्र 30 वर्ष) पिछले काफी समय से कैंसर से पीड़ित थी। बुधवार को लंबी बीमारी के बाद ज्योति की मृत्यु हो गई। सोनू के पास लगभग 50 गज सरकारी पट्टा की भूमि है। पड़ोस के ही रहने वाले टीकम के पास भी 100 गज का सरकारी भूमि का पट्टा है। सोनू के घर के सामने कुछ भूमि पर रविदास धर्मशाला है। सोनू व टीकम का परिवार एक रास्ते से निकलते हैं। टीकम ने रास्ते पर ही शौचालय का निर्माण कर रास्ते पर अतिक्रमण कर रखा है। सोनू का कहना है कि उसने कई बार घर का रास्ता खुलवाने की मांग की, किंतु उसकी कहीं सुनवाई नहीं की गई। बुधवार को सोनू की पत्नी ज्योति का निधन हो गया। रास्ता छोटा होने के कारण उसकी पत्नी की अर्थी निकालने में परेशानी हो रही थी। सोनू ने गांव वालों को बुलाकर शव यात्रा निकलवाने के लिए रास्ता खुलवाने का आग्रह किया, किंतु उसकी कोई सुनवाई नहीं की गई। हार थक कर सोनू ने टीकम व विजय सिंह के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस की मौजूदगी में शौचालय के ऊपर से ही महिला की अर्थी को निकाला गया। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी के चलते मृतका के पति सोनू की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो गई थी। जिसके चलते उसके रहने के लिए एक घर तक भी नहीं है।

# मैक्स हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग की सख्ती, नोटिस जारी

## प्रसव ऑपरेशन में लापरवाही के आरोपों के बाद सभी वैध डिग्रियां प्रस्तुत करने के निर्देश, कार्रवाई से झोलाछापों में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** झोलाछाप चिकित्सकों और निजी अस्पतालों को लेकर शाह टाइम्स में प्रकाशित खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। धामपुर क्षेत्र के सुहागपुर मार्ग स्थित मैक्स हॉस्पिटल के खिलाफ उपचार में लापरवाही के आरोपों के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल संचालिका को नोटिस जारी किया है। नोटिस जारी होते ही स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पतालों में हड़कंप मच गया है।

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. राहुल ने बताया कि मैक्स हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. प्रीति सिंह को नोटिस जारी कर उनके द्वारा प्रस्तुत की गई चिकित्सकीय डिग्रियों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित चिकित्सक को अपनी सभी वैध शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय योग्यताओं से संबंधित दस्तावेज निर्धारित समय के भीतर विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे।

डॉ. राहुल ने बताया कि यदि निर्धारित समय सीमा में वैध डिग्रियां प्रस्तुत नहीं की जाती हैं या दस्तावेज संतोषजनक नहीं पाए जाते हैं, तो अस्पताल संचालक के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें अस्पताल को सील करने, पंजीकरण निरस्त करने तथा अन्य वैधानिक कार्रवाई भी शामिल हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि प्रसव के लिए भर्ती एक विवाहिता का सामान्य डिलीवरी का आश्वासन देने के बाद ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद महिला की हालत गंभीर हो गई। परिजनों द्वारा उपचार में लापरवाही और ऑपरेशन की वैधता को लेकर सवाल उठाए गए थे। मामले के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों व ग्रामीणों ने प्रदर्शन भी किया था।

स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य निजी अस्पतालों और कथित झोलाछाप चिकित्सकों में भी हड़कंप का माहौल है। बताया जा रहा है कि कई अस्पतालों में दस्तावेजों को दुरुस्त करने और रिकॉर्ड खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य विभाग इसी तरह लगातार जांच और कार्रवाई करता रहा, तो क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों पर अंकुश लग सकता है।

वहीं विभागीय कार्रवाई को लेकर आमजन में अब सख्त कदम उठाए जाने की उम्मीद जगी है।

## एक नजर

### सेना दिवस पर कार्यक्रम



**बिजनौर।** सेना दिवस के अवसर पर जेवीएस रिसॉर्ट्स, चक्कर रोड में आयोजित समारोह अत्यंत गरिमामयी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान तथा विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल अजीत सिंह गहलौत (से.नि.) उपस्थित रहे। समारोह में जिलाधिकारी ने भी सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं वक्ताओं ने प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए देश की सुरक्षा में सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के योगदान, उनके शौर्य, बलिदान और अनुशासन को नमन किया तथा युवाओं से राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। समारोह के दौरान गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, हरचंदपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। बच्चों की प्रस्तुति को सभी अतिथियों ने सराहना प्रदान की। समारोह के सम्मान कार्यक्रम में वीर नारियों एवं शौर्य पुरस्कार विजेताओं (Gallantry Award Winners) को सांसद चंदन चौहान, मेजर जनरल अजीत सिंह गहलौत तथा जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित/फेलिसिटेट किया गया। सम्मान पाकर वीर नारियों एवं पुरस्कार विजेताओं में गर्व एवं भावुकता का वातावरण देखने को मिला।

### स्वास्थ्य व पोषण के प्रति किया जागरूक



**हल्दौर।** ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर स्थित समग्र विद्यालय में आरएचएस इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस को स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया तथा ग्रामीणों को स्वास्थ्य व पोषण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गांव में जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली के माध्यम से संतुलित आहार, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा विभिन्न रोगों से बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। स्वयंसेवकों ने आकर्षक नारों एवं पोस्टरों के जरिए ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की और स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। कॉलेज के प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा ने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण मानव जीवन की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ आदतें अपनाने के साथ-साथ समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करता है। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश चंद्र गहलोत, सेवानिवृत्त महावीर सिंह चौहान (एमडी), पवित्र कुमार, गौरी शंकर, अनिल कुमार पाड़े, अवनीश कुमार, सचिन कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।

### एसआईआर पर सर्वदलीय बैठक



**नगीना।** उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विजय शंकर मिश्रा ने भारत निर्वाचन आयोग की स्पेशल समरी रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर एक सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित कई अधिकारीगण मौजूद रहे। एसडीएम विजय शंकर मिश्र ने बताया कि बैठक का प्राथमिक लक्ष्य बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) और बीएओ (बूथ लेवल अधिकारी) के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। उन्होंने फॉर्म 6 (नया नाम जोड़ने), फॉर्म 7 (नाम हटाने) और फॉर्म 8 (संशोधन) सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि यदि किसी को इन प्रक्रियाओं में कोई दिक्कत आती है, तो वह सीधे बीएलओ से संपर्क कर सकता है। उन्होंने सभी से चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की। एसडीएम ने विशेष रूप से बताया कि फॉर्म 6 भरते समय आधार कार्ड के साथ-साथ जन्मतिथि से संबंधित वैध दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाएं। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके या जल्द ही 18 वर्ष के होने जा रहे युवाओं का नाम मतदाता सूची में प्राथमिकता से जोड़ने पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी नगीना, वीआरसी टीटू सिंह, पूर्व विधायक सतीश गौतम, प्रमोद चौहान, अजीत अग्रवाल, रोहित कुमार रवि, कृष्ण बलदेव सिंह, नीरज बिश्नोई, सुभाष शर्मा, हरीराज सिंह, कय्यूम राइन, आदि राठौर, सोहन सैनी, गर्वित चौधरी, सरदार हरमीत सिंह, तिलक राज, असलम सिद्दीकी, अतुल भारती, जमीलउद्दीन, अरुण शर्मा, अमन कुमार सहित कई राजनीतिक दलों के लोग उपस्थित रहे।

### सोनू कश्यप के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग



**चांदपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ब्लॉक जलीलपुर कार्यकर्ताओं ने ज्वालागढ़ सरधना मेरठ निवासी सोनू कश्यप के हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र उप जिलाधिकारी चांदपुर के नाम लिखा। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन (वीएम सिंह) ब्लॉक जलीलपुर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे पत्र में कहा कि राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन सोनू कश्यप निवासी ग्राम जवालागढ़ सरधना मेरठ के हथियारों को तुरंत गिरफ्तारी और कड़ी सजा दिलाये जाने की मांग करता है। पीड़ित परिवार को 50 लख रुपए का मुआवजा भी समय रहते दिया जाए। साथ ही सोनू कश्यप के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाए। आज के संयुक्त मोर्चा के कार्यक्रम धरना प्रदर्शन के माध्यम से यह सामाजिक मांग करते हुए कहा गया कि उपरोक्त में कोई समाधान ना हुआ तो सर्व समाज बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा।मांग पत्र पर मुस्तकीम राजपूत, मीडिया प्रभारी तहसील चांदपुर दयाराम सिंह, मांगेराम सिंह, बाबूराम, लोकेश कुमार कश्यप, इमरान खान, हर गुलाल कश्यप, कमल कश्यप, रमेश कुमार, अशोक कुमार, सूरज कश्यप, योगेंद्र सिंह कश्यप, ग्राम प्रधान मेहंदी, उदय सिंह कश्यप आदि के नाम और हस्ताक्षर हैं।

# एसपी पूर्वी ने थाने का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एसपी पूर्वी धामपुर एके श्रीवास्तव ने थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में साफ-सफाई एवं अभिलेखों की बेहतर स्थिति पाए जाने पर एसपी पूर्वी ने थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार सहित स्टाफ की सराहना की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर थाना परिसर में पहुंचे एसपी पूर्वी धामपुर एके श्रीवास्तव ने थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क व साइबर क्राइम कक्ष का बारीकी से अवलोकन करते हुए एसपी पूर्वी ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने महिला संबंधी मामलों में संवेदनशीलता और साइबर अपराधों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। इसके अलावा एसपी पूर्वी ने ग्राम पहरियों को टार्च और सीटी का वितरण करते हुए गांव में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस और ग्रामीणों के आपसी सहयोग से ही अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। इस अवसर पर एसपी पूर्वी धामपुर एके श्रीवास्तव के साथ-साथ थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार,एसआई ललित कुमार, बिजेंद्र राठी, हरेन्द्र मलिक, गौरव कुमार, योगेश कुमार, महेश कुमार, संजपाल सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# ब्लैकआउट मॉक ड्रिल की तैयारी

## आपातकालीन स्थितियों के लिए हमेशा तैयार रहें: डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस पर नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद मुख्यालय में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित किए जाने के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, उप जिलाधिकारी सदर रितु रानी, सीओ सिटी संग्राम सिंह, आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने कहा कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारी को परखना और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा किसी भी वास्तविक आपदा के समय हमारी प्रतिक्रिया समय को कम करना और जीवन-माल की रक्षा के लिए सभी विभागों को मुस्तैद रखना है। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी के लिए सायरन ध्वनित किया जाएगा। सायरन बजते ही प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किया जाएगा तथा नागरिकों द्वारा शरण लेने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। हवाई हमला समाप्त होने पर ऑल क्लियर सायरन ध्वनित किया जाएगा। मॉक ड्रिल में अग्निशमन विभाग, स्काउट गाइड वालंटियर्स, नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों, एनसीसी वालंटियर्स द्वारा छोटी आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने, गंभीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने एवं ध्वस्त भवनों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा कोर, पावर कारपोरेशन, पुलिस विभाग अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, स्काउट गाइड, राजस्व विभाग, आपदा मित्र, राजस्व विभाग आदि की सहभागिता रहेगी। बैठक में डीएम द्वारा समस्त संबंधित विभागों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार करने, निर्धारित समय पर मॉक ड्रिल प्रारम्भ करने को लेकर चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को पूर्व में ही सभी तैयारियां सुचिश्चित करने के निर्देश दिए।

# तहसील प्रशासन ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

## एसडीएम ने किया सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कड़ाके की ठंड और लगातार पड़ रही शीतलहर के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से धामपुर तहसील सभागार में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत तहसील प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए, ताकि उन्हें सर्द रातों में ठंड से बचाव मिल सके।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अशोक राणा एवं उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने स्वयं जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग एवं मासूम बच्चे उपस्थित रहे। विधायक अशोक राणा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब और बेसहारा लोगों को राहत पहुंचाना केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि समाज की भी जिम्मेदारी है। विधायक ने आश्वासन दिया कि आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास किए जाते रहेंगे।

उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने बताया कि तहसील प्रशासन द्वारा पहले से ही क्षेत्र में सर्वे कर जरूरतमंद लोगों की पहचान की गई थी। उन्हीं चिन्हित लाभार्थियों को कंबल वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शीतलहर को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और यदि आगे भी आवश्यकता पड़ी तो अतिरिक्त राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे, इसके लिए प्रशासन को जानकारी दें।

कंबल पाकर मासूम बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के चेहरों पर राहत और संतोष की झलक साफ दिखाई दी। कई लाभार्थियों ने कहा कि इस भीषण ठंड में कंबल मिलना उनके लिए बड़ी राहत है और इससे उन्हें सर्द रातें काटने में मदद मिलेगी। उन्होंने तहसील प्रशासन और विधायक का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान तहसील के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। कंबल वितरण कार्यक्रम से क्षेत्र में प्रशासनिक संवेदनशीलता, जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और जनसेवा की भावना का सकारात्मक संदेश गया है। इस प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप, पूर्व प्रधान दष्यंत राणा, नायब तहसीलदार कपिल आजाद, लेखपाल प्रभात कुमार आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर गुड़ मंडी में खिचड़ी भोज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में गुड़ व्यापारियों ने मकर संक्रांति पर्व मनाया।

इस अवसर गुड मंडी समिति परिसर में मकर संक्रांति पर गुड़ व्यापारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए तथा मकर संक्रांति पर्व के बारे में जानकारी दी। इस उपलक्ष में खिचड़ी प्रसाद का वितरण हुआ जिसमें सभी व्यापारी गण ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। गुड़ व्यापारियों मे चौधरी शैलेंद्र सिंह, विमल अग्रवाल, सुबोध गुप्ता, अजय मित्तल, विशाल गोयल, कपिल गोयल, लकी गोयल, राहुल अग्रवाल, सुशील गुप्ता, आशु गोयल, वासु गोयल, विवेक चौधरी, गौरव चौधरी, वीरेंद्र राजपूत, पवन अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संदीप कौशिक, योगेश शर्मा, पंकज अग्रवाल, उदित गुप्ता, अरविंद जोशी, प्रदीप ठाकुर, उदराज सिंह, टीटू सिंह, अमरकांत शर्मा, अखिलेश कुमार, निखिल अग्रवाल, पुरुषोत्तम सिंह, मौहम्मद महबूब कैंटीन वाले आदि उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में बैठक



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पीएम किसान योजना में पंजीकृत पात्र किसानों की सूची के आधार पर फार्मर रजिस्ट्री के सत्यापन कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए । उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर रोजगार सेवक, लेखपाल एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से किसानों को जागरूक करते हुए फार्मर रजिस्ट्री करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कैंप लगाकर प्राथमिकता के आधार पर किसानों का पंजीकरण करें तथा उनको खसरा खतौनी भी पढ़ कर सुनाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि सत्यापन कार्य के दौरान किसानों के भूमि अभिलेख, आधार विवरण एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का मिलान करते हुए फार्मर रजिस्ट्री की जाए। उन्होंने बताया कि जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगा, वह भविष्य में फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी सरकारी योजनाओं से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यूनिक आईडी जेनरेट होने के बाद किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाने और बैंकिंग लोन लेने में आसानी होगी। इससे प्रक्रिया सरल हो जाएगी और फार्मर रजिस्ट्री होने के उपरांत किसी भी तरह के सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे किसान सरकारी योजनाओं का लाभ तत्काल उठा सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# किसानों का तहसील पर धरना-प्रदर्शन

## राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** देश व प्रदेश के किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर आज संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने राष्ट्रपति के नाम एक संयुक्त ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां, अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा व किसान सभा संगठन शामिल रहे। एकता उगराहां के मण्डल अध्यक्ष रवि चौधरी ने कहा कि देश का अन्नदाता आज गहरे आर्थिक संकट, कर्ज और नीतिगत उपेक्षा का शिकार है। खेती लाभ का साधन नहीं रह गई, बल्कि किसानों के लिए संघर्ष और अस्तित्व की लड़ाई बन चुकी है।

संयुक्त ज्ञापन में किसानों ने प्रमुख रूप से बिजली बिल 2025 की पूर्ण माफी, खाद की निर्बाध व कालाबाजारी-मुक्त आपूर्ति, किसान विरोधी बीज बिल की वापसी, एमएसपी की कानूनी गारंटी, सम्पूर्ण कर्ज माफी, गन्ना बकाया का ब्याज सहित तत्काल भुगतान, मिल से 15 किमी दूरी के अंदर कोल्हू/क्रेशर पाबंदी बाले नियम की समाप्ति, आवारा पशुओं से फसल सुरक्षा, 60 वर्ष से ऊपर किसानों को रुपए 10000 मासिक पेंशन तथा किसान समृद्धि सहायता राशि को बढ़ाकर रुपए 12000 प्रतिवर्ष करने जैसी अहम मांगें उठाईं। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसानों की इन बुनियादी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो आने वाले समय में व्यापक किसान आंदोलन के लिए सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी। किसानों ने स्पष्ट कहा कि किसान बचेगा तभी देश बचेगा और सरकार को अन्नदाता के सम्मान व अधिकारों की रक्षा के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने होंगे।

इस अवसर पर चौधरी विजयवीर सिंह, शमशाद हुसैन, मांगेराम सैनी, महेन्द्र सिंह, नरेश धारीवाल, प्रिन्स देओल, अमित चीमा, अंकित देओल, विवेक चौहान, दीक्षित चौहान, कुंदन सिंह, विकास चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।

## पहले दिन युवा मतदाताओं में दिखा जोश, प्रत्याशी शाहनवाज राणा को मिला अधिवक्ताओं का भारी समर्थन

# बार काउंसिल के चुनाव में 536 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव में अधिवक्ताओं ने जमकर दिलचस्पी दिखाई। मतदान के पहले दिन 536 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

बताते चलें कि शुक्रवार को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के लिए मतदान हुआ। प्रदेश में यह चुनाव चार चरणों में सम्पन्न होना है। आज 22 जनपदों में वोटिंग हुई। जनपद न्यायालय में सुबह से ही माहौल बदला हुआ नजर आया। शुरू में मतदान की गति धीमी रही लेकिन जैसे जैसे समय आगे बढ़ा मतदान की गति जोर पकड़ने लगी। चूंकि यहां एक ही मतदान केन्द्र है तथा इस चुनाव में 333 अधिवक्ता प्रत्याशी मैदान में हैं तथा एक अधिवक्ता अधिकतम 25 वोट कर सकता है। जिस कारण मतदान में काफी वक्त लगा। दोपहर के बाद जनपद न्यायालय मतदान केन्द्र पर अधिवक्ता मतदाताओं की लम्बी कतार लग गयी। जनपद न्यायालय में 1268 मतदाता हैं। पहले दिन 372 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव लड़ने वाले तमाम प्रत्याशियों ने मतदान केन्द्र का दौरा किया जबकि अपने टैंट भी लगा रखे थे। जहां मौजूद अधिवक्ता दूसरे अधिवक्ताओं से अपने प्रत्याशी के समर्थन में वोट देने की अपील कर रहे थे। बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष एवं सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज राणा के समर्थन में अधिवक्ताओं ने जमकर मतदान किया। उन्हें युवा मतदाताओं के साथ बुजुर्ग मतदाताओं का भी भरपूर समर्थन दिखाई दिया। उधर दूसरे मतदान केन्द्र हसनपुर में भी अधिवक्ताओं ने बार के चुनाव में दिल खोलकर वोट डाले। यहां 344 वोटरों में से 164 वकीलों ने अपने मत का प्रयोग किया। अमरोहा व हसनपुर में आज मतदान का पहला दिन था जबकि कल (आज) भी वोटिंग होगी। चुनाव लड़ने वाले 333 प्रत्याशी अपनी जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। प्रत्याशी शाहनवाज राणा ने दावा किया है कि पहले दिन जिन जिलों में मतदान हुआ है उनमें उन्हें वकीलों का भारी समर्थन मिला है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि वह फिर से बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य पद का चुनाव जीतेंगे।









## पहले दिन मतदान ने पकड़ी रफ्तार

### बार काउंसिल चुनाव में जमकर हुआ मतदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव को लेकर इस बार अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जनपद न्यायालय परिसर में पहले दिन सुबह मतदान की शुरुआत भले ही धीमी रही हो, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, अधिवक्ताओं की भागीदारी लगातार बढ़ती गई। मतदान केन्द्र पर लंबी कतारों ने यह साफ कर दिया कि अधिवक्ता वर्ग इस चुनाव को लेकर गंभीर है। एक ही मतदान केन्द्र और 333 प्रत्याशियों की लंबी सूची ने मतदान प्रक्रिया को समयसाध्य बना दिया, इसके बावजूद अधिवक्ताओं का धैर्य और लो. कतांत्रिक जिम्मेदारी देखने लायक रही।

इस चुनाव में युवा और वरिष्ठ अधिवक्ताओं की सक्रियता ने खास ध्यान खींचा। युवा वकील जहां संगठन में नई सोच और बदलाव की उम्मीद लेकर मतदान करते नजर आए, वहीं वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने अनुभव के आधार पर ऐसे नेतृत्व को चुनने पर जोर दिया, जो बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सके। पूरे दिन जनपद न्यायालय परिसर में चुनाव ही चर्चा का मुख्य विषय रहा। अदालतों, चौंबरों और गलियारों में अधिवक्ता प्रत्याशियों के पक्ष-विपक्ष में बातचीत करते नजर आए, जिससे चुनावी माहौल बना रहा।

## हसनपुर में 344 में से 164 ने किया मतदान

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद के चुनाव में वोटरों ने सुबह से ही बूथ पर पहुंचकर मतदान करना शुरू कर दिया। शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तहसील बार एसोसिएशन एवं मुंसिफी कोर्ट बार एसोसिएशन के वकीलों द्वारा मुंसिफी कोर्ट परिसर में बनाये गये मतदान केंद्र पर मतदान करना शुरू कर दिया। वोट डालने को लेकर खासकर युवा अधिवक्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। हालांकि मुंसिफी बार के अधिवक्ता करतार सिंह पाल की मृत्यु होने के कारण यहां के कम ही अधिवक्ताओं ने मतदान किया। 344 वोटो में से 164 मतदाताओं ने अपने वोट का प्रयोग किया। कल आज भी अधिवक्ताओं द्वारा वोट डाले जाएंगे। मतदान केंद्र के आसपास कई सुरक्षा व्यवस्था का मुकम्मल इंतजाम किया गया था। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का मतदान केंद्र के बाहर पंडाल लगाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की जा रही थी। कड़ाके की ठंड होने के बावजूद अधिवक्ताओं द्वारा मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया है।



## जमीन दिलाने का झांसा देकर 6.85 लाख हड़पे

### पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** जमीन दिलाने का झांसा देकर किसान से 6.85 लाख रुपये हड़प लिए। तकादा करने पर आरो. पियों ने जान से मारने की धमकी दी। जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कनपुरा में अनुसूचित जाति के महिपाल सिंह का परिवार रहता है। उनका आरोप है कि नौगावां सादात थाना क्षेत्र और अमरोहा शहर के कुछ परिचित लोगों ने जमीन दिलाने का झांसा देकर उनसे 6.85 लाख रुपये लिए थे। लेकिन, बाद में आरोपियों ने न तो जमीन दिलाई और न ही रुपये वापस किए। पीड़ित महिपाल सिंह ने आरोपियों से अपनी रकम वापस मांगी तो लौटने से साफ इनकार कर दिया। बाद में पंचायत में आरोपियों ने अगस्त में 80 हजार रुपये वापस कर दिए। लेकिन, बाकी रुपये को लेकर तकादा करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इतना ही नहीं जाति सूचक शब्दों से उन्हें अपमानित भी किया। दोबारा तकादा करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित महिपाल सिंह ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सालों बाद कंकाल कांड की जांच को पहुंची पुलिस

### दो साल पहले खेत में मिला था अबुजर का कंकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर में वर्ष 2023 में सात वर्षीय बालक अबूजर का कंकाल मिलने के सनसनीखेज मामले में शुक्रवार को एक बार फिर हलचल मच गई। सालों बाद पुलिस काफिला गांव पहुंचा और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया तथा थाना पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर परि. जनों से बातचीत की और पुराने घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी जुटाई।

गौरतलब है कि ग्राम शेरपुर निवासी आरिफ का पुत्र अबूजर सात जुलाई 2023 को लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद 10 जुलाई को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। करीब 35 दिन बाद 12 अगस्त 2023 को उसके ताऊ के खेत में बालक का कंकाल मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। उस समय परिजनों ने भी प्रथम दृष्टया हत्या कर शव खेत में फेंके जाने की आशंका जताई गई थी। शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों ने उस खेत का निरीक्षण किया, जहां कंकाल बरामद हुआ था। परिजनों से पूछताछ कर मामले की कड़ियां दोबारा जोड़ी गईं। एसपी अमित कुमार आनंद ने भरोसा दिलाया कि प्रकरण की निष्पक्ष व गहराई से जांच कर सभी पहलुओं को खंगाला जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गांव में पुलिस काफिले की मौजूदगी से लोगों में एक बार फिर उम्मीद जगी है कि मासूम को इंसाफ मिलेगा।

## जंगली जानवर के हमले में हुई थी कैलाश की मौत

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** किसान कैलाश की मौत जंगली जानवर के हमले में हुई थी। माना जा रहा है कि ये हमला तेंदुए ने ही किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की गई है। कैलाश के सिर ओर गर्दन में गहरा घाव मिला है। इतना ही नहीं नाक व होंठ पर छेदनुमा जख्म भी मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। वन विभाग की टीम ने जंगल में घटनास्थल के नजदीक पिंजरा लगा दिया है। जंगल में तेंदुआ होने के चलते में ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

दरअसल, नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर कलां निवासी कैलाश गुरुवार सुबह करीब सात बजे शौच लिए जंगल गए थे, लेकिन इसके बाद वह काफी देर तक वापस नहीं लौटे। बाद में परिजनों ने कैलाश को गांव में तलाश किया तो उनका कहीं पता नहीं चला। दोपहर करीब बारह बजे परिजन कैलाश को ढूंढते हुए जंगल की तरफ पहुंचे तो उनका शव सरसों के खेत में लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शुरुआत में ही जंगली जानवर के हमले में कैलाश की मौत होने की बात कही थी। पुलिस ने वन विभाग की टीम को भी मौके पर बुला लिया था। ग्रामीण भी तेंदुए के हमला मौत की वजह मान रहे थे, क्योंकि जंगल में तेंदुआ देखा जा रहा था। हालांकि, वन विभाग के अधिकारी चोट के निशाने को देखकर तेंदुए के हमले से इनकार कर रहे थे। पुलिस ने मृतक कैलाश के शव का पोस्टमार्टम कराया। गुरुवार देर शाम तीन डॉक्टरों के पैनल ने कैलाश के शव का पोस्टमार्टम किया। जिसमें सिर और गर्दन में गहरा घाव मिला। चोट इतनी गहरी थी कि सिर की हड्डी तक घाव था। जबकि, नाक और होंठ पर चोट के निशान थे। नाक की हड्डी भी टूटी हुई थी। डॉक्टर के पैनल ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जंगली जानवर के हमले में कैलाश की मौत होने की पुष्टि की। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया की किसान की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल गई है। जिसमें डॉक्टरों ने जंगली जानवर के हमले से मौत होने का जिक्र किया है। ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने की बात बता रहे थे। इसके बाद वन विभाग की टीम ने भी घटनास्थल के आसपास तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है। ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

## दो युवकों ने जेई के साथ की मारपीट

### बिजली का बिल जमा करने को विवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बिजली का बिल जमा करने को लेकर हुई कहासुनी के दौरान दो युवकों ने जेई के साथ मारपीट की। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव धनौरा उर्फ मुरादनगर बिजली घर से जुड़ा है। 14 जनवरी की शाम पांच बजे जेई दुष्यंत कुमार मौर्य बिजली घर पर थे। ऑनलाइन वीसी चल रही थी। तभी धनौरी अहीर गांव के रहने वाला फरमान और इरशाद से उनकी बिजली के बिल को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि तभी फरमान और इरशाद ने जेई दुष्यंत कुमार मौर्य के साथ मारपीट की और उन्हें गालियां भी दीं। आरोपी बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में फरमान और इरशाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## क्रिकेट मैच में हुआ विवाद, युवक का सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शहर के गांधी नगर मोहल्ले में शुक्रवार को क्रिकेट खेलते समय हुए विवाद में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें युवक के सिर पर वार किया गया। घायल हालत में युवक थाने पहुंचा और चार नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। जानकारी के अनुसार गांधी नगर निवासी मुकुल कुमार पुत्र अनिल कुमार मोहल्ले के मैदान में अन्य युवकों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान खेल को लेकर दूसरे पक्ष से उसकी कहा. सुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दूसरे पक्ष के युवकों ने मुकुल पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार व मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पालिका सभासद गुड्डू का बीमारी से निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** नगर पालिका गजरौला वार्ड संख्या 09 के सभासद सुंदर उर्फ गुडडू का बीमारी के चलते शुक्रवार की सुबह आठ बजे निधन हो गया। वे 30 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।



जानकारी के अनुसार सुंदर उर्फ गुडडू नगर के मुहल्ला नई बस्ती वार्ड संख्या 09 के सभासद थे। पिछले कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे, शुक्रवार की सुबह आठ बजे आवास पर ही उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही उन्हें संवेदना देने वालों का तांता लग गया। नगर पालिका अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, ईओ ललित कुमार आर्य, लेखाकार आदेश अग्रवाल, लिपिक ललित कुमार, इरशाद खां, अजय गोस्वामी, अक्षय शुक्ला, वंदना अग्रवाल सहित पालिका के सभासदों, राजनैतिक दलों से जुड़े नेताओं जाफर मलिक, रामरतन सिंह, ओमकार सिंह आदि ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिजनों को ढाढस बंधाया।

## स्टेट हाइवे पर सघन वाहन चैकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को स्टेट हाइवे पर पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने खास तौर पर चार पहिया वाहनों की गहन तलाशी ली और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। अभियान के दौरान वाहन चाल. कों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने के लिए चालकों को जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना गंभीर अपराध है और इससे जान-माल का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करने की अपील की।

# किसान नेता पर दर्ज किये जा रहे फर्जी मुकदमे

### तहसील में प्रदर्शन कर उठायी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत शुक्रवार को नवीन तहसील में संपन्न हुई। हरकेश सिंह की अध्यक्षता और राजू चौहान के संचालन में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई। और प्रशासन को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। पंचायत में किसानों ने कई गंभीर मुद्दों को उठाया । जिनमें खैलिपा खालसा में गाँव के मुख्य रास्ते में जलभराव की समस्या को तुरंत ठीक करने की मांग की गई।

कोटा और डंगरोली में यहाँ भी खराब रास्तों की मरम्मत की मांग प्रमुखता से उठी। जयतौली एतमाली में चकबंदी अधिकारियों द्वारा चकों पर रास्ता न दिये जाने की शिकायत की गई। नाले पर किये गये अवैध अतिक्रमण को तत्काल मुक्त कराने की मांग की गई। संगठन ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी पर प्रशासन द्वारा फर्जी मुकदमे दर्ज किये गये हैं। किसान नेताओं का कहना है कि किसानों की आवाज उठाने के कारण प्रशासन द्वारा न केवल मुकदमे लिखे गए हैं, बल्कि 'गुंडा एक्ट' जैसी दमनक. ारी कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है। पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 31 जनवरी तक डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी पर लगे फर्जी मुकदमे समाप्त नहीं किये जाते और क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान नहीं होता। तो 2 फरवरी से अमरोहा कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन धरना भूख हड़ताल और आमरण अनशन शुरू किया जायेगा। संगठन ने स्पष्ट किया कि इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। बैठक के बाद समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को सौंपा गया। मनोज नागर, जफर रजा, सुखपाल, सुरेश भगत, विवेक चौहान, मयंक प्रधान और अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# डीएम की जनप्रतिनिधियों के साथ प्रथम जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

■ रामपुर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु व्यापक रणनीति पर हुआ मंथन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में प्रथम जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाना रहा। शहर विधायक ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को राम रहीम सेतु पर स्थित जीना/स्टेर के कारण आए दिन लगने वाले जाम की समस्या पर गंभीरता से विचार करते हुए उसे बंद किए जाने अथवा वैकल्पिक तकनीकी एवं प्रशासनिक समाधान अपनाने के निर्देश दिए गए, ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके। इसी क्रम में अजीतपुर बाईपास पर स्थित सर्विस लेन की जर्जर स्थिति को देखते हुए शीघ्र मरम्मत कार्य कराए जाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

बैठक के दौरान यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।


जिलाधिकारी ने जनपद में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ठोस एवं व्यावहारिक उपाय अपनाए जाने पर बल दिया गया। यातायात नियमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ प्रवर्तन की कार्रवाई को भी और अधिक प्रभावी बनाए जाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने एनएचआई के अधिकारियों को निर्देशित कि शीतऋतु एवं कोहरे के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, अन्य जिला मार्ग (ओडीआर/एमडीआर) सहित अन्य प्रमुख एवं संवेदनशील मार्गों पर पर्याप्त संख्या में स्पष्ट एवं मानक अनुरूप साइनेंज बोर्ड, रिफ्लेक्टर, रोड इंडिकेशन बोर्ड तथा रोड मार्किंग कराएं। इसके अतिरिक्त कोहरे के दौरान दृश्यता कम होने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में एनएच पर स्थित टोल प्लाजा पर लगाए गए सूचक बोर्डो पर वाहन की अधिकतम स्पीड लिमिट स्पष्ट रूप से अंकित किए जाने के निर्देश भी संबंधित एजेंसियों को दिए गए।

जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वाहन चाल. कों एवं सवारियों द्वारा सीट बेल्ट एवं हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग को सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए चालान की कार्यवाही की जाय। बैठक में यह भी कहा गया कि प्रवर्तन के साथ-साथ लोगों को नियमों के महत्व के प्रति जागरूक करना भी अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने बैठक में हाईवे पर संचालित ई-रिक्शाओं के अनियंत्रित संचालन से उत्पन्न हो रही दुर्घटना संभावनाओं पर भी चर्चा की गई तथा इनके संचालन के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि विद्यालय स्तर पर बच्चों एवं शिक्षकों के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित हो सके। इसके अतिरिक्त रोडवेज बसों द्वारा यात्रियों को केवल निर्धारित रोडवेज बस स्टॉप के भीतर ही उतारने एवं बैठाने को सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिए गए, जिससे सड़कों पर अनावश्यक ठहराव एवं दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। बैठक में सचिव जिला सड़क सुरक्षा समिति/अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग कृष्ण वीर, सह सचिव उप संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी सीएमओ डा.आर.के. वर्मा, वीर खालसा सेवा समिति के प्रतिनिधि अवतार सिंह, सहायक अभियंता प्रांतीय/निर्माण खंड, लोक निर्माण विभाग राजीव गंगवार एवं राजेन्द्र कुमार सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग अभियान में 1262 वाहनों की जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में अवैध उप खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर सघन निगरानी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार 15 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त तहसीलों के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर विशेष जांच अभियान संचालित किया गया।

अभियान के अंतर्गत कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित किए गए। रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1262 वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग से संबंधित गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग जैसी किसी भी अवैध गतिविधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे विशेष जांच अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि जनपद में कानून एवं व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे तथा खनिज संसाधनों का अनधिकृत दोहन रोका जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी वाहन अथवा व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के प्रति किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी।

# दहेज लोभियों ने विवाहिता तेजाब से जलाने का किया प्रयास

■ एसपी के आदेश पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक।** जेठ से शारीरिक संबंध ना बनाने पर दहेज लोभियों ने विवाहिता के साथ मारपीट की और तेजाब से जलाने का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पांच लोगों खिलाफत की गई है। विवाहिता रूबी ने एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक रामपुर के यहां 12 जनवरी 2026 को दिया था पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दहेज उत्पीड़न सहित कई धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवाहिता रूबी की शादी 10 दिसंबर 2024 को राहुल पुत्र राजपाल निवासी ग्राम किशोरपुर थाना बिनावर जिला बदायूं के साथ हुई थी। विवाहिता के के पिता ने अपने हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन तक तो सब ठीक-ठाक रहा लेकिन कुछ दिनों बाद विवाहिता के ससुराल वाले आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते थे और मारपीट करते थे। इस संबंध में विवाहिता ने अपने मायके वालों को पूरी बात बताई मायके वालों ने विवाहिता का घर न टूटे इसको लेकर मायके वालों ने अपनी पुत्री को भेज दिया। जून 2025 को विवाहिता अपने घर पर अकेली थी तभी उसका जेठ घर में घुस आया और छेड़खानी करने लगा जब विवाहिता ने इसका विरोध किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गया जब विवाहिता के इसकी जानकारी अपने पति राहुल को दी। इसको लेकर सास तथा नंद ने कहा कि जब तक तेरे मां बाप हमारे दहेज की मांग पूरी नहीं करेंगे तब तक तुझे मेरे भाई के साथ शारीरिक संबंध बनाने पड़ेंगे।

विवाहित सब कुछ बर्दाशत करती रही जिससे की विवाहिता का घर ना बिगड़े 22 दिसंबर 2025 को विवाहिता के पति राहुल जेठ मनोज सास सावित्री नंद राखी ससुर राजपाल ने एक राय होकर विवाहित के साथ बुरी तरह मारपीट की तथा विवाहिता को जान से मारने की नीयत से विवाहिता के ऊपर तेजाब डाल दिया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों ने विवाहिता को वा मुश्किल बचाया और विवाहिता के माता-पिता को फोन से सूचना दी।

सूचना पर विवाहिता के मायके वाले पहुंच गए विवाहिता का मुंह चेहरे तथा शरीर पर काफी गुम तथा खुली चोटे थी तथा विवाहिता के गले की हड्डी फैक्चर थी तब विवाहिता के माता-पिता ने थाना मिलक में तहरीर दी किंतु रिपोर्ट नहीं लिखी गई। इसको लेकर विवाहिता पुलिस अधीक्षक रामपुर के यहां पेश हुई और उनके आदेश पर कई धाराओं में पति सहित पांच के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## आमने-सामने हुई बाइकों की टक्कर में बैंक चपरासी की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में बैंक के चपरासी की मौत हो गई। आमने-सामने से दो बाइकों की टक्कर में गंभीर रूप से घायल चपरासी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐमी निवासी छोटेलाल (53) रठौंडा स्थित बैंक में चपरासी के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार देर रात वह बाइक से रठौंडा से अपने गांव ऐमी लौट रहे थे। रठौंडा की पुलिया के पास सामने से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर ले आए। शुक्रवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें मिलक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## एक नजर

### गाली गलौज व जान से मारने की धमकी पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैडोली में एक गाली गलौज का मामला सामने आया जिसको लेकर प्रार्थी ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया, मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरीओम पुत्र मंगल सैन नि0 ग्रा0 जैडोली थाना शाहबाद जनपद रामपुर का निवासी है व प्रार्थीनी ववली देवी पत्नी हरीओम को राजवीर पुत्र रामकुमर बिना किसी बात के गाली-गलोच करने लगा। जब यह मामला गांव वालों को पता लगा तब गांव के सम्मान जनक व्यक्तियों ने समझा बुझाकर दोनों पक्ष को घर भेज दिया। उन्होंने बाद प्रार्थी जब घर से बाहर किसी कम से अगले दिन सुबह चला गया तो राजवीर पुत्र रामकुमर घर की छत पर चढकर ववली पत्नी हरीओम के ईट मार दी जिससे वे घायल हो गई। इस पर हरीओम अपने भाई विक्रम पुत्र मंगल सैन, राजवीर के घर गया तो शिकायत की तो नरदीप पुत्र रामकुमर, रामादेवी पत्नी रामकुमर ने गाली गलौच व मारपीट करने लगे। तब मजबूरी में प्रार्थी अपने मारपीट की रिपोर्ट लिखाने कोतवाली आया। रिपोर्ट लिखकर कानूनी कार्यवाही करने की अपील की व मुकदमा दर्ज कराया।

### विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** शुक्रवार को भारतीय किसान संघ ने उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उठाया गया, जिनमें विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करना, आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान और पात्र किसानों के राशन कार्ड काटे जाने जैसे मुद्दे शामिल थे। संघ ने मांग की कि क्षेत्र के विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। उनका कहना था कि इससे आम जनता के बच्चों को सही और समान शिक्षा मिल सकेगी।

किसानों ने बताया कि प्रत्येक गांव में निराश्रित गोवंश फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान कड़ाके की ठंड में रातभर जागकर अपनी फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि अधिकांश गांवों में प्रधानों की कथित मिलीभगत से पात्र किसानों के राशन कार्ड काटे जा रहे हैं। संघ ने इस मामले की सही जांच कराकर पात्र लाभार्थियों के राशन कार्ड फिर से जोड़ने की मांग की। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के उमेश, गजेंद्र, ठाकुर, कल्लू, रमेश, भोजराज और सोहन लाल सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### अधिवक्ता को हार्ट अटैक, साथी अधिवक्ताओं ने दिया प्राथमिक उपचार, सीएचसी में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** तहसील परिसर में शुक्रवार को युवा अधिवक्ता घनेंद्र सिंह यादव को अचानक हार्ट अटैक आ गया। उनके साथी अधिवक्ताओं ने तत्काल उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शाहबाद में भर्ती कराया।यह घटना शुक्रवार की है जब अधिवक्ता घनेंद्र सिंह यादव तहसील परिसर में बैठे हुए थे। उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। जब साथी अधिवक्ताओं ने उन्हें देखा, तो घनेंद्र सिंह ने उन्हें अपने सीने में असहनीय दर्द के बारे में बताया।साथी अधिवक्ताओं ने तुरंत उन्हें एक तख्त पर लिटाया। उन्होंने उनके हाथ-पैर मसले और सीने को दबाकर प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद, उन्होंने तत्काल 108 एंबुलेंस को फोन करने का प्रयास किया।हालांकि, बार-बार फोन करने पर भी 108 एंबुलेंस से संपर्क नहीं हो पाया। इसके बाद, अधिवक्ताओं ने एक निजी वाहन की व्यवस्था की और घनेंद्र सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार दिया।

### खेत से रास्ता निकालने से मना करने पर मारपीट कर घायल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** खेत में होकर रास्ता निकालने मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया घटना की रिपोर्ट तीन लोगो के खिलाफ दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के खाता कला निवासी माजिद अली ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि मेरी कृषि भूमि ग्राम सिंगरा तहसील मिलक जनपद रामपुर में है। मेरे जमीन के बराबर से लइक अहमद पुत्र कबीर अहमद तथा उनके पुत्र फैजी अरबाज यह लोग आए दिन मुझको किसी न किसी बात पर परेशान करते रहते हैं तथा कई बार जान से मारने की भी धमकी दे चुके हैं। 12 जनवरी 2026 को समय शाम के लगभग 5:00 बजे लइक अहमद मेरे गेहूं की फसल में से निकलने का रास्ता बना रहे थे जब मैंने इसका विरोध किया तो जब मैंनै लइक अहमद से खेत में से निकलने को मना किया तो तभी इन सभी लोगों ने मिलकर गाली गलौज करने लगे। जब मैंने गाली गलौच का विरोध किया तो यह मारपीट पर उतारू हो गए प्रार्थी माजिद के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपित चले गए। इस संबंध में माजीद ने कोतवाली में तहरीर दी तहरीर के आधार पर तीन के खिलाफ नामजद हुई रिपोर्ट दर्ज।

## नदीम बने निर्विरोध सचिव, प्रतिद्वंदी तैयब खां ने अपना पर्चा लिया वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन स्वार के वार्षिक चुनाव में सचिव पद प्रत्याशी तय्यब खाँ द्वारा अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया। चुनाव मैदान में अब सचिव पद पर सिर्फ नदीम अहमद एडवोकेट का नामांकन पत्र रह जाने के कारण उनका निर्विरोध सचिव बनना तय हो गया है।



शुक्रवार को सहायक चुनाव अधिकारी महिपाल सिंह तथा राजेन्द्र चन्द्रा की मौजूदगी में सचिव पद प्रत्याशी तैयब खाँ द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वी सचिव पद प्रत्याशी नदीम अहमद एडवोकेट के हक में नामांकन पत्र वापिस ले लिया।

मुख्य चुनाव अधिकारी महबूव अली एडवोकेट ने बताया सचिव पद प्रत्याशी तय्यव खघन एडवोकेट द्वारा लिखित रूप में सहमति जताते हुए नदीम अहमद एडवोकेट के हक में अपना पर्चा वापिस ले लिया गया है। जिसके आधार पर अब नदीम अहमद एडवोकेट निर्विरोध सचिव रह गये हैं।

इस मौके पर कार्यवाहक अध्यक्ष गुरनाम सिंह सन्धू एडवोकेट, ब्रजे किशोर दिवाकर एडवोकेट, हर स्वरूप मोर्या एडवोकेट, रफीक अहमद एडवोकेट, जमाल मियां एडवोकेट, वैभव सक्सैना एडवोकेट, वसीम अहमद एडवोकेट, आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न

■ सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ एवं औषधि उपलब्ध कराने पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य, पेय पदार्थ तथा औषधि उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार, रामपुर में सम्पन्न हुई।

बैठक में समन्वयक सदस्य सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा समिति के समक्ष एजेण्डा प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत एजेण्डा के बिन्दुवार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। समिति के सदस्यों ने अब तक की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए जागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव दिए। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि कम्पोजिट शॉप एवं देशी शराब की दुकानों पर टेट्रा पैक के पैकेट तथा प्लास्टिक के गिलासों के समुचित निस्तारण हेतु ढक्कनयुक्त कूड़ेदानों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी जनपद में फास्ट फूड के ठेलों पर उपयोग की जा रही रंगीन चटनियों एवं रंगीन खाद्य पदार्थों पर प्रभावी रोक लगाने तथा फास्ट फूड विक्रेताओं को जागरूक करने के लिए सघन प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश दिए।

साथ ही, मिलावटखोरी को पूर्ण रूप से समाप्त करने के उद्देश्य से प्रभावी प्रवर्तन, अपमिश्रण से संबंधित जांच रिपोर्टों के आधार पर दर्ज वादों में न्यायालय में प्रभावी



पैरवी सुनिश्चित करें। सरकारी आवासीय विद्यालयों के संदर्भ में जिलाधिकारी ने बताया कि आश्रम पद्धति विद्यालय को एफएसएसएआई के कार्यक्रम के अंतर्गत 'ईट राइट स्कूल' का प्रमाण पत्र सफलतापूर्वक प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि को सराहते हुए उन्होंने अन्य विद्यालयों के किचन की भी नियमित एवं सतत जांच कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा आश्रम पद्धति विद्यालय की प्रधानाचार्या को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार को जनपद में औषधि दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का प्रभावी निरीक्षण करने तथा नशीली दवाइयों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम, जनपद स्तरीय अन्य अधिकारीगण के साथ अध्यक्ष व्यापार मंडल शैलेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल संदीप सोनी, अध्यक्ष फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन दीपक शर्मा, समाजसेवी अवतार सिंह एवं नीना साहनी उपस्थित रहे।

# सैफनी में अवैध अस्पतालों पर बड़ी कार्रवाई, दो हॉस्पिटल सील

■ एक सीज नोडल अधिकारी देवेश चौधरी की सख्ती से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** स्वास्थ्य विभाग नगर में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। नोडल अधिकारी देवेश चौधरी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।कार्रवाई के दौरान पिछले दिनों दो सील किये गए अस्पतालों की सील तोड़कर संचालित करने की शिकायत पर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दोबारा सील कर दिया गया।

बताया गया कि दोनों संस्थान पूर्व में भी कार्रवाई के दायरे में आ चुके थे, इसके बावजूद बिना मानकों को पूरा किए संचालन जारी रखा गया था।वहीं, रिजवान फ्रैक्चर, के खिलाफ भी सख्त कदम उठाते हुए उसे सील कर दिया गया। निरीक्षण में आवश्यक पंजीकरण, योग्य चिकित्सक व अन्य अनिवार्य दस्तावेजों में गंभीर खामियां पाई गई।नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने बताया कि जनस्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ न केवल सील की कार्रवाई की जा रही है, बल्कि दो संस्थानों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

आगे भी ऐसे संस्थानों पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के निजी अस्पताल संचालकों में अफरा-तफरी का माहौल है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध लाइसेंस व मानकों के किसी भी अस्पताल को संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# मकर संक्रांति पर विशाल खिचड़ी भोज व वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ज्वाला नगर, राम चौक मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर ज्वाला नगर स्थित राम चौक पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आनंद कान्वेंट स्कूल द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के संयुक्त सहयोग से विशाल खिचड़ी भोज एवं वस्त्र वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाज के जरूरतमंद वर्ग के प्रति सेवा, संवेदना एवं सहयोग की भावना को साकार करने का एक सुंदर उदाहरण बना।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं असहाय लोगों को ठंड के मौसम में राहत प्रदान करना तथा उन्हें त्योहार की खुशियों में सहभागी बनाना था। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों एवं जरूरतमंद परिवारों को कंबल एवं उपयोगी वस्त्र वितरित किए गए। साथ ही लगभग 1000 लोगों ने प्रेम एवं सद्भावना के साथ खिचड़ी भोज ग्रहण किया।

पूरे आयोजन में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अनुशासन, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए भोजन वितरण, पंक्ति व्यवस्था एवं सामग्री वितरण जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। यह दृश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनमें संस्कारों के बीजारोपण का जीवंत उदाहरण रहा।

कार्यक्रम में आभार सक्सेना, पूजा आहूजा, ममता बिश्नोई, अनुष्का, रोहित, अंश सक्सेना सहित अनेक शिक्षकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे और सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया। विद्यालय परिवार ने एक टीम भावना के साथ पूरे आयोजन को सफल बनाया।

स्थानीय नागरिकों एवं लाभार्थियों ने आनंद कान्वेंट स्कूल के इस सामाजिक सेवा अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आनंद कान्वेंट स्कूल द्वारा इस प्रकार के सेवा कार्य न केवल समाज को सहयोग प्रदान करते हैं बल्कि भावी पीढ़ी को मानवता, करुणा एवं सेवा के मूल्यों से भी जोड़ते हैं।

## सीएमओ ने निरीक्षण कर देखीं फलावदा सीएचसी की व्यवस्थाएं

**फलावदा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया ने नगर के सरकारी अस्पताल सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी पर नहीं मिले। सीएमओ ने अस्पताल के सभी कक्ष देखे। अपने अधीनस्तों को उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिले में डाक्टरों की कमी के कारण कई सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड सेंटर चालू नहीं है। नए डाक्टर सरकारी के बजाय प्राइवेट नौकरी में दिलचस्पी ले रहे हैं। जिले में तीन स्थानों पर नए ट्रामा सेंटर खोले जाएंगे। एक सेंटर फलावदा दूसरा खरखौदा तथा तीसरा फफूंडा में निर्माण होगा। कस्बे में ट्रामा सेंटर बनने से क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलेगी। स्थानीय सीएचसी में आवास पुलिस को किराए पर दिए जाने के बारे में कन्नी काटते हुए उन्होंने आवास खाली कराने की बात कही। सुविधाओं के अभाव के बारे में सीएमओ ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में जो कुछ है वह काफी है।

# 12 करोड़ की ठगी में एक गिरफ्तार

## हैदराबाद से पकड़ा, चाइनीज गिरोह के साथ मिलकर देश में कर चुका 35 करोड़ की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** 12 करोड़ की साइबर ठगी के मामले में नोएडा पुलिस ने तेलंगाना से गिरफ्तार किया है। ठग की पहचान राजकुमार कुमावत हुई है। ये चीन के साइबर क्रिमिनल नेटवर्क में शामिल बदमाशों में एक है। इसने चाइनीज गिरोह के साथ मिलकर देश भर में 35 करोड़ से अधिक की ठगी की है। पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य जालसाजों का पता लगा रही है। इस मामले में ये 10वीं गिरफ्तारी है।

डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि 3 दिसंबर को शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर 12 करोड़ रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया था। इसके बाद साइबर क्राइम थाने की टीम जांच कर रही थी। विवेचना के दौरान राजकुमार कुमावत का नाम सामने आया। इसे हैदराबाद तेलंगाना से गिरफ्तार किया गया। राजकुमार कुमावत से



पूछताछ के दौरान बताया कि अपने अन्य साथी बुक्का मनोहर के साथ मिलकर "मून ब्लॉसम" नामक फर्जी कंपनी खोलकर उसमें साइबर फ्रॉड कर करीब 1 करोड़ 22 लाख रुपए जमा करवाए थे। इन पैसों को आपस में बांट लिया था। एनसीआरपी पोर्टल पर अब तक राजकुमार कुमावत के खाते के खिलाफ 03 शिकायतें मिली है।

**तीन शिकायत दो करोड़ से ज्यादा का फ्रॉड:** इसमें एक शिकायत दिल्ली और तमिलनाडु में 02 शिकायतें दर्ज हैं। तीनों शिकायत निवेश फ्रॉड से संबंधित हैं। तमिलनाडु में 2 करोड़ 76 लाख की धोखाधड़ी की गई है। वहीं दिल्ली राज्य में 6 लाख 1,647 की धोखाधड़ी की गई है।

**35 करोड़ से ज्यादा की ठगी:** राज. कुमार का चीन के साइबर जालसाजों के साथ कनेक्शन है और आशंका जताई जा रही है कि चीन के साइबर जालसाजों के शह पर इस तरह की साइबर ठगी में वह अपने साथियों के साथ शामिल है। गिरफ्त में आए आरोपी ने शेयर मार्केट में निवेश कर लाभ कमाने के नाम पर देशभर के लोगों के साथ ठगी की है। जिस चीन के गैंग से आरोपी का लिंक सामने आया है उसके द्वारा निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 35 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की जा चुकी है।

# कालिंदी कुंज से सेक्टर-123 तक यातायात व्यवस्था सुधरेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मास्टरप्लान रोड नंबर-तीन पर कालिंदी कुंज से लेकर हिंडन पर सेक्टर-123 तक यातायात व्यवस्था सुधारी जाएगी। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने विस्तृत सर्वे करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। सीईओ ने अधिकारियों से भूमिगत-ओवरहेड बिजली, सीवर लाइन जैसी सुविधाएं को लेकर 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है। सर्विस रोड चौड़ी करने समेत अन्य उपाय करने पर विचार किया। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एमपी तीन रास्ता शहर के प्रमुख रास्तों में से एक है। इस पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

व्यस्त समय में इस रास्ते के कई प्वाइंट पर जाम की समस्या रहती है। लोगों की शिकायत और जरूरत को देखते हुए शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने एमपी तीन रास्ते के कुछ मुख्य प्वाइंट का निरीक्षण कर स्थिति देखी। सेक्टर-73 एसआरएस अस्पताल, सेक्टर-70 की तरफ से मुख्य रास्ते की सड़क, सेक्टर-121 और क्लियो काउंटी सोसाइटी के पास रुककर सीईओ ने यातायात व्यवस्था समेत अन्य चीजें देखीं। इसके बाद उन्होंने बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारियों को विस्तृत सर्वे करने के निर्देश दिए। इस रास्ते पर विभिन्न स्थानों पर बिछी हुई भूमिगत-ओवरहेड सर्विसेज का सर्वे करते हुए 10 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इस रिपोर्ट के आधार पर यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए काम किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक एके अरोड़ा, उपमहाप्रबंधक विजय रावल के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**बैक्वेंट हॉल से अधिक बिगड़ रही व्यवस्था:** इस रास्ते पर होशियारपुर और सफाबाद गांव के सामने कई बैक्वेंट हॉल हैं। इन जगह शाम के समय लंबे जाम की समस्या होती है। यातायात पुलिस की ओर से बैक्वेंट हॉल संचालकों को नोटिस जारी किए जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है।

**इन जगह अधिक लगता है जाम:** महामाया फ्लाईओवर -सेक्टर-37 यू-टर्न के पास -सेक्टर-34 के सामने -सेक्टर-52 होशियारपुर के सामने -सेक्टर-71 बाबा बालकनाथ मंदिर के सामने -सेक्टर-72 बैक्वेंट हॉल के सामने -सेक्टर-73 बसई गांव के सामने -पर्थला सिग्नेचर ब्रिज के नीचे।

# दादरी में संपत्ति कर के लिए ड्रोन सर्वे शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी नगरपालिका परिषद भौगोलिक सूचना प्रणाली सर्वे के आधार पर संपत्ति कर लगाकर अपनी आमदनी बढ़ाएगी। इससे नगरवासियों को आधारभूत सुविधाएं बेहतर रूप से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। ड्रोन तकनीक की मदद से नगर क्षेत्र की संपत्तियों का सर्वे कर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। पहले से छूटी हुई संपत्तियां भी इस दायरे में लाई जाएंगी।

दादरी नगरपालिका की अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने बताया कि 24 दिसंबर 2024 को पारित बोर्ड बैठक के निर्णय के अनुसार नगर दादरी क्षेत्र में स्थित आवासीय, व्यावसायिक एवं रिक्त संपत्तियों के स्वकर निर्धारण को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजिटल जीआईएस तकनीक से ड्रोन सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सर्वे का कार्य एक निजी कंपनी को सौंपा गया है। जीआईएस सर्वे के माध्यम से जहां नए भवन संपत्ति कर के दायरे में आएंगे, वहीं पुराने भवनों पर वास्तविक मूल्यांकन के आधार पर संपत्ति कर लागू किया जाएगा। नगर दादरी क्षेत्र लगभग आठ वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। नगर पालिका के गठन के बाद से नगर सीमा का विस्तार नहीं हुआ है, लेकिन शहर के चारों ओर आबादी लगातार बढ़ती गई है। बाहरी क्षेत्रों में गांवों की भूमि क्रय कर भवन निर्माण करने वालों की संख्या बढ़ने से वहां के नागरिकों को नगर पालिका की सुविधाएं नहीं मिल पा रही थीं। संपत्तियों का सर्वे पूरा होने के बाद प्रति वर्ग फीट के आधार पर भवनों का मूल्यांकन किया जाएगा और उसी अनुसार संपत्ति कर लागू किया जाएगा।

जीआईएस सर्वे कार्य में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और आधुनिक डाटा संग्रहण तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ळप्ै प्रणाली लागू होने से नगर पालिका को कराधान, बुनियादी ढांचे की योजना, संपत्ति प्रबंधन और भविष्य की विकास परियोजनाओं के लिए सटीक एवं विश्वसनीय डाटा उपलब्ध होगा।

# बीमा पॉलिसी के नाम पर 500 लोगों से ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-6 में शुक्रवार को छापेमारी कर फेज-1 थाने की पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया। मौके से पांच आरा. पी गिरफ्तार किए गए। पुलिस का दावा है कि बीमा पॉलिसी को कम समय में मेच्योर कराने और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट के नाम पर कॉल सेंटर के जरिये अब तक 500 लोगों से ठगी की जा चुकी है। आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, 16 मोबा. इल फोन, एक प्रिंटर मशीन और 45 कॉल डाटा शीट बरामद की गई। एडिशनल डीसीपी नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि बीते दिनों नोएडा पुलिस को इनपुट मिला था कि शहर में लोगों से ठगी करने वाला कॉल सेंटर संचालित हो रहा है।



इसकी पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने सेक्टर-6 स्थित डी-16 मकान में संचालित कॉल सेंटर पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों अनुज, राकेश कुमार, मनीष मंडल, शुभम सक्सेना और शहजाद अहमद को गिरफ्तार कर लिया। भंगेल निवासी अनुज सरगना है। राकेश कुमार मूलरूप से झारखंड के हजारीबाग का रहने वाला है। वह वर्तमान में दिल्ली के उत्तर नगर में रह रहा है। मनीष मंडल बिहार के मधुबनी का रहने वाला है। वह न्यू अशोक नगर में वर्तमान में रह रहा है। शुभम सक्सेना दिल्ली के लक्ष्मीनगर का रहने वाला है। शहजाद जामिया नगर का रहने वाला है। ठगी से जुड़े चार बैंक खातों को फ्रीज कराया गया है, जिनमें करीब 80 लाख रुपये जमा होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी कॉल सेंटर के माध्यम से आम नागरिकों को फोन कर खुद को बीमा कंपनी, बैंक या निवेश सलाहकार का प्रतिनिधि बताते थे। वे लोगों को लैप्स बीमा पॉलिसी के रुपये वापस दिलाने, बीमा पॉलिसी को कम समय में मेच्योर कराने और रियल एस्टेट में सुरक्षित निवेश का झांसा देते थे। भरोसा दिलाने के लिए फर्जी दस्तावेज और आकर्षक स्कीमों का सहारा लिया जाता था। आरोपी लोगों से पांच हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक का निवेश कराते थे। ठगी से प्राप्त रकम को फर्जी और किराये के बैंक खातों में ट्रांसफर कराया जाता था। बाद में इस राशि को निकालकर आपस में बांट लिया जाता था। पुलिस को बरामद लैपटॉप से कॉल डाटा शीट, पीड़ितों की जानकारी और लेनदेन से जुड़े अहम डिजिटल साक्ष्य मिले हैं।

**आरोपियों के खिलाफ पहले से शिकायतें दर्ज:** जांच में सामने आया है कि आरोपियों के खिलाफ एनसीआरपी (नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल) पर विभिन्न राज्यों से संबंधित शिकायतें पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब डाटा के आधार पर पीड़ितों की पहचान कर उन्हें सूचना देने और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटी है। सुदूर राज्यों के लोग आरोपियों के निशाने पर होते थे। ऐसा इसलिए किया जाता था कि वे बार-बार नोएडा आने में सक्षम नहीं होते। आरोपियों के खातों की गहन जांच की जा रही है। यदि ठगी की रकम की पुष्टि होती है तो आगे की कार्रवाई कर पीड़ितों को राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

**कई आरोपी स्नातक पास:** एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि दबोचे गए ज्यादातर आरोपी स्नातक हैं और उनकी आयु 20 से 35 साल के बीच है। पूछताछ में यह तथ्य भी सामने आया है कि आगामी दिनों में गिरोह के आरोपी कॉल सेंटर बंद कर फरार होने वाले थे। किराये के जिस मकान में कॉल सेंटर संचालित हो रहा था, उसके मालिक से भी पूछताछ की जाएगी। आरोपियों ने करीब चालीस हजार रुपये किराये पर हॉल लिया था। इसी में ठगी का पूरा सेटअप बनाया गया था। बीमा संबंधी डाटा गिरोह के आरोपियों को कहीं से मिला हुआ है। इसी के आधार पर वे ऐसे ग्राहकों को कॉल करते थे, जिनकी पॉलिसी लैप्स हो गई है।

**इन बातों का हमेशा ध्यान रखें:** पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की कि बीमा पॉलिसी, निवेश या लोन से संबंधित किसी भी अनजान कॉल, मैसेज या ई-मेल पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। कोई भी व्यक्ति यदि खुद को बैंक या बीमा कंपनी का अधिकारी बताकर राशि की मांग करता है, तो उसकी जानकारी संबंधित कंपनी के आधिकारिक माध्यम से जरूर सत्यापित करें। साथ ही, ओटीपी, बैंक खाता विवरण, एटीएम या डेबिट-क्रेडिट कार्ड से जुड़ी जानक. ारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। साइबर ठगी की आशंका होने या धनराशि ट्रांसफर हो जाने की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें या www-cybercrime-gov-in पर शिकायत दर्ज कराएं।

## एक नजर

### नोएडा आबकारी आयुक्त को किया निलंबित

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल के निर्देश पर गौतमबुद्ध नगर के जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार को ओवररेटिंग के मामले में निलंबित कर दिया गया है। साथ ही शुक्रवार को उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

जांच रिपोर्ट में 23 दिसंबर 2024 को 9 दुकानों पर व 20 जनवरी 2025 को 16 दुकानों पर ओवर रेटिंग पाई गई थी। जांच में सुबोध कुमार को दोषी पाए गए। ओवररेटिंग की शिकायत पर गौतमबुद्ध नगर में यह बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा है कि मदिरा बिक्री में अनियमितता, ओवररेटिंग और भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं है।

### चौराहों, सेंट्रल वर्ज पर भी दिखेगा पुष्प प्रदर्शनी का थीम फ्लावर 'कैलेंडुला'

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडावासियों को जल्द ही चौराहों, ग्रीन बेल्ट और सड़कों के सेंट्रल वर्ज पर भी 'कैलेंडुला' पुष्प खिले दिखेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से इस बार की पुष्प प्रदर्शनी का थीम फ्लावर 'कैलेंडुला' है। इसीलिए सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर उद्यान विभाग थीम फ्लावर को ग्रेटर नोएडा के प्रमुख मार्गों और गोलचक्करों पर लगवाने जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा ने शुक्रवार को ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज और गोलचक्करों को एडॉप्शन पर लेने वाली एजेंसियों के साथ बैठक की। प्रधान महाप्रबंधक ने इन एजेंसियों के प्रति. निधियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि एडॉप्शन वाले गोलचक्करों, ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज पर कैलेंडुला के पौधे लगाएं, ताकि अगले माह 26, 27 28 फरवरी और 01 मार्च को सिटी पार्क में प्रस्तावित पुष्प प्रदर्षनी से पहले उनमें पुष्प भी आ सके। इसके लिए 5 दिन का समय दिया गया है। उद्यान विभाग की टीम इसकी नियमित निगरानी भी करेगी। लापरवाही करने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी करने की चेतावनी दी गई है। संदीप चंद्रा ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में 40 गोलचक्कर, 45 ग्रीन बेल्ट और 17 सेंट्रल वर्ज एडॉप्शन पर दिए गए हैं। इनको अडॉप्ट करने वाली एजेंसियों को कैलेंडुला पौधे समयावधि में लगाने के निर्देश दिए गए हैं । इस बैठक में उप महाप्रबंधक एसके जैन, वरिष्ठ प्रबंधक रामकुमार व अजित भाई पटेल आदि मौजूद रहे।

### जापानी सिटी में कंपनियों ने निवेश को रुचि दिखाई

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना सिटी के सेक्टर-5ए स्थित जापानी सिटी को विकसित करने की तैयारी तेज हो गई है। शुक्रवार को यमुना प्राधिकरण के अफसरों ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जेट्रो) के साथ बैठक की। इसमें निवेश को लेकर रुचि दिखाई। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता जेट्रो के मुख्य महानिदेशक सुजुकी ताकाशी ने की। जेट्रो में 1400 जापानी एमएसएमई पंजीकृत हैं, ऐसे में बैठक कर यमुना सिटी में निवेश को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। साथ ही यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र की रणनीतिक स्थिति का लाभ उठाकर जापान की बड़ी मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों और छोटे-मध्यम उद्यमों को आकर्षित करने पर चर्चा की गई।

अफसरों ने जेट्रो प्रतिनिधियों को बताया कि सेक्टर-5ए मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी से जुड़ा है। यहां नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है, जो एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। साथ ही यह डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के भी पास है। बताया कि यहां विश्व-स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, रियायती दरों पर जमीन और उत्तर प्रदेश सरकार की सिंगल विंडो क्लीयरेंस सुविधा उपलब्ध है, जिससे जापानी कंपनियों को निवेश में आसानी होगी। शहर में एयरपोर्ट के अलावा मेडिकल डिवाइस पार्क, फिल्म सिटी, अपैरल पार्क और इलेक्ट्रॉनिक्स पार्क में भी निवेश के अवसरों की जानकारी दी गई। वहीं, कई जापानी कंपनियों ने भी यहां निवेश के लिए रुचि दिखाई है। जेट्रो के मुख्य महानिदेशक सुजुकी ताक. ाशी और जापानी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के कारण यह स्थान विस्तार के लिए सबसे उपयुक्त है। भारत में पहले से काम कर रही कई जापानी कंपनियां अपने विस्तार के लिए जगह तलाश रही हैं। इस दौरान यीडा के अधिकारियों ने जापानी कंपनियों के पदाधिकारियों को नोएडा एयरपोर्ट के दौरे का भी निमंत्रण दिया। बैठक में एसीईओ शैलेन्द्र कुमार भाटिया, प्रवीण कुमार मित्तल तथा अन्य अधिकारी गण शामिल रहे।

# सीवर के मैनहॉल में धमाका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-51 होशियारपुर गांव में गली नंबर-पांच में सीवर के मैनहॉल में धमाका हो गया। इससे सीवर का ढक्कन एक से दो फीट ऊंचाई तक उठा गया। इससे आसपास के लोग सहम गए और मामले की सूचना प्राधिकरण को दी। इसके बाद प्राधिकरण की टीम ने निरीक्षण किया। ग्रामीणों के अनुसार गली नंबर-5 में एक मकान के सीवर का मैनहॉल है। गुरुवार को मैनहॉल में गैस बनने के बाद ब्लास्ट हो गया और आग का गोला दिखाई दिया। इससे मैनहॉल का ढक्कन कई फीट ऊपर तक उछल गया। गनीमत रही, किसी को कोई चोट नहीं लगी। घटना से लोग सहम गए।

ग्रामीणों ने प्राधिकरण से सीवर लाइन की सफाई कराने की मांग की, ताकि इस तरह की समस्या दोबारा नहीं आए। वहीं, शिकायत के बाद आई प्राधिकरण की टीम ने निरीक्षण किया और सीवर के मैनहॉल की सफाई करके चलते गए। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि समस्या का संज्ञान लेकर समाधान कराया गया। शहर में सेक्टर-51 और सेक्टर-50 में भी लोगों को सीवर ओवरफ्लो की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है।

# फिल्म गोदान के पोस्टर लॉन्च पर पहुंचे ऋतेश्वर महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-12 भाऊराव देवरस सरस्वती स्कूल में फिल्म गोदान का आज पोस्टर लॉन्च किया गया। इस दौरान सद्गुरु ऋतेश्वर जी महाराज ने कहा- गोशाला को सार्वजनिक बनाने की आवश्यकता नहीं है, न ही चंदा इकट्ठा करना या खाने-पीने की चिंता करनी है। हमें अपने घर में ही गोशाला बनानी होगी, जिससे हमारा घर ही गोपाल कृष्ण का घर बन जाए। इस तरह हमारा देश भी विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो सकेगा।बनारस में मणिकर्णिका घाट पर तोड़े जा रहे मंदिरों के विरोध पर ऋतेश्वर महाराज ने कहा- वो क्षेत्र प्रधानमंत्री जी का है। ऐसे में वहां लोगों के साथ अन्याय नहीं होगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि योगपीठ के आचार्य बालकृष्ण और कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में ऋतेश्वर महाराज




उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, विद्यार्थी और फिल्म प्रेमी शामिल हुए। सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। आचार्य बालकृष्ण ने अपने संबोधन में कहा- 'गोदान' जैसी फिल्में भारतीय संस्कृति, ग्रामीण जीवन और नैतिक मूल्यों को समझने का सशक्त माध्यम हैं। साहित्य और सिनेमा का समन्वय समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। युवाओं को ऐसी फिल्में देखने से प्रेरणा मिलेगी। पोस्टर लॉन्च के बाद उपस्थित लोगों में फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखा गया। आयोजकों ने बताया- जल्द ही फिल्म के प्रदर्शन की तिथि घोषित की जाएगी।

# एमपी-1 मार्ग पर वाहनों के लिए रास्तों में बदलाव रहेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-4 और 19 के बीच बने यू-टर्न के पास क्षतिग्रस्त पानी की लाइन ठीक करने के लिए शुक्रवार रात से शनिवार तक वाहनों के लिए रास्तों में बदलाव रहेगा। ऐसे में वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्तों से गुजरना होगा। यातायात पुलिस ने लोगों की सुविधा के लिए एडवाइजरी जारी की। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के जल खंड प्रथम की तरफ से 16 और 17 जनवरी की रात सेक्टर-4 के सामने बने यू-टर्न के पास क्षतिग्रस्त पानी की लाइन को ठीक किया जाना है। मास्टर प्लान रोड नंबर-1 सेक्टर-3 रजनीगंधा से सेक्टर-57 तक यह पानी की लाइन ठीक होनी है।

लाइन ठीक करने के लिए रात 11 से सुबह छह बजे तक वाहनों के रास्तों में बदलाव रहेगा। 16 जनवरी की रात सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम की तरफ से रजनीगंधा चौराहे की ओर आने वाले वाहनों को सेक्टर-19 टेलीफोन एक्सचेंज से बाएं ओर मोड़कर सेक्टर-27 डीएम आवास चौराहे से होते हुए निकाला गया। टीसीरीज कंपनी के पास सेक्टर-4 के सामने बने यू-टर्न को वाहनों के लिए बंद रखा गया। अधिकारियों ने बताया कि 17 जनवरी की रात सेक्टर-3 रजनीगंधा अंडरपास से नोएडा स्टेडियम चौराहे की ओर आने वाले वाहनों को टीसीरीज कंपनी के पास से बायें ओर मोड़कर निकाला जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यातायात संबंधित दिक्कत होने पर लोग हेल्पलाइन नंबर-9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं।

# तीन करोड़ से बनी पुलिया का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यों का उद्घाटन व भूमिपूजन किया गया।

भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया और विधायक तेजपाल नागर और जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने इन योजनाओं को क्षेत्र के लोगों को सौंपा। जिसमें गांव रसूलपुर एवं प्यावली रोड पर तीन करोड़ 16 लाख से बनी पुलिया का उद्घाटन किया गया।

गांव सलारपुर (पताड़ीख्नरोली) में एनटीपीसी रोड स्थित कांवड़ शिविर स्थल पर प्रस्तावित 40 मीटर लंबी व 10 मीटर चौड़ी सी.सी. रोड के निर्माण के लिए पूजन किया गया। 12 लाख की लागत से बनने वाली यह रोड सांसद निधि से बनेगी। गांव रसूलपुर में बनी पुलिया का भी विधिवत उद्घाटन किया गया।

विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि दादरी विधानसभा में सड़क, पुल और बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन विकास कार्यों से आवागमन सुगम होगा, सुरक्षा बढ़ेगी और स्थानीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में मूलचंद शर्मा, अशोक ठाकुर, गजेन्द्र प्रधान, दीनदयाल शर्मा, ब्रह्मपाल, धीर सिंह राणा, पवनेश प्रधान, रिंकू प्रधान, राकेश राणा, मनोज सिसौदिया, अशोक आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# युवक की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## सड़क पर डेड बॉडी रखकर मांगा इंसाफ, 12 जनवरी को बस ने मारी थी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई। जिसके बाद परिजन डेड बॉडी को लेकर सेक्टर-57 चौकी पहुंच गए। बॉडी को सड़क पर रख प्रदर्शन किया। चेन बनाकर एक तरफ के यातायात को रोक दिया। पुलिस के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। मृतक युवक के बड़े भाई दीपक गुप्ता ने कहा कि पांच दिन हो गए अभी तक आरोपी को पकड़ा नहीं गया। हमे न्याय नहीं मिला। उलटा हम पर ही एक्शन लेने की बात की जा रही है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा हम यहां से नही जाएंगे।



दरअसल 12 जनवरी को सेक्टर-53 के पास बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। इस घटना में बाइक सवार सक्षम गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वहां इलाज के दौरान आज दोपहर सक्षम की मौत हो गई। मामले में गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी निवासी दीपक गुप्ता ने एफआईआर दर्ज भी कराई है।मौत के बाद परिजन और लोगों ने आक्रोश बढ़ गया। वो अस्पताल से बॉडी को लेकर सीधे सेक्टर-57 चौकी पहुंचे और वहीं बैठ गए। प्रदर्शन करने लगे और पुलिस के खिलाफ नारे बाजी की। इस दौरान भारी पुलिस बल और एसीपी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बातचीत की समझाने का प्रयास किया।

**पांच दिन बाद भी न्याय नहीं:** परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। जबकि चालक मौके से फरार है। जिस कॉलेज की बस ने टक्कर मारी वो यहां आए बस मालिक आए और बातचीत करे। हमे अब तक न्याय नहीं मिला। फिलहाल पुलिस ने मामले को शांत कराया और बातचीत जारी है।

# 27 हजार ट्रांसफार्मरों को जांच करने का कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले के लोगों को इस बार गर्मी में बिजली कटने की समस्या का सामना करना नहीं पड़ेगा, क्योंकि विद्युत निगम ने ट्रांसफार्मरों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। 27 हजार से अधिक ट्रांसफार्मर की मरम्मत के साथ जीपीएस से मैंपिंग भी की जा रही है।

अगर भविष्य में ट्रांसफार्मरों में कोई दिक्कत आती है तो संबंधित कर्मचारियों को जवाब-तलब भी किया जाएगा। जिले में विद्युत निगम के 27 हजार 500 ट्रांसफार्मर हैं। इनमें 63 केवीए से 650 केवीए तक के ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इन ट्रांसफार्मरों की जांच और मरम्मत के लिए विद्युत निगम ने कार्य शुरू कर दिया है।

इस दौरान देखा जाएगा कि ट्रांसफार्मरों में कोई खामी तो नहीं है। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता (तकनीकी) विवेक कुमार पटेल ने बताया कि गर्मियों को ध्यान में रखते हुए ट्रांसफार्मरों की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया है। उम्मीद है कि 15 फरवरी तक मरम्मत कार्य पूरा हो जाएगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## टी-20 विश्व कप में भागीदारी का मामला सुलझाने की कवायद तेज

# आईसीसी का प्रतिनिधिमंडल करेगा बांग्लादेश का दौरा




● **बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा कि हमारे रुख में बदलाव की कोई संभावना नहीं है**

**ढाका, वार्ता।** सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्वकप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी को लेकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए बांग्लादेश का दौरा कर सकता है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को फॉरेन सर्विस एकेडमी में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। आसिफ नजरुल ने कहा कि नवीनतम अपडेट के अनुसार, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने मुझे बताया कि चर्चा के लिए आईसीसी की एक टीम बांग्लादेश आ सकती है। हमारे रुख में बदलाव की कोई संभावना नहीं है।

हम विश्व कप में खेलने के लिए उत्सुक हैं, खासकर श्रीलंका में और मुझे पूरा भरोसा है कि इसका आयोजन करना असंभव नहीं है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि आईसीसी के साथ बातचीत चल रही है, हालांकि दौरे का समय अभी तय नहीं है। अधिकारी ने द डेली स्टार को बताया कि हम बातचीत कर रहे हैं, और एक प्रतिनिधिमंडल आने वाला है, लेकिन सही तारीख तय नहीं हुई है। हम संपर्क में हैं, लेकिन समय तय नहीं है। यह डेवलपमेंट पिछले मंगलवार को बीसीबी लीडरशिप और आईसीसी के बीच हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद हुआ है।

बैठक के बाद बोर्ड ने सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट के लिए भारत न जाने के अपने फैसले को दोहराया और बांग्लादेश के मैचों को भारत से बाहर स्थानांतरित करने फिर से अनुरोध किया। हालांकि आईसीसी ने बीसीबी से अपने रुख पर फिर से विचार करने का आग्रह किया, लेकिन बोर्ड अपने रुख पर कायम रहा। हालांकि, द डेली स्टार के अनुसार, दोनों पक्ष टूर्नामेंट में बांग्लादेश की भागीदारी के बारे में 'संभावित समाधान खोजने' के लिए बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए।

# मोखाड़े ने ग्रीम पोलक के रिकॉर्ड की बराबरी की



● **अमन मोखाड़े ने सिर्फ 16 पारियों में यह उपलब्धि हासिल करते हुए, देवदत्त व अभिनव को रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** 24 साल के विदर्भ के ओपनर अमन मोखाड़े के लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बनने का इतिहास रचने के बाद क्रिकेट की दुनिया में हलचल मच गई है। सिर्फ 16 इनिंग्स में यह उपलब्धि हासिल करते हुए, मोखाड़े ने देवदत्त पडिक्कल और अभिनव मुकुंद के 17 इनिंग्स के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस उपलब्धि ने साउथ अफ्रीकी लीजेंड ग्रीम पोलक के लंबे समय से चले आ रहे वर्ल्ड रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली, जिससे न सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया भर के क्रिकेट फैन्स में उत्साह पैदा हो गया। मोखाड़े की रिकॉर्ड तोड़ने वाली पारी 2025-26 विजय हजारे ट्रॉफी के कर्नाटक के खिलाफ एक हाई-प्रेशर सेमीफाइनल में आई। 281 रनों का पीछा करते हुए, विदर्भ को शुरुआती झटका लगा जब ओपनर अथर्व तायडे सस्ते में आउट हो गए। मोखाड़े ने शुरुआती दबाव झेला, पहले ध्रुव शौरी के साथ 99 रन की पार्टनरशिप करके चेज को संभाला, जिन्होंने 47 रन बनाए। फिर उन्होंने आर समर्थ के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए मैच जीतने वाली 147 रन की पार्टनरशिप की। समर्थ ने 76 रन बनाए, जबकि मोखाड़े ने पारी को संभाला, भले ही ऐंठन की वजह से वह धीमे पड़ रहे थे।

कर्नाटक ने पहले बैटिंग करने का फैसला करके 280 रन बनाए थे। उनकी इनिग में विदर्भ को शुरुआती ब्रेकथ्रू मिले, क्योंकि दोनों ओपनर, मयंक अग्रवाल और पडिक्कल, पहले 10 ओवर के अंदर आउट हो गए। करुण नायर और ध्रुव प्रभाकर के बीच 54 रन की पार्टनरशिप ने कुछ ऑर्डर वापस लाया, इसके बाद करुण नायर और केएल श्रीजीत के बीच 113 रन की पार्टनरशिप हुई। दोनों ने फिफ्टी पूरी की, लेकिन कर्नाटक ने आखिरी ओवरों में मोमेंटम खो दिया।

विदर्भ के बॉलर दर्शन नलकांडे ने बॉल से कमाल किया, उन्होंने 48 रन देकर 5 विकेट लिए। इस सीजन में घरेलू टूर्नामेंट में मोखाड़े का लगातार अच्छा प्रदर्शन शानदार रहा है।

रणजी ट्रॉफी के पहले लेग में, उन्होंने सात इनिग में 96.16 की एवरेज से 577 रन बनाए। वह 2025-26 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 157.25 की स्ट्राइक रेट से 206 रन बनाकर विदर्भ के चार्ट में टॉप पर रहे और विजय हजारे ट्रॉफी में नौ इनिंग में 97-62 की एवरेज से 781 रन बनाकर अपना दबदबा बनाए रखा। इन टूर्नामेंट में, मोखाड़े ने आठ सेंचुरी और पांच हाफ-सेंचुरी लगाई हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आरसीबी ने चिन्नास्वामी में एआई निगरानी वाले कैमरे लगाने का दिया प्रस्ताव

**नई दिल्ली, वार्ता।** एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच कराए जाने की अनिश्चितता के बीच आरसीबी ने भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने के उपायों के तहत स्टेडियम में एआई निगरानी वाले कैमरे लगाने का प्रस्ताव दिया है। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को भेजे गए एक आधिकारिक प्रस्ताव में आरसीबी ने स्टेडियम में एआई वाले 300 से 350 कैमरे लगाने का सुझाव दिया है।

प्रस्ताव के अनुसार एआई वाली प्रणाली केएससीए और लॉ-एनफोर्समेंट एजेंसियों को भीड़ की मूवमेंट, कतारों और अंदर/बाहर जाने के द्वारों की निगरानी करने में मदद करेगा, साथ ही घटना के समय में अनाधिकृत प्रवेश की भी निगरानी करेगा।

## सिंघवी, चतुर्वेदी ने दिल्ली के खेल ढांचे की आलोचना की

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिघवी और शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने दिल्ली में चल रहे इंडिया ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा जताई गई चिताओं की खबरों के बाद राष्ट्रीय राजधानी में खेल ढांचे और संचालन की स्थिति की शुक्रवार को आलोचना की।

इस स्थिति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सिघवी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारतीय खेल में महत्वाकांक्षा और अमल के बीच के अंतर को रेखांकित किया। उन्होंने लिखा कि अगर हम दुनिया की मेजबानी करना चाहते हैं, तो हमें उसके सामने स्वयं को शर्मिंदा करना बंद करना होगा। विश्व स्तरीय खेल के लिए विश्व स्तरीय संचालन प्रणाली की जरूरत है, जुगाड़ की नहीं, उन्होंने तदर्थ व्यवस्थाओं के बजाय प्रणालीगत सुधारों का आह्वान किया।

## पाक की अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को 210 रनों पर समेटा

**हरारे, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्वकप के चौथे मुकाबले में इंग्लैंड की टीम को 46.5 ओवर में 210 के स्कोर पर समेट दिया। यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए बेन डॉकिन्स, जोसेफ मूर्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए सात ओवर में 33 रन जोड़े। अली रजा ने जोसेफ को आउट किया। इसके बाद इंग्लैंड बल्लेबाज पाक गेंदबाजी आक्रमण के आगे जूझते नजर आये और नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। पांचवें विकेट के लिए कैलेब और राल्फी की जोड़ी ने 80 रन जोड़कर इंग्लैंड को 200 के स्कोर की उम्मीद जगाई, हालांकि इसके बाद इंग्लैंड के पांच बल्लेबाज 40 रन जोड़कर पवेलियन लौट गये। कैलेब ने 73 गेंदों में तीन चौके व दो छक्के लगाए।

# मिर्रा एंड्रीवा-म्बोको फाइनल में खेलेंगी





● **एंड्रीवा ने डायना श्नाइडर को हराया व विक्टोरिया म्बोको ने किम्बर्ली बिरेल को हराकर फाइनल में जगह बनाई**

**कैनबरा, वार्ता।** रूस की मिर्रा एंड्रीवा एडिलेड इंटरनेशनल के फाइनल में कनाडा की विक्टोरिया म्बोको के साथ खेलेंगी। यह मैच महिला टेनिस टूर में सबसे ज्यादा रैंक वाली टीनएजर खिलाड़ियों के बीच होगा। दुनिया की नंबर 8 एंड्रीवा, जो एडिलेड में तीसरी सीड हैं, ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म-अप इवेंट के सेमीफाइनल में अपनी हमवतन और डबल्स पार्टनर डायना श्नाइडर को 6-3, 6-2 से हराकर शनिवार के फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला 17वीं रैंक वाली म्बोको से होगा। यह डब्ल्यूटीए टूर पर एंड्रीवा (18) और म्बोको (19) के बीच पहला मैच होगा। ए दोनों ही टीनएजर खिलाड़ी फिलहाल दुनिया की टॉप 25 महिला खिलाड़ियों में शामिल हैं। एंड्रीवा ने एडिलेड में अपने तीनों मैचों में एक भी सेट नहीं हारा है और हर मैच में उनकी सर्विस सिर्फ एक बार टूटी है। शुक्रवार को, रूसी खिलाड़ी ने श्नाइडर की तुलना में नौ ज्यादा विनर्स लगाए और 10 कम अनफोर्स्ड एरर किए, जो फिलहाल दुनिया में 23वें स्थान पर हैं। कनाडा की विक्टोरिया म्बोको ने स्ट्रेलिया की किम्बर्ली बिरेल को सीधे सेटों में हराकर एडिलेड इंटरनेशनल के फाइनल में जगह बनाई। वर्ल्ड नंबर 17 म्बोको ने ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म-अप इवेंट के सेमीफाइनल में अपना दबदबा बनाया, और सिर्फ 59 मिनट में 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। एंड्रीवा शनिवार के फाइनल में अपने चौथे डब्ल्यूटीए टूर सिगल्स खिताब के लिए खेलेंगी।

## फेडरर रॉड लेवर एरिना में लौटे, रूड के साथ अभ्यास किया

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी आखिरी उपस्थिति के छह साल बाद, रोजर फेडरर मेलबर्न के कोर्ट पर वापस आ गए हैं।

स्विस दिग्गज शुक्रवार को 2020 के बाद पहली बार कैस्पर रूड के साथ प्रैक्टिस सेशन के लिए रॉड लेवर एरिना लौटे। फेडरर, जिन्होंने 2022 में प्रोफेशनल टेनिस से संन्यास ले लिया था, अपने करियर में रूड का सामना सिर्फ एक बार किया था। उनकी एकमात्र लेक्सस हेड2हेड भिड़ंत 2019 में रौलां गैरो के चौथे राउंड में हुई थी, जब फेडरर ने नॉर्वेजियन खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया था। 44 साल के खिलाड़ी ने अपने 20 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से छह ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीते हैं।

# नेपाल ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इयान हार्वे को बॉलिंग कंसल्टेंट बनाया



**काठमांडू, वार्ता।** नेपाल ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सीमर इयान हार्वे को भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से पहले अपना मेन्स बॉलिंग कंसल्टेंट बनाया है।

हार्वे स्टुअर्ट लॉ के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे, जो अभी नेपाल के हेड कोच हैं। 53 साल के हार्वे, जो एक बॉलर के तौर पर अपनी वैरिएशन और पेस में बदलाव के लिए जाने जाते हैं, अपने साथ काफी इंटरनेशनल और डोमेस्टिक अनुभव लेकर आए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 73 वनडे खेले, जिसमें 85 विकेट लिए और 715 रन बनाए, और वह दक्षिण अफ्रीका में 2003 वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। अपने खेल करियर के बाद, हार्वे ग्लॉस्टरशायर के कोच बन गए। नेपाल अपने टी-20 वर्ल्ड कप कैंपेन की शुरुआत 8 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ करेगा।

# पहले दिन पंजाब ने जीत हासिल की

● **पंजाब रॉयल्स के चंदरमोहन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया**

**नोएडा, वार्ता।** प्रो रेसलिग लीग 2026 का पांचवां सीजन पंजाब रॉयल्स और यूपी डोमिनेटर्स के बीच एक शानदार मैच के साथ शुरू हुआ। पंजाब रॉयल्स ने पहले दिन यूपी डोमिनेटर्स को 5-4 से हराकर दो अंक हासिल किए और विजेता बनी। पीडब्ल्यूएल 2026 नोएडा इंडोर स्टेडियम में 15 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक खेला जा रहा है। एक मैच में कुल नौ मुकाबले हुए, जिसमें पंजाब रॉयल्स का दबदबा रहा।

पंजाब रॉयल्स के चंदरमोहन को मैच के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि यूपी डोमिनेटर्स की निशा दहिया को पंजाब रॉयल्स की कप्तान एना गोडिनेज पर 22-4 की टेक्निकल सुपीरियरिटी से जीत के लिए फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। पंजाब ने 125 किलोग्राम कैटेगरी में 3-0 से जीत हासिल कर दिन अपने नाम किया, जब दिनेश धनखड़ ने मैच के आठवें मुकाबले में यूपी डोमिनेटर्स के जसपूरन सिंह को हराया। इससे पहले, चंदरमोहन, रोक्साना जसीना, चिराग छिक्कारा और प्रिया मलिक ने पंजाब के लिए अपने-अपने मुकाबले जीते।

## कबड्डी चैंपियंस लीग ने पहले सीजन के लिए मैच शेड्यूल जारी किया

**सोनीपत, वार्ता।** कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) ने अपने बहुप्रतीक्षित पहले सीजन के लिए मैच शेड्यूल की आधिकारिक घोषणा कर दी है, जो हरियाणा की गहरी जड़ों वाली कबड्डी विरासत का जश्न मनाने के लिए एक एक्शन से भरपूर माहौल तैयार करेगा। केसीएल का पहला एडिशन हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई में आयोजित किया जाएगा और यह 25 जनवरी से 7 फरवरी, 2026 तक चलेगा। लीग चरण के मैच तीन प्राइम-टाइम स्लॉट में खेले जाएंगे - शाम 7:00 बजे, 8:00 बजे और 9:00 बजे, जो फैंस को नॉन-स्टॉप कबड्डी मनोरंजन का वादा करता है। लीग की शुरुआत एक ब्लॉकबस्टर उद्घाटन दिवस के साथ होगी जिसमें दो हाई-वोल्टेज मुकाबले होंगे। उद्घाटन रात क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता के सार को पकड़ने और आगे की प्रतियोगिता के लिए माहौल तैयार करने के लिए तैयार है, जिसमें कई एक्शन से भरपूर मैच लाइन में हैं, जो 2 हफ्तों तक फैंस को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करते हैं। 12 दिनों में, आठ फ्रेंचाइजी - सोनीपत स्टार्स, गुरुग्राम गुरुस, हिसार हीरोज, भिवानी बुल्स, रोहतक रॉयल्स, करनाल किंग्स, पानीपत पैंथर्स और फरीदाबाद फाइटर्स एक कड़े लीग फॉर्मेट में मुकाबला करेंगी। फैंस बड़े मुकाबलों, उभरती प्रतिद्वंद्विता और तीव्र मुकाबलों का इंतजार कर सकते हैं क्योंकि टीमें नॉकआउट में जगह बनाने और पहले केसीएल विजेताओं का खिताब जीतने के लिए लड़ेंगी।

# भारत की नजरें लगातार दूसरी जीत पर

● **आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2026**



**बुलावायो, वार्ता।** भारत अंडर19 शनिवार को यहां क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 के अपने दूसरे ग्रुप स्टेज मैच में बांग्लादेश अंडर 19 से भिड़ेगा। टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत के बाद, नीली जर्सी वाले लड़के अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखने के लिए फेवरेट हैं, फैंस हेनिल पटेल को बेसब्री से देख रहे हैं, जिनके शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन ने सुर्खियां बटोरी हैं। अमेरिका के खिलाफ अपने शुरुआती गेम में, भारत अंडर19 ने बारिश से प्रभावित हालातों को पार करते हुए 96 रनों के बदले हुए टारगेट का पीछा किया। कप्तान आयुष म्हात्रे और उप-कप्तान वैभव सूर्यवंशी सस्ते में निपट गए, लेकिन विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने 41 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाकर भारत को 6 विकेट से जीत दिलाई। लेकिन, सबसे ज्यादा चर्चा 18 साल के हेनिल पटेल की रही, जिन्होंने अमेरिका की बैटिंग लाइनअप को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने 7 ओवर में 16 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा तेज, सटीक और शांत गेंदबाजी दिखाई। क्रिकेट फैन्स और एक्सपर्ट्स ने इसे टूर्नामेंट में अब तक के सबसे शानदार बॉलिंग परफॉर्मेंस में से एक बताया है। भारत की टीम, जिसमें कई आईपीएल-कैप्ड खिलाड़ी हैं, को इस कॉम्पिटिशन में सबसे मजबूत टीमों में से एक माना जा रहा है। हेनिल के अलावा, दीपेश देवेंद्रन और आरएस अंबरीश जैसे गेंदबाजों ने भी डिसिप्लिन्ड स्पेल से प्रभावित किया है, जबकि म्हात्रे की कप्तानी में बैटिंग ऑर्डर आक्रामक इरादे का वादा करता है। दूसरी ओर, बांग्लादेश अंडर19 एक अलग कहानी लेकर आया है। 2020 के चैंपियन, जिन्होंने उस ऐतिहासिक फाइनल में भारत को हराया था, इस टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी ठीक नहीं रही है। उन्हें अंडर19 एशिया कप 2025 में पाकिस्तान से सेमीफाइनल में भारी हार का सामना करना पड़ा, और उनके दो वार्म-अप मैच बारिश के कारण रद्द हो गए। उनके कैंपेन का ज्यादातर दारोमदार जवाद अबरार पर है, जिन्होंने एशिया कप के चार मैचों में 224 रन बनाए, लेकिन लगातार अच्छा नहीं कर पाए हैं। अगर टाइगर्स को भारत की मजबूत टीम को चुनौती देनी है, तो कप्तान अजीजुल हकीम और ऑल-राउंडर कलाम सिद्दीकी अलीन को अच्छा खेलना होगा। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब की पिच बैटिंग-फ्रेंडली है, जिससे पूरी पारी में लगातार बाउंस मिलता है। तेज गेंदबाज शुरुआत में कुछ मूवमेंट दे सकते हैं, लेकिन खेल के दूसरे हाफ में स्पिनर खेल में आ सकते हैं। बादल छाए रहने और बारिश की 55प्रतिशत संभावना, और तापमान 17 सेल्सियस से 22 सेल्सियस के बीच रहने से मैच पर असर पड़ सकता है, खासकर बाद में बैटिंग करने वाली टीम पर। टीमों के बीच पिछले दो मुकाबलों में, दोनों टीमों ने एक-एक जीत हासिल की है।

# महिलाओं की कोचिंग 'आसान नहीं रहीं': नायर

## केकेआर और भारतीय टीम के कोच रह चुके अभिषेक नायर के लिए महिला टीम के साथ यह पूर्णकालिक रोल है



**नवी मुंबई, वार्ता।** डब्ल्यूपीएल के मौजूदा सीजन से पहले यूपी वॉरियर्ज (यूपीडब्ल्यू) के हेड कोच का पद संभालने वाले अभिषेक नायर ने स्वीकार किया कि उनके शुरुआती कुछ दिन आसान नहीं थे।

उन्होंने कहा कि महिला क्रिकेट में उन्हें उम्मीद से ज्यादा हैंड्स-ऑन (सीधे तौर पर शामिल) रहने की जरूरत पड़ी है। यूपीडब्ल्यू के अभियान की शुरुआत खराब रही, और उन्होंने लगातार तीन मैच हारे, लेकिन गुरुवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ जीत हासिल की। पहले कुछ बड़ी पुरुष टीमों, जिनमें आईपीएल की कोलकाता नाइट राइडर्स और भारतीय टीम भी शामिल है, के कोच रह चुके नायर के लिए महिला टीम के साथ यह पहला पूर्णकालिक रोल है। हालांकि वह पिछले कुछ वर्षों में यूपीडब्ल्यू के कुछ ट्रेनिग कैंप का हिस्सा रहे थे। नायर ने कहा कि मैं इसे समझने की कोशिश कर रहा हूं। मुझे लगता है कि इस पॉब को लेने से पहले मैंने जिन कोचों से बात की थी, उन्होंने मुझसे कहा था, 'सुनो, सीधे बात करना'। पुरुष क्रिकेट में कभी-कभी, क्योंकि आपने उनके साथ लंबे समय तक काम किया होता है, वहां एक भरोसा होता है। इसलिए आप कोई बात कहते हैं, जैसे 'सुनो, कवर के ऊपर से मारो', तो वे जानते हैं कि किस गेंद पर ऐसा करना है और कैसे करना है। महिला क्रिकेट में, मुझे लगता है कि बारीकियों पर ध्यान थोड़ा ज्यादा देना पड़ता है। इसलिए कभी-कभी आपको बातों को कई तरह से समझाना पड़ता है और यह उतना स्पष्ट नहीं होता जितना आप सोचते हैं।

इसलिए मुझे लगता है कि यह ज्यादा सीधे जुड़ाव वाला (हैंड्स-ऑन) काम है। नायर ने कहा कि पुरुषों को कोचिंग देने की तुलना में महिलाओं को कोचिंग देने में ज्यादा बातचीत की जरूरत होती है और उन्होंने अपने सामने आई चुनौतियों के उदाहरण के तौर पर हालिया हरलीन देओल रिटायर्ड-आउट स्थिति की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि मैं हर दिन खुद को भी सिखा रहा हूं कि, 'सुनो अभिषेक, अपना मुंह खोलो, बात करो', और कभी-कभी आपको ऐसा करना पड़ता है। वे (खिलाड़ी) इसके लिए बहुत तैयार रहती हैं। यह अद्भुत है। पुरुष क्रिकेट में आपको सावधान रहना पड़ता है कि 'क्या बात करनी है, क्या नहीं'। मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट में, वे बहुत ग्रहणशील हैं। इसलिए आप वास्तव में उनसे बात कर सकते हैं। आप उन बारीकियों में जा सकते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि भरोसे में समय लगता है और मैं उस पर काम कर रहा हूं। मेरा मतलब है, हरलीन और ऐसी चीजें होती हैं और बातें बाहर आती हैं और यह मेरे लिए कठिन हो जाता है। यह अलग है, यह मजेदार है, यह चुनौतीपूर्ण है।

यह हर तरह से मेरी परीक्षा ले रहा है और एक तरह से मुझे आईपीएल के लिए भी अलग तरीके से तैयार कर रहा है। लेकिन मैं कहूंगा कि यह आसान नहीं रहा है। नायर ने यूपीडब्ल्यू की नई कप्तान मेग लेनिग की भूमिका के बारे में बात की, जिन्होंने शुरुआती हार से टीम को बाहर निकालने में मदद की और उनकी काम करने की नैतिकता और दृष्टिकोण की तारीफ की। नायर ने कहा कि कोच हमेशा एक माहौल और सिस्टम बनाने की भूमिका निभाते हैं, लेकिन अगर आपके पास एक अच्छा लीडर नहीं है, तो तीन हार के बाद जीतना मुश्किल होता है। मेग लेनिग पूरी तरह से शामिल रहती हैं। जैसे-जैसे वह टीम पर पकड़ बना रही हैं, वह ज्यादा बात. चीत कर रही हैं, लोगों से बात कर रही हैं। वह योजनाओं के बारे में बात कर रही हैं। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ रहे हैं, मुझे असली मेग लानिग देखने को मिल रही हैं। उन्होंने ओपनर किरण नवगिरे का भी समर्थन किया, जो एक मजबूत घरेलू सीजन के बाद ेच्स में आई थीं, लेकिन रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं और अब तक 1, 5, 0 और 10 के स्कोर बनाए हैं। नायर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट अब तक उनके लिए मुश्किल रहा है, क्योंकि वह अपने घरेलू सीजन के बाद बहुत उम्मीदों के साथ आई थीं।

# तीन अर्द्धशतकों के साथ अफगानिस्तान ने बनाए 266/8

● **फैसल ने 82, खालिद ने 73 व उजैरउल्लाह ने नाबाद 51 रनों की शानदार पारी खेली**

**विडहोक, वार्ता।** फैसल शिनोजादा ( 82), खालिद अहमदजई (73 ) और उजैरउल्लाह नियाजी (नाबाद 51) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्वकप के छठे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आठ विकेट पर 266 रनों का स्कोर खड़ा किया। यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान ने आठवें ओवर में उस्मान सदात (चार) का विकेट गंवाने के बाद खालिद अहमदजई और फैसल शिनोजादा की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 152 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम के लिए बड़े स्कोर की नींव रखी। 35वें ओवर में बयांडा मजोला ने खालिद अहमदजई को आउट कर पवेलियन भेज दिया। खालिद अहमदजई ने 101 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 73 रन बनाए। अगले ही ओवर में कॉर्न बोथा ने फैसल शिनोजादा को अपना शिकार बना लिया। फैसल शिनोजादा ने 96 गें. दों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए 82 रनों की पारी खेली। कप्तान महबूब खान (शून्य), अजीजुल्लाह मिआखिल (दो), खतिर स्टानिकजई (पांच) और नूरिस्तानी उमरजई 14 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 266 रनों का स्कोर बनाया। उजैरउल्लाह नियाजी 51 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए नाबाद 51 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए बयांडा मजोला और कॉर्न बोथा ने तीन-तीन विकेट लिए। जेजे बासन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 17 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बड़े फैसले की घड़ी

**रियाल में** भारी गिरावट और बढ़ती महंगाई को लेकर तेहरान के ग्रैंड बाजार में दुकानदारों की स्थानीय हड़ताल से जो शुरू हुआ वह इतनी बड़ी चुनौती में बदल गया है जिसका सामना इस इस्लामी गणराज्य ने साल 1979 में अपनी स्थापना के बाद से कभी नहीं किया है। विरोध प्रदर्शनों के पैमाने और निरंतरता ने गहरे बैठे जन असंतोष को उघाड़ कर सामने रख दिया। लंबे समय से पश्चिमी प्रतिबंधों की मार झेल रहा ईरान गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहा है जो जून 2025 में इजरायल के बमबारी अभियान के बाद और बुरा रूप ले चुका है। दिसम्बर में, सरकार ने ईंधन की कीमतें बढ़ायीं और कुछ खाद्य रियायतों को वापस लिया। आवश्यक वस्तुओं की उछलती कीमतों के साथ इस कदम ने जन आक्रोश भड़का दिया। पिछले हफ्ते विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गये, जिसके बाद क्रूर राज्य दमन शुरू हुआ। अमेरिका और नार्वे में अधिकार समूहों ने दावा किया सैकड़ों प्रदर्शनकारी मारे गये हैं, जबकि ईरान के सरकारी मीडिया ने खबर दी कि दंगाइयों द्वारा दर्जनों सुरक्षा कर्मी मारे गये। ईरान ने पहले भी अंदरूनी उथल-पुथल झेली है और बार-बार बाहरी आक्रमणों का सामना किया है, जिसमें सबसे ताजा जून में हुआ इजरायली-अमेरिकी हमला है। लेकिन अभी का संकट इस मायने में अलग है कि इसमें घरेलू अशांति चलने के साथ-साथ विदेशी हस्तक्षेप की धमकी, दोनों का मेल है। बार-बार सैन्य हस्तक्षेप करने की धमकी दे चुके अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने, 13 जनवरी को, प्रदर्शनकारियों से ईरान की संस्थाओं पर ह्कब्जा करनेह्व का अनुरोध किया और कहा कि ह्मदद चल पड़ी है। ईरान की राजनी. तिक और आर्थिक प्रणाली लंबी टिकने वाली नहीं है। बार-बार विरोध प्रदर्शनों ने ढांचागत कमजोरियों को सामने ला दिया है, जबकि राज्य ने जनता के गिले-शिकवे दूर करने में कोई सक्षमता नहीं दिखायी है। लेकिन एक और बमबारी अभियान हल नहीं है। ईरान के हुक्मरान दबाव में हैं, लेकिन यह मान लेना गलत है कि वे अंदरूनी तौर पर अलग-थलग पड़ गये हैं। साल 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में लगभग 3 करोड़, कुल निर्वाचकों के तकरीबन 50 फीसदी लोगों, ने वोट डाले। बीते 12 जनवरी को, सरकार-समर्थक रैलियों में हजारों ईरानी सड़कों पर उतरे। इजरायली बमबारी, लगातार विरोध-प्रदर्शनों और ट्रम्प की धमकियों के बावजूद, सुरक्षा तंत्र की वफादारी में कोई दरार नहीं दिख रही। जबरन हुकूमत बदलने के मकसद से अमेरिकी हमला इस क्षेत्र को और गहरी अराजकता में डुबोने या ईरान को हिंसा के लंबे चक्र में धकेलने का खतरा पैदा करेगा। धर्मतंत्र के अत्याचार से मुक्ति के बजाय, युद्ध लोगों के लिए और तकलीफें लेकर आयेगा। अफगानिस्तान, इराक और लीबिया में अमेरिकी आक्रमणों की थोड़ी भी समझ रखने वाला हर व्यक्ति जानता है कि युद्ध से आंतरिक राजनीतिक संकट हल नहीं होते। फिर भी, अमेरिका यह बदनाम और खतरनाक रास्ता दोहराने को तैयार लगता है। ईरान की भलाई के बारे में सचमुच चिंतित लोगों को इसके बजाय वहां के हुक्मरानों से बातचीत के लिए दबाव बनाना चाहिए और सार्थक सुधारों को प्रोत्साहित करना चाहिए। ईरान को अपने आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक संकटों के निवारण की दिशा में बढ़ने के लिए त्वरित व भरोसेमंद बदलाव की जरूरत है, और यह काम तेहरान विदेशी सहयोग से ही शुरू कर सकता है न कि एक और साम्राज्यवादी युद्ध से।

## पता चल जाएगा बीज कहां उत्पादित हुआ



**प्रस्तावित** नए बीज कानून में घटिया बीज बेचने के दोषियों पर 30 लाख का जुर्माना और तीन साल तक की जेल की सजा का भी प्रावधान है, नया बीज अधिनियम 2026 भारतीय कृषि क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार का कदम है, यह कानून नकली बीजों की समस्या को जड़ से खत्म करने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और बाजार में पारदर्शिता लाने के लिए बनाया गया है, विधेयक किसानों की सुरक्षा, बीज की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक कदम है, अब देश में बीजों के लिए ट्रेसिबिलिटी या पूरी जानकारी वाली व्यवस्था लागू की जाएगी, इसके तहत एक क्यूआर कोड भी होगा, जिसे स्कैन करते ही किसान को पता चल जाएगा कि बीज कहां उत्पादित हुआ, किस डीलर ने दिया और उसे किसने बेचा।

**शिवराज सिंह चौहान**
**केंद्रीय कृषि मंत्री**

# दुनिया के लिए ईरान का एयरस्पेस इतना जरूरी क्यों


## ईरान के फैसले का असर न केवल भारत पर पड़ा, बल्कि दुनियाभर के देशों को अपनी एयरलाइंस का रूट बदलना पड़ा........

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव इतना बढ़ चुका है कि ईरान ने अपने एयरस्पेस बंद करने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को ईरान ने अचानक 5 घंटे के लिए अपने एयरस्पेस बंद करते हुए नो फ्लाई जोन की घोषणा कर दी। ईरान सरकार की नीतियों के खिलाफ वहां की जनता का प्रदर्शन जारी है। पिछले कई दिनों से जारी बवाल के बीच अब तक 2 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान में जिस तरह के हालात देखने को मिले हैं उसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले के संकेत दे दिए हैं। दोनों देशों के बीच इस कदर तनाव बढ़ चुका है कि ईरान ने अपने एयरस्पेस बंद करने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को ईरान ने अचानक 5 घंटे के लिए अपने एयरस्पेस बंद करते हुए नो फ्लाई जोन की घोषणा कर दी। ईरान के इस अस्थायी फैसले का असर न केवल भारत पर पड़ा॰ बल्कि दुनियाभर के देशों को अपनी एयरलाइंस का रूट बदलना पड़ा। इसके साथ ही ईरान की ओर से एक नोटिस टू एयरमैन जारी किया गया। इसके मुताबिक कुछ ही इंटरनेशनल फ्लाइट्स को उनके एयरस्पेस का इस्तेमाल करने की इजाजत होगी। ईरान के इस कदम से देखते ही देखते पूरा एयरस्पेस तेजी से खाली हो गया। हालांकि 5 घंटे के बाद एयरस्पेस को दोबारा खोल दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के घोषणा से ठीक पहले भारत की इंडिगो एयरलाइन की 6म1808 नंबर की फ्लाइट ने ईरान के एयरस्पेस में मौजूद थी। इस एयरलाइन के बारे में जानकारी है कि ये उस समय जार्जिया से भारत आ रही थी। लाइव फ्लाइट ट्रैकिंग साइट फ्लाइट राडार 24 के मुताबिक, इंडिगो की 61808 नंबर की फ्लाइट रात करीब 2.35 बजे ईरान के ऊपर से गुजरी और इसके कुछ ही समय बाद आसमान पूरी तरह बंद कर दिया गया। यह फ्लाइट सुरक्षित दिल्ली पहुंच गई, लेकिन इसके बाद कोई भी कामर्शियल विमान उस रूट से नहीं गुजर सका। इसे सीधे तौर पर एक उदाहरण से समझा जा सकता है। हर देश में राष्ट्रीय महत्व से जुड़े तमाम स्मारक और वीआईपी क्षेत्र होते हैं। इन सभी की हिफाजतके लिए नो फ्लाई जोन लागू किया जाता है। उदाहरण के तौर पर अगर भारत में नो फ्लाई जोन लागू किया जाए तो राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, लाल किला या फिर ताजमहल के ऊपर से कोई भी फ्लाइट उड़ान नहीं भर सकती है। जब कभी भी दो देशों के बीच जंग की स्थिति बनती है तो देश अपने पूरे एयरस्पेस को नो फ्लाई जोन घोषित कर देता है। इस घोषणा के साथ ही पूरे एयरस्पेस पर उस देश की वायुसेना का अधिकार हो जाता है। ऐसी स्थिति में अगर दुश्मन देश का कोई विमान उस देश के एयरस्पेस के अंदर घुसता है तो उस पर वायुसेना को अटैक करने का पूरा अधिकार होता है।

इसको सीधे शब्दों में समझें तो दुश्मन देश की एयरफोर्स या कोई अन्य फ्लाइट प्रतिबंधित क्षेत्र में एंट्री नहीं कर सकती है। इस दौरान प्रतिबंध लगाने वाला देश ही केवल अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल कर सकता है।

नो फ्लाई जोनएक आधिकारिक सूचना होती है, जिसे किसी देश की एविएशन अथारिटी जारी करती है। जब कोई देश नो फ्लाइंग जोन घोषित करने वाला होता है, तो उससे पहले एयरलाइंस और पायलटों को नोटाम के जरिए इसकी जानक. ारी दी जाती है। इसमें एयरस्पेस में बदलाव, संभावित खतरे, सैन्य गतिविधियां, रनवे बंद होने, उपकरणों की खराबी, मौसम की स्थिति और उड़ान से जुड़ी अन्य जरूरी सूचनाएं शामिल होती हैं। इसका मकसद यह होता है कि पायलट पहले से जान सके कि उसे किन क्षेत्रों में उड़ान भरनी है और किन इलाकों से बचना है। फ्लाइट रूट प्लान करते समय नोटाम सबसे अहम दस्तावेज माना जाता है।

अगर कोई विमान नोटाम के बावजूद प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करता है, तो पहले उसे चेतावनी दी जाती है और एस्कार्ट कर लैंड कराया जाता है। निर्देशों का पालन न करने पर एयरफोर्स को विमान को गिराने तक का अधिकार होता है। नो फ्लाई जोन होने पर दूसरे देश के विमान को देखने के बाद उसे मार गिराने का आदेश दिया जाता है। ईरान का एयरस्पेस दुनिया की एविएशन व्यवस्था के लिए बेहद अहम माना जाता है, क्योंकि यह मिडिल ईस्ट में स्थित होकर यूरोप और एशिया को जोड़ने वाले सबसे व्यस्त ईस्ट-वेस्ट हवाई मार्ग पर पड़ता है। भारत, चीन, जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया जाने वाली ज्यादातर यूरोपीय उड़ानें ईरान के ऊपर से गुजरती हैं। यह रास्ता सबसे सीधा और छोटा होने के कारण समय और ईंधन दोनों की बचत करता है, जिससे एयरलाइंस की लागत कम रहती है और यात्रियों को भी कम समय में मंजिल मिलती है, अगर एयरलाइंस ईरान के एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं करें, तो उन्हें या तो उत्तर में कैस्पियन सागर के ऊपर से लंबा रास्ता लेना पड़ता है या फिर दक्षिण में सऊदी अरब और मिस्र के रास्ते से घूमना पड़ता है। इन दोनों ही विकल्पों में उड़ान का समय कई घंटे बढ़ जाता है और ईंधन खर्च में भारी इजाफा हो जाता है।




इसका सीधा असर टिकट की कीमतों, फ्लाइट शेड्यूल और समय पर पहुंचने की ब्विसनीयता पर पड़ता है। कई बार फ्लाइट्स को रद्द या रीरूट भी करना पड़ता है, जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

हालांकि, ईरान का एयरस्पेस जितना अहम है, उतना ही संवेदनशील भी माना जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह 8 जनवरी 2020 की वह घटना है, जब तेहरान एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यूक्रेन इंटरनेशनल एयरलाइंस की फ्लाइट चै752 को ईरानी एयर डिफेंस ने गलती से मिसाइल से मार गिराया था। इस हादसे में सभी 176 यात्रियों और क्रू मेंबर्स की मौत हो गई थी।

उस समय अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर था और विमान को गलती से दुश्मन लक्ष्य समझ लिया गया था। ईरान ने गुरुवार को 5 घंटे के लिए अपने एयरस्पेस को पूरी तरह से बंद कर दिया था। केवल कुछ ही इंटरनेशनल फ्लाइट्स को वहां से गुजरने की परमिशन थी। हालांकि अब ईरान ने अपने पूरे एयरस्पेस को खोल दिया है।

इसके बावजूद दुबई, तुर्किश, इंडिगो और एयर इंडिया जैसी फ्लाइट्स या तो कैंसिल कर दी गई हैं या रीरूट किया जा रहा है। ईरान के माहौल को देखते हुए जर्मनी ने अपनी एयरलाइंस को ईरान एयरस्पेस का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है।

### एक फोन कॉल पर रुकवा दी स्ट्राइक

**14 और 15** जनवरी की रात मिडिल ईस्ट एक बड़े युद्ध के करीब पहुंच गया था। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर सैन्य हमले के विकल्प पर विचार कर रहे थे। अमेरिका ने चेता. वनी दी थी कि अगर ईरान में प्रदर्शनकारियों पर हिंसा जारी रही, तो जवाबी कार्रवाई हो सकती है। वहीं ईरान ने साफ कहा था कि अगर उस पर हमला हुआ, तो वह अमेरिकी सैन्य ठिकानों और समुद्री जहाजों को निशाना बनाएगा। ईरानी अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा करने और मौत की सजा रोकने वाले बयान जारी किए। हालांकि इससे भी तनाव कम नहीं हुआ। इसी माहौल में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबी) ने अहम भूमिका निभाई। अंतिम समय में एमबी की एक फोन कॉल से मिडिल ईस्ट बड़े युद्ध से बच गया। तनाव कम करने में बाकी खाड़ी देशों ने भी सहयोग किया। सऊदी ने ईरान को यह संदेश भी दिया कि वह अपने हवाई क्षेत्र या जमीन का इस्तेमाल ईरान पर किसी भी हमले के लिए नहीं होने देगा। एमबी की एक फोन काल अमेरिका के 25 पावरफुल लोगों पर भारी पड़ गई। अमेरिका में विदेश नीति और सैन्य फैसलों से जुड़े जिन 25 ताकतवर लोगों की राय अहम मानी जाती है, उनमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, ब्प् डायरेक्टर, जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन, सेंटकाम कमांडर, पेंटागन के टॉप मिलिट्री अफसर, व्हाइट हाउस के सीनियर एडवाइजर्स और कांग्रेस की प्रमुख रक्षा और विद. ेश मामलों की कमेटी के सदस्य शामिल होते हैं। सोमवार को ट्रम्प को ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य विकल्पों की जानकारी दी गई थी। इन विकल्पों में केवल हवाई हमले ही नहीं, बल्कि सैन्य, साइबर और मनोवैज्ञानिक आपरेशन भी शामिल हैं। एक सऊदी अधिकारी ने कहा कि इस पूरी कूटनीतिक कोशिश का मकसद हालात को बेकाबू होने से रोकना था। उन्होंने कहा, हमने पूरी रात जागकर हालात को और बिगड़ने से रोकने की कोशिश थी। भरोसे को मजबूत करने के लिए बातचीत अब भी जारी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस हफ्ते अपने सऊदी समकक्ष से कहा कि ईरान किसी भी विदेशी खतरे के खिलाफ अपना बचाव करेगा।

मि्डिल ईस्ट के लिए अमेरिका विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने कहा था कि ट्रम्प प्रशासन सैन्य हमले की बजाय कूटनीतिक समाधान पर जोर दे रहा है। फ्लोरिडा में जब विटकाफ से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि ईरान पर अमेरिकी सैन्य हमला संभव है, तो उन्होंने जवाब दिया, 'मुझे उम्मीद है कि कूटनीतिक समाधान निकलेगा। विटकाफ ने कहा कि ईरान के साथ कूटनीतिक समझौते में चार मुद्दों का समाधान होगा। पहला परमाणु संवर्धन, दूसरा- उन्हें अपने मिसाइल भंडार, तीसरा- उनके पास मौजूद वास्तविक परमाणु सामग्री, जो लगभग 2000 किलो है और 3।67: से 60: तक संवर्धित है। चौथा प्राक्सी मिसाइलें। ईरान को इन चारों मामलों में कटौती करनी होगी।

### ईरान मामले पर पुतिन और नेतन्याहू ने बात की

**रूसी राष्ट्रपति** व्लादिमिर पुतिन और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच फोन पर बात हुई। दोनों ने मिडिल ईस्ट और ईरान की स्थिति पर चर्चा की। क्रेमलिन की ओर से जारी बयान के मुताबिक, पुतिन ने नेतन्याहू को ईरान मामले में मध्यस्थता करने में मदद की पेशकश की। पुतिन ने नेतन्याहू से कहा कि वह क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक और राजनयिक प्रयासों को तेज करने के पक्ष में हैं।वह दोनों देशों के साथ मध्यस्थता और संवाद को बढ़ावा देने के प्रयासों को जारी रखने के लिए तैयार है। दोनों पक्ष आगे भी बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए। ईरान में 28 दिसम्बर से चल रहा प्रदर्शन अब 19वें दिन में पहुंच चुका है। देशभर में इंटरनेट सर्विस बंद है। अब तक 187 शहरों में 617 से ज्यादा प्रदर्शन दर्ज किए गए हैं। इन प्रदर्शनों के दौरान 18,470 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 2,615 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। नेतन्याहू ने 11 जनवरी को कहा था कि ईरान में मौजूदा सरकार गिरने के बाद इजराइल और ईरान फिर से अच्छे साझेदार बन सकते हैं। उन्होंने ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल लोगों को बहादुर और साहसी बताया और कहा कि इजराइल उनका समर्थन कर रहा है। ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच तनाव बढ़ता जा रही है। अमेरिका और ईरान ने एक-दूसरे पर हमले की धमकी दी है। अगर जंग हुई तो इजराइल भी इसमें शामिल होगा। जून 2025 में अमेरिका और इजराइल ने मिलकर हमला किया था। इजरा. इल ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम को कमजोर किया, फिर अमेरिकी ठ-2 बाम्बर्स ने परमाणु सुविधाओं पर हमला किया। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल ही में ट्रम्प से मुलाकात में राउंड 2 स्ट्राइक्स पर चर्चा की। इजराइल और ईरान पहले अच्छे दोस्त थे। 1950 और 1970 के दशक में दोनों देशों के बीच व्यापार और कूटनीति अच्छी थे। इजराइल ने ईरान को खेती, तकनीक और सुरक्षा में मदद दी। दोनों देश एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करते थे। इजराइल की स्थापना 1948 में हुई थी। तुर्की के बाद ईरान ऐसा दूसरा मुस्लिम देश था, जिसने इजराइल को मान्यता दी थी, लेकिन 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति के बाद यह दोस्ती खत्म हो गई और दोनों देशों के बीच झगड़े शुरू हो गए। (सा.)

# उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और एक नया आधार वर्ष

इससे पहले कि खुदरा मुद्रा स्फीति को एक नए आधार वर्ष और नए भारों के साथ अद्यतन द्धअपडेटऋ किया जाए, इसका दिसम्बर 2025 का आंकड़ा आधार वर्ष 2012 वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्धसीपीआईऋ की मौजूदा श्रृंखला की आखिरी किस्त है। इस साल का सीपीआई का आंकड़ा एक ऐसे डेटासेट पर निर्भर रहने की समस्याओं को उजागर करने में खास तौर पर उपयोगी रहा है जिसे एक दशक से ज्यादा वक्त से अद्यतन (अपडेट) नहीं किया गया है। दिसम्बर 2025 में मुद्रा स्फीति की दर 1.33 फीसदी थी। यह तथ्य कि यह तीन महीने का सबसे ऊंचा स्तर था, सिर्फ एक सांख्यिकीय बात है क्योंकि मौजूदा श्रृंखला शुरू होने के बाद से यह तीसरा सबसे निचला स्तर भी था। कुल मिलाकर, अप्रैल-दिसम्बर 2025 की अवधि में मुद्रा स्फीति औसतन 1.7 फीसदी रही, जोकि 2024 की इसी अवधि के 4.9 फीसदी के औसत से काफी कम है। लेकिन ऐसा महसूस नहीं होता।





किस्से-कहानियों वाले सबूत और पक्के आंकड़ों से पता चलता है कि लोग असल में आधिकारिक आंकड़ों में दर्शायी गई मुद्रा स्फीति से कहीं ज्यादा महंगाई का सामना कर रहे हैं। मसलन, इस साल के जीडीपी में वृद्धि के सरकार के अपने अग्रिम अनुमानों से पता चलता है कि उसे निजी उपभोग पिछले साल के मुक. ाबले धीमी रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है। अगर महंगाई सच में उतनी ही कम हो गई होती, जितना कि सरकारी आंकड़े बता रहे हैं तो निश्चित रूप से उपभोग बढ़ जाना चाहिए था। भारतीय रिजर्व बैंक के दिसम्बर के मुद्रास्फीति अपेक्षा सर्वेक्षण के ताजा संस्करण के मुता. बिक, आम घरों में लोगों को महंगाई 6.6 फीसदी रहने का भान हुआ है - जो आधिकारिक 1.33 फीसदी से बहुत ज्यादा है - और उन्हें लगा कि यह तीन महीनों में बढ़कर 7.6 फीसदी और एक साल में 8 फीसदी हो जाएगी। साफ तौर पर ऐसा लग रहा है कि कीमतें न सिर्फ बढ़ रही हैं, बल्कि वे तेजी से बढ़ रही हैं। इस बात को समझने में नाकाम रहने की वजह से ही सरकारी आंकड़े नीति बनाने वालों को निराश करते हैं। मुद्रा स्फीति के किसी भी आंकड़े के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि एक ही आंकड़े से देश भर में कीमतों में होने वाले अलग-अलग बदलावों को दिखाने की उम्मीद की जाती है। मुद्रा स्फीति का राष्ट्रीय आंकड़ा कश्मीर के जिलों से लेकर केरल के गांवों तक और इनके बीच की सभी जगहों के शहरी और ग्रामीण, दोनों ही इलाकों में कीमतों के स्तर और उतार-चढ़ाव को मिलाकर बनाया जाता है। स्वाभाविक रूप से इस प्रक्रिया में बारीकियां छुट जाएंगी। इसके अलावा, यूं तो भारत जैसे विविधता भरे देश में राष्ट्रीय आंकड़े इकटठा करने में यह एक स्वाभाविक खतरा है, लेकिन सीपीआई का पुराना स्वरूप मामले को और भी खराब बना देता है। सूचकांक में दर्ज अलग-अलग उप-क्षेत्रों के भार 2012 के उपभोग पैटर्न पर आधारित थे। खासकर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली कई तरह की सब्सिडियों की वजह से, अब लोग बहुत अलग तरह से उपभोग कर रहे हैं। अच्छी बात यह है कि 12 फरवरी को सरकार सीपीआई की नई श्रृंखला के आधार पर जनवरी के मुद्रा स्फीति के आंकड़े जारी करेगी। इस श्रृंखला में आधार वर्ष को अद्यतन द्धअपडेटऋ करके 2024 कर दिया जाएगा और इसमें घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2023-24 के आधार पर नए भार शामिल किए जाएंगे। यह एक ऐसा सुधार है जिसकी बेहद जरूरत थी। (सा.)

## एफडीआई से बढ़ सकती है विदेशी निवेश की लिमिट

**भारत** अपने डिफेंस सेक्टर में विदेशी निवेश बढ़ाने के लिए नियम आसान कर सकता है और विद. ेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई; की लिमिट बढ़ा सकता है। सरकारी सूत्रों के हवाले से रायटर्स ने बताया कि भारत विदेशी कंपनियों के लिए रक्षा क्षेत्र की कंपनियों में निवेश करना काफी आसान बनाने की योजना बना रहा है।

यह कदम पिछले साल पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के बाद देश में घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की कोशिशों का हिस्सा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिन रक्षा कंपनियों के पास पहले से लाइसेंस हैं, उनमें बिना सरकारी मंजूरी के होने वाले आटोमैटिक रूट के तहत एफडीआई की सीमा 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत की जा सकती है। फिलहाल, आटोमैटिक रूट के तहत विदेशी निवेशक केवल उन्हीं भारतीय रक्षा कंपनियों में 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी ले सकते हैं, जो नए लाइसेंस के लिए आवेदन कर रही हों। सरकार इस शर्त को हटाने पर भी चर्चा कर रही है, जिसमें कहा गया है कि 74 प्रतिशत से ज्यादा विदेशी निवेश तभी मंजूर होगा जब उससे आधुनिक तकनीक तक पहुंच मिले। विशेषज्ञों का कहना है कि यह शर्त अस्पष्ट और साफ नहीं है। इन नियमों में ढील का मकसद भारत के रक्षा साझेदार देशों की कंपनियों को भारतीय उपक्रमों में बहुमत हिस्सेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन सुधारों को अगले कुछ महीनों में लागू किया जा सकता है। हालांकि, भारत के वाणिज्य और रक्षा मंत्रालय ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सूत्रों ने यह भी बताया कि सरकार उस शर्त को हटाने की तैयारी में है, जिसके तहत पूरी तरह निर्यात पर निर्भर रक्षा कंपनियों को देश में मेंटेनेंस और सपोर्ट सुविधाएं बनाना जरूरी था। रक्षा मंत्रालय के पूर्व अधिकारी अमित कौशिश के मुताबिक, इस शर्त के कारण कंपनियों को पहले मेंटेनेंस का आधार तैयार करना पड़ता था। अब निर्यात पर केंद्रित कंपनियां ये काम आउटसोर्स कर सकेंगी, जिससे उनके लिए विद. ेशी निवेश आकर्षित करना आसान होगा।



नई दिल्ली। भारत दौरे के दौरान जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी से हाथ मिलाते केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## यून-उनकी पत्नी की जांच के लिए विशेष अभियोजक विधेयक को मंजूरी

**सोल।** दक्षिण कोरिया की नेशनल असेंबली ने शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल और उनकी पत्नी किम कोन-ही के खिलाफ जांच जारी रखने के लिए एक नया व्यापक विशेष अभियोजक विधेयक पारित किया। दक्षिण कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार यह विधेयक सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया की ओर से पेश किए जाने के बाद नेशनल असेंबली के पूर्ण सत्र में पारित किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य उन अनसुलझे मुद्दों और नए उठे संदेहों पर विचार करना है जिनकी पिछले तीन विशेष अभियोजक टीमों ने ठीक से जांच नहीं की थी और जिनकी जांच अब समाप्त हो चुकी है।

## ऑस्ट्रेलिया की राजधानी में चार पाइप बम मिले

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया राजधानी क्षेत्र (एसीटी) पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि बेलकोनेन इलाके में चार और पाइप बम मिले हैं, जबकि इस हफ्ते की शुरुआत में 11 बम पहले ही मिल चुके थे। जासूसी विभाग के कार्यवाहक निरीक्षक अन्ना ब्रोन्स्की ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 11 उपकरण मिले हैं और कुछ को पहले ही निष्क्रिय कर दिया गया है। इस नई जानकारी के बाद कुल बरामद बमों की संख्या 15 हो गई है। एसीटी की पुलिस ने बुधवार को जनता के लिए एक सामुदायिक चेतावनी जारी की, जिसमें कहा गया कि मध्य कैनबरा से 10 किलो मीटर उत्तर-पश्चिम में बेलकोनेन के उपनगर में पाइप बम मिले हैं। यह अभी भी साफ नहीं है कि बम कितने समय से वहां पड़े थे। पुलिस जांच अभी भी जारी है।

# अमेरिकी राजदूत की ईरान को चेतावनी

## कहाः ट्रम्प बाते नहीं करते, एक्शन लेते हैं, ईरान का करारा जवाबः हमला किया, तो छोड़ेंगे नहीं

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक में अमेरिका नें ईरान को कड़ा संदेश दिया है। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि ईरान में विरोध प्रदर्शनों पर हो रही क्रूर दमनकारी कार्रवाई को रोकने के लिए सभी विकल्प खुले हैं।

उन्होंने ईरान के लोगों की बहादुरी की सराहना की और कहा कि ईरान के लोगों ने इतिहास में कभी भी इतने जोरदार तरीके से आजादी की मांग नहीं की। वाल्ट्ज ने कहा कि ट्रम्प एक्शन लेने वाले इंसान हैं, लंबी-लंबी बातें करने वाले नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के नेतृत्व को पता होना चाहिए कि अमेरिका इस नरसंहार को रोकने के लिए कोई



■ ईरान में विरोध प्रदर्शनों पर हो रही क्रूर दमनकारी कार्रवाई को रोकने के लिए सभी विकल्प खुले हैं

भी कदम उठा सकता है। 15 सदस्ईय सुरक्षा परिषद की इस बैठक में ईरान के उप-राजदूत ने जवाब दिया कि उनका देश टकराव नहीं चाहता, लेकिन अगर अमेरिका की ओर से कोई आक्रामक कदम उठाया गया तो ईरान जवाब देगा। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और उप स्थाई प्रतिनिधि गुलाम हुसैन दर्जी न्यूयार्क शहर, अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान बोलते हुए। यूएन में अमेरिका के प्रतिनिधि माइक वाल्ट्ज ने बैठक में ईरान सरकार की कार्रवाई की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट के कारण यह पता लगाना मुश्किल हो गया है कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर कितनी सख्ती की है। वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान सरकार का यह दावा कि हाल में हुए प्रदर्शनों के पीछे विदेशी ताकत हैं, यह दिखाता है कि ईरानी सरकार अपने ही लोगों से डर रही है। साथ ही सारा इल्जाम दूसरों के मत्थे मढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद में ईरान के साथ तनाव पर चर्चा के दौरान संयम बरतने का आग्रह किया। ट्रम्प ने कई बार ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों की हत्या जारी रही तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। ट्रम्प ने बताया कि हत्याएं अब कम हो रही हैं। व्हाइट हाउस ने भी पुष्टि की कि ट्रम्प के दबाव के बाद ईरान ने 800 लोगों की फांसी की योजना रोक दी है। संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव मार्था पोबी ने परिषद को बताया कि ये प्रदर्शन तेजी से फैले। इसमें काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, अब तक 3428 प्रदर्शनकारियों को मार डाला गया, जबकि 18000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### विश्व के प्रतिष्ठित पुरस्कार को लेकर छिड़ी जुबानी जंग

# मचाडो ने अपना नोबेल ट्रम्प को भेंट किया

## वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो ने मेरे कार्यों के लिए मुझे अपना नोबेल शांति पुरस्कार भेंट कियाः ट्रम्प

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन।** नोबेल शांति पुरस्कार (2025) से सम्मानित मारिया कोरिना मचाडो ने अपना प्रतिष्ठित पुरस्कार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भेंट किया। राष्ट्रपति ट्रम्प ने मचादो से मुलाकात के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो से मिलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात थी। वह एक अद्भुत महिला हैं जो बहुत कुछ झेल चुकी हैं। मारिया ने मेरे द्वारा किए गए कार्यों के लिए मुझे अपना नोबेल शांति पुरस्कार भेंट किया।

आपसी सम्मान का कितना अद्भुत भाव है। धन्यवाद मारिया! दूसरी ओर नोबेल समिति और नोबेल संस्थान ने आधिकारिक बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि एक बार नोबेल शांति पुरस्कार दिए जाने के बाद उसे हस्तांतरित, साझा या रद्द नहीं किया जा सकता है। नोबेल समिति ने उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दी जिनमें कहा गया था कि मारिया कोरिना मचाडो ने 15 जनवरी, को व्हाइट हाउस में अपनी मुलाकात के दौरान अपना पदक ट्रम्प को उपहार के रूप में सौंप दिया। समिति ने कहा कि एक बार नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद, इसे रद्द नहीं किया जा सकता, न ही साझा किया जा सकता है और न ही दूसरों को हस्तांतरित किया जा सकता है। यह निर्णय अंतिम है और हमेशा के लिए मान्य रहता है। नोबेल संस्थान के



एक प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि हालांकि एक व्यक्तिगत उपहार के रूप में पदक किसी और को दिया जा सकता है, लेकिन 'नोबेल शांति पुरस्कार विजेता' का आधिकारिक खिताब स्थाई रूप से मूल प्राप्तकर्ता के पास ही रहता है। यह पुरस्कार स्वयं में अपरिवर्तनीय है। मचाडो ने व्हाइट हाउस में एक निजी बैठक के दौरान अपना सोने का नोबेल पदक ट्रम्प को भेंट किया और इसे निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने में ट्रम्प की भूमिका के लिए वेनेजुएला के लोगों की ओर से आभार के रूप में प्रस्तुत किया। मचाडो ने पदक को एक फ्रेम में जड़वा रखा था। इस फेम के साथ उन्होंने एक छोटा सा पत्र भेंट किया, जिसपर लिखा था डोनाल्ड जे. ट्रम्प को आभार स्वरूप, शक्ति के माध्यम से शांति को बढ़ावा देने, कूटनीति को आगे बढ़ाने और स्वतंत्रता एवं समृद्धि की रक्षा करने में आपके असाधारण नेतृत्व के लिए। नोबेल पुरस्कार विजेता ने कहा कि यह पुरस्कार वेनेजुएला के लोगों की ओर से कृतज्ञता के व्यक्तिगत प्रतीक के रूप में भेंट किया किया गया है। यह स्वतंत्र वेनेजुएला सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प की निर्णायक कार्रवाई की मान्यता है। गौरतलब है कि ट्रम्प लंबे समय से इस पुरस्कार में रुचि रखते हैं। उन्होंने पुष्टि की कि वह इस पदक को अपने पास रखने का इरादा रखते हैं। नोबेल समिति ने इस प्रतीकात्मक आदान-प्रदान के बावजूद, इस बात पर जोर दिया कि ट्रम्प को आधिकारिक तौर पर नोबेल पुरस्कार विजेता के रूप में मान्यता नहीं दी गई है। नोबेल समिति ने अक्टूबर 2025 में मचाडो के लिए पुरस्कार की घोषणा करते समय कहा था कि उन्होंने मारिया कोरिना मचाडो को वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने में उनके अथक कार्य 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का निर्णय लिया है।

■ एक बार नोबेल शांति पुरस्कार दिए जाने के बाद हस्तांतरित, साझा या रद्द नहीं किया जा सकता-नोबेल समिति

## रूस ने की ईरान में दखलअंदाजी, उकसावे और बल प्रयोग की धमकियों की निंदा

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस ने ईरान के खिलाफ बाहरी दखल, हिंसा भड़काने और बल प्रयोग की धमकियों के सभी रूपों की निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र में रूस राजदूत वसीली नेबेंजिया ने कहा कि उनका देश ईरान के खिलाफ बाहरी दखल, हिंसा भड़काने और बल प्रयोग की धमकियों के सभी रूपों की निंदा करता है। उन्होंने ईरान की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका से अपने बढ़ते कदमों को रोकने खत्म करने का आग्रह किया और कहा कि हाल के दिनों में अमेरिकी नेतृत्व की 'बेहद खतरनाक और गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी' इतनी आगे बढ़ गई है कि वह खुले तौर पर ईरान के सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने और प्रदर्शनकारियों की मदद करने की धमकी दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान एक संप्रभु राष्ट्र की संवैधानिक व्यवस्था को हिंसक रूप से उखाड़ फेंकने के लिए उकसाने के अलावा और कुछ नहीं हैं। नेबेंजिया ने कहा कि ईरान में जो हो रहा है, वह रंग क्रांति के लिए आजमाए हुए तरीकों के इस्तेमाल का एक और उदाहरण है, जिसमें विशेष रूप से उकसाने वाले शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को बेमतलब की हिंसा में बदल देते हैं।

## भारत-जापान वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में सक्षमः जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा है कि भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी निरंतर प्रगति के पथ पर है और वैश्विक व्यवस्था को आकार देने तथा अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में जोखिम कम करने की अपार क्षमता रखती है। डा. जयशंकर ने शुक्रवार को यहां जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी के साथ 18वीं भारत-जापान रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता के बाद यह बात कही। दोनों देशों ने आर्थिक सहयोग, समुद्री सहयोग, आपूर्ति श्रृंखला, महत्वपूर्ण खनिज, प्रौद्योगिकी, लोगों के बीच परस्पर संपर्क तथा बहुपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा की। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रमों पर भी उपयोगी विचार-विमर्श किया। मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज नई दिल्ली में जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी के साथ 18वीं भारत-जापान रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता कर प्रसन्नता हुई। भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी निरंतर प्रगति के पथ पर है और वैश्विक व्यवस्था को आकार देने तथा अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में जोखिम कम करने की अपार क्षमता रखती है।

# गाजा योजना के दूसरे चरण की शुरुआत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा की निगरानी के लिए शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की है। यह घोषणा इजरायल और हमास के बीच दो साल के संघर्ष के पश्चात हुए संघर्ष विराम के कुछ महीने बाद की गई है।

गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी 20 सूत्री शांति योजना के दूसरे चरण के रूप में ट्रम्प ने संघर्ष विराम से अपना ध्यान हटाकर विसैन्यीकरण, तकनीकी शासन एवं पुनर्निर्माण पर केंद्रित किया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका ने आधिकारिक रूप से गाजा शांति योजना के अगले चरण में प्रवेश कर लिया है जिसका मुख्य कारण संघर्ष विराम के दौरान वितरित की गई मानवीय सहायता का रिकॉर्ड स्तर है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि संघर्ष विराम के बाद से लगातार मेरी टीम ने गाजा में रिकॉर्ड स्तर की मानवीय सहायता पहुंचाने में मदद की है जिससे ऐतिहासिक गति से बड़ी संख्या में नागरिकों तक सहायता पहुंची है। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र ने भी इसे अभूतपूर्व उपलब्धि बताया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि मुझे घोषणा करते हुए अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है कि शांति बोर्ड का गठन हो चुका है। बोर्ड के सदस्यों की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी लेकिन मैं विश्वासपूर्वक कह सकता हूं कि यह अब तक किसी भी समय, किसी भी स्थान पर गठित किया गया सबसे महान एवं प्रतिष्ठित बोर्ड है। ट्रम्प ने विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए घोषणा किया कि हमने आधिकारिक रूप से गाजा की 20 सूत्री शांति योजना के अगले चरण में प्रवेश कर लिया है। राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट में लिखा कि शांति बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में, मैं बोर्ड के उच्च प्रतिनिधि द्वारा समर्थित नवगठित फलस्तीनी तकनीकी सरकार, नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा का समर्थन करता हूं ताकि गाजा में सत्ता हस्तांतरण काल के दौरान उसका शासन संभाला जा सके। फिलिस्तीनी नेता शांतिपूर्ण भविष्य के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं! ट्रम्प ने कहा कि मिस्र, तुर्की और कतर के समर्थन से अमेरिका हमास के साथ एक व्यापक विसैन्यीकरण समझौता सुरक्षित करेगा जिसमें सभी हथियारों का आत्मसमर्पण और सभी सुरंगों को नष्ट करना शामिल है।

■ ट्रम्प ने शांति बोर्ड की घोषणा की

# बांग्लादेश में नहीं थम रहे अल्पसंख्यकों पर हमले

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाएं नहीं थम रही हैं और कट्टरपंथी खुलेआम हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामले में एक हिंदू शिक्षक के घर में आग लगा दी गई। घटना बांग्लादेश के सिलहट जिले के गोवाइनघाट इलाके की है। जहां शिक्षक बिरेंद्र कुमार के घर को आग के हवाले कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

हालांकि गनीमत रही की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के बाद पीड़ित परिवार और स्थानीय हिंदू समुदाय बेहद डरा हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि आग लगने पर शिक्षका परिवार बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है। अभी तक साफ नहीं हो सका है कि आग किसने लगाई और क्यों लगाई? मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कट्टरपंथियों ने ही हिंदू शिक्षक के घर आग लगाई। हिंदू अल्पसंख्यकों के घरों में आगजनी की यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि बीते पांच दिनों में ऐसी छह घटनाएं हो चुकी हैं, जहां हिंदुओं के घरों को आग लगा दी गई। बीते दिसम्बर माह में भी चटगांव में कट्टरपंथियों ने घरों के दरवाजे बाहर से बंद करके दो हिंदू परिवारों के घरों में आग लगा दी। इस घटना में दोनों परिवारों के लोग बाल-बाल बचे थे।

■ सिलहट में हिंदू शिक्षक के घर में लगाई आग, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ

## भारत और इजरायल के बीच मछली पालन और जलीय कृषि सहयोग को मिली नई मजबूती

**नई दिल्ली।** भारत और इजरायल ने मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत बनाने का फैसला किया है। इजरायल की यात्रा पर गए केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्री राजीव रंजन सिंह ने भारत और इज़रायल के बीच मत्स्य पालन और जलीय कृषि सहयोग पर एक संयुक्त मंत्रिस्तरीय आशय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करके आपसी संबंध को नयी दिशा प्रदान की। इजरायल से सहयोग का यह घोषणापत्र प्रौद्योगिकी, टिकाऊ पद्धतियों, क्षमता निर्माण और व्यापार में सहयोग की पुष्टि करता है और दोनों देशों के बीच संयुक्त उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की नींव रखता है।

# अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के टूटने का खतरा

## सुप्रीम लीडर अखुंदजादा और गृहमंत्री हक्कानी के गुट भिड़े, इंटरनेट बैन ने खोल दी अंदरूनी कलह

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान के भीतर हालात ठीक नहीं हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि सरकार ढहने का खतरा मंडरा रहा है। संगठन के अंदर सत्ता को लेकर खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में एक वायरल आडियो क्लिप से इसका खुलासा हुआ।

हालांकि इसकी फिक्स डेट सामने नहीं आई। एक धड़े का नेतृत्व तालिबान के सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा कर रहे हैं, जबकि दूसरा धड़ा गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी का है। दोनों गुटों की सोच और सत्ता के इस्तेमाल को लेकर मतभेद अब संगठन की एकता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। गौरतलब है कि तालिबान ने अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद राजधानी काबुल पर कब्जा कर लिया था। तब से सत्ता पर पूरी पकड़ के दावों के बीच,



■ दोनों गुटों की सोच और सत्ता के इस्तेमाल को लेकर मतभेद अब संगठन की एकता पर सवाल खड़े कर रहे हैं

अब सामने आ रहे संकेत बताते हैं कि तालिबान के भीतर की दरारें गहरी होती जा रही हैं। बीबीसी के मुताबिक सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा भाषण में कहते हैं कि सरकार के अंदर ही लोग आपस में टकरा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ए अंदरूनी मतभेद बढ़ते रहे, तो इस्लामिक अमीरात (तालिबान सरकार) ढह जाएगा और खत्म हो जाएगा। अखुंदजादा ने यह भाषण जनवरी 2025 में दक्षिणी शहर कंधार के एक मदरसे में तालिबान लड़ाकों के सामने दिया था। इस भाषण ने उन अफवाहों को और हवा दी, जो कई महीनों से चल रही थीं कि तालिबान की टाप लीडरशिप में गंभीर मतभेद हैं। तालिबान हमेशा इन मतभेदों से इनकार करता रहा है, यहां तक कि बीबीसी के सीधे सवालों के जवाब में भी। हालांकि इन्हीं अफवाहों के बाद बीबीसी ने एक साल तक जांच की। इस दौरान 100 से ज्यादा मौजूदा और पूर्व तालिबान सदस्यों, लोकल लोगों, एक्सपर्ट्स और पूर्व डिप्लोमैट्स से बात की। सुरक्षा कारणों से बीबीसी ने इन लोगों की पहचान उजागर नहीं की। बीबीसी की जांच में पहली बार साफ तौर पर सामने आया कि तालिबान के सबसे ऊपर दो अलग-अलग गुट हैं, जिनके पास अफगानिस्तान के लिए दो अलग सोच है। पहला गुट पूरी तरह अखुंदजादा के लिए वफादार है। यह गुट कंधार से काम करता है और दुनिया से अलग-थलग रहकर अफगानिस्तान को एक सख्त इस्लामिक अमीरात बनाना चाहता है। दूसरा गुट राजधानी काबुल में बैठा है। सिराजुद्दीन हक्कानी का यह गुट भी इस्लाम की सख्त व्याख्या मानता है, लेकिन चाहता है कि अफगानिस्तान दुनिया से जुड़े, अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करे और लड़कियों व महिलाओं को कम से कम शिक्षा का अधिकार मिले, जो इस समय प्राथमिक स्तर के बाद रोक दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक सितम्बर के अंत में एक ऐसा फैसला हुआ, जिसकी वजह से यह खींचतान और खुलकर नजर आने लगी।

# नीदरलैंड से मां को ढूंढने भारत आए मेयर

## कहाः कर्ण को कुंती से मिलने का अधिकार, 41 साल पहले मां ने शेल्टर होम में छोड़ा था

**एम्स्टर्डम।** नागपुर में साल 1985 में एक अविवाहित मां ने अपने 3 दिन के बच्चे को एक शेल्टर होम में छोड़ दिया था। एक महीने बाद नीदरलैंड से भारत घूमने आए एक कपल ने उसे गोद ले लिया और अपने साथ ले गए। इस घटना को 41 साल बीत चुके हैं। वह बच्चा अब नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम के पास एक शहर हीमस्टेड का मेयर बन गया है।

हीमस्टेड के मेयर फाल्गुन बिन्नेन्डिज्क अब अपनी मां को ढूंढना चाहते हैं। वे आखिरी बार दिसम्बर 2025 में भारत आए थे। ये जानकारी अब सामने आई है। फाल्गुन का कहना है-मैंने महाभारत पढ़ी है और मुझे लगता है कि हर कर्ण को कुंती से मिलने का अधिकार है। मैं अपनी मां से सिर्फ एक बार मिलना चाहता हूं और बताना चाहता हूं कि मुझे बड़े प्यार से बड़ा किया गया है। फाल्गुन



■ मैं अपनी मां से सिर्फ एक बार मिलना चाहता हूं और बताना चाहता हूं कि मुझे बड़े प्यार से बड़ा किया गया: फाल्गुन

अपनी पत्नी के साथ कई बार भारत आ चुके हैं। उनका कहना है कि उन्हें भारतीय संस्कृति और खान-पान से लगाव है। फाल्गुन का जन्म 10 फरवरी, 1985 में हुआ। उनकी मां उन्हें नागपुर के 'मातृ सेवा संघ' नाम के एक शेल्टर होम में छोड़ गई थीं, जहां वे करीब एक महीने तक रहे। शेल्टर होम की नर्स ने उन्हें फाल्गुन नाम दिया। हिंदू कैलेंडर के मुताबिक, फाल्गुन महीने में ही बच्चे का जन्म हुआ था। फाल्गुन 2025 में तीन बार भारत आए। उन्हें एक अधिकारी की मदद से शेल्टर होम की उस नर्स का पता चला, जो फाल्गुन के जन्म के समय वहां काम करती थीं। वे अब रिटायर हो चुकी हैं। फाल्गुन अगस्त 2025 में नागपुर आए थे। नागपुर कलेक्टर विपिन इटांकर की मदद से वे उस नर्स के घर भी गए, जहां उन्हें पता चला कि उनका नाम नर्स ने ही रखा था। नर्स से मिलकर फाल्गुन ने कहा कि मैं उनसे मिलकर बहुत खुश हुआ। उस महिला से मिलना एक कभी न भूलने वाला अनुभव था, जिसने मुझे मेरी पहचान दी। नागपुर नगर पालिका आयुक्त अभिजीत चौधरी ने फाल्गुन के जन्म से जुड़े दस्तावेज ढूंढने में मदद की। दस्तावेजों में ए जानकारी सामने आई कि फाल्गुन की मां एक 21 साल की अविवाहिता थीं, जो समाज के डर से उनका पालन-पोषण नहीं कर सकती थीं। इसलिए उन्हें शेल्टर होम में छोड़ गईं। दस्तावेजों में फाल्गुन और उनकी मां का नाम दर्ज है। हालांकि फाल्गुन ने उनकी मां का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। मातृ सेवा संघ अनाथ बच्चों और पीड़ित महिलाओं के लिए बनाया गया एक शेल्टर होम है। शेल्टर होम के अधिकारियों के मुताबिक यहां अक्सर अविवाहित माताएं अपने नवजात बच्चों को छोड़ जाती हैं। फाल्गुन नीदरलैंड में डच दंपत्ति के घर पले-बढ़े। उन्होंने छोटी उम्र में ही ये बात जान ली थी कि उनकी जड़ें भारत में है।



